ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • रांची • आषाढ़ कृष्ण पक्ष 10 • विक्रम संवत 2080 • मंगलवार, 13 जून 2023 • वर्ष-24 • अंक- 130 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

अनुप्रिया ने 'असुर 2' की सफलता का श्रेय...

पेज 12 पर



# पहली बार पटना से रांची पहुंची वंदे भारत एक्सप्रेस, हुआ जोरदार स्वागत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पटना से रांची के लिए चलने वाली सेमी हाई स्पीड ट्रेन वंदे भारत एक्सप्रेस सोमवार सुबह रवाना हुई और करीब 12.48 बजे रांची रेलवे स्टेशन पहुंची। हालांकि ट्रेन में यात्री सवार नहीं थे, यह केवल ट्रायल रन था। यह ट्रेन पटना जंक्शन से सुबह 6:55 बजे के करीब खुली थी। पटना से रांची के बीच छह स्टेशनों पर इसका ठहराव हुआ। जहानाबाद, गया, कोडरमा, बरकाकाना, हजारीबाग, मेसरा में इस ट्रेन का ठहराव दिया गया था।

हालांकि, शुरूआत में गया और बरकाकाना जंक्शन पर ही केवल ठहराव का समय निर्धारित किया गया था, लेकिन शेष चार स्टेशनों पर भी इसका ठहराव कुछ देर के लिए हुआ। रेलवे की ओर से जारी ट्रायल के समय सारणी के मुताबिक पटना जंक्शन से



यह सुबह 6.55 खुलकर 8.20 बजे गया पहुंची। गया में इसका दस मिनट के करीब ठहराव हुआ। सुबह 8.30 बजे गया से खुलकर यह ट्रेन दोपहर 11.30 बजे तक बरकाकाना पहुंची। रांची में यह ट्रेन दोपहर 12 बजकर 48 मिनट पर पहुंची। रांची से पटना जाने के क्रम में यह ट्रेन दोपहर दो बजकर 20 मिनट पर रांची से खुलेगी। रात आठ बजकर 25 मिनट पर पटना पहुंचेगी।

पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी वीरेंद्र कुमार ने बताया था कि वंदे भारत ट्रेन के ट्रायल की तारीख तय कर दी गयी है। 12 जून को ट्रेन पटना जंक्शन से रवाना होगी। ट्रायल सफल होने के बाद इसे यात्रियों के लिए भी शुरू कर दी जायेगी।

इसके पूर्व वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन हजारीबाग टाउन स्टेशन पर सुबह 10 बजकर 21 मिनट पर पहुंची। ट्रेन पहुंचने के साथ ही भारत माता की जय और नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद के नारे से रेलवे स्टेशन गूंज उठा। दो मिनट के स्टॉपेज के बाद ट्रेन आगे के लिए निकल गयी। लेकिन वंदे भारत के प्रति हजारीबाग के लोगों की दीवानगी देखते ही बनी। इस दौरान कोई सेल्फी ले रहा था, तो कोई ट्रेन को चूम रहा था। महिला, पुरुष और बच्चे समाज के हर तबके ने वंदे भारत ट्रेन का दिल खोलकर स्वागत किया। आम जनता से लेकर राजनेता, समाजसेवी सभी में खासा उत्साह दिखा।

### पटना से रांची तक का सफर करीब छह घंटे में होगा पूरा

**वंदे** भारत एक्सप्रेस ट्रेन से पटना और रांची के बीच सफर का समय कम हो जायेगा। अब कम समय में पटना से रांची तक की यात्रा की जा सकती है। वंदे भारत ट्रेन से इस दूरी को तय करने में सिर्फ छह घंटे पांच मिनट का समय लगेगा। अभी इन दोनों स्टेशनों के बीच सफर के समय की बात करें, तो अभी इस दूरी को तय करने में नौ घंटे का वक्त लगता है। इस वक्त पटना से रांची के बीच सफर में जन शताब्दी एक्सप्रेस से सबसे कम समय लगता है। इस ट्रेन से सात घंटे लगते हैं।

### वंदे भारत ट्रेन में होंगी आठ बोगियां

पटना-रांची वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन में आठ बोगियां होंगी। सभी बोगियों में एसी चेयरकार की सुविधा है। हर कोच चार आपातकालीन पुश बटन के साथ जीपीएस आधारित सूचना प्रणाली से युक्त होगा। उल्लेखनीय है कि झारखंड स्टेट स्टूडेंट्स यूनियन के झारखंड बंद को देखते हुए रेलवे ने पटना-रांची वंदे भारत ट्रेन के ट्रायल रन को रि-शेड्यूल किया है। पहले ट्रायल 11 जून को होना था। लेकिन बंद को देखते हुए 12 जून किया गया।

## NEWS इन ब्रीफ

### पलामू में दुकानदार की गोली मारकर हत्या

**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज बाजार में फास्टफूड दुकानदार छोटू उर्फ ननकू की रविवार रात करीब 12 बजे गोली मार दी गई। आनन-फानन में घायल दुकानदार को इलाज के लिए एमएमसीएच मेदिनीनगर में भर्ती कराया गया था, जहां उसकी मौत हो गयी। जानकारी के मुताबिक छोटू उर्फ ननकू लेस्लीगंज बाजार में अपनी दुकान लगाता था। रविवार रात जब वह दुकान बंद कर वहीं सो रहा था तो इस दौरान अपराधियों ने उसे गोली मार दी, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है।

### गुमला में बुजुर्ग दंपती की हत्या में 11 दोषियों को उम्रकैद

**गुमला।** एडीजे वन दुर्गेश चंद्र अवस्थी की अदालत ने सोमवार को पूसो थाना क्षेत्र के अरको महुआ टोली गांव में डायन बिसाही को लेकर वृद्ध दंपति विगनी देवी और सहदेव उरांव की हत्या मामले में 11 दोषियों को आजीवन कारावास की सजा सुनायी है। सजा पाने वालों में अरको महुआटोली पुसो गांव निवासी फुलचंद उरांव, बुद्धेश्वर नउरांव, महेश उरांव, सुरेश उरांव, सुखराम उरांव, सुमित उरांव, परमेश्वर उरांव, फूलमनी देवी, सीता देवी, रामचंद्र महतो और लाला उरांव शामिल हैं। सभी को आईपीसी की धारा 302/34 में आजीवन कारावास की सजा व 25-25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। जुर्माना की राशि नहीं देने पर एक साल अतिरिक्त सजा का प्रावधान किया गया है।

### सिविल सेवा परीक्षा (प्री)के परिणाम घोषित, 14,624 अभ्यर्थी उत्तीर्ण

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) द्वारा सोमवार को घोषित सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा, 2023 के परिणामों में 14,600 से अधिक अभ्यर्थियों ने सफलता प्राप्त की है। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2023 का आयोजन गत 28 मई को किया गया था। सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2023 के सफल उम्मीदवारों के क्रमांक, पंजीकरण संख्या और नाम की सूची यूपीएससी की वेबसाइट पर डाली गयी है जिसके अनुसार 14,624 उम्मीदवार प्रारंभिक परीक्षा में उत्तीर्ण हुए हैं। यूपीएससी ने एक विज्ञप्ति में कहा, इन उम्मीदवारों की उम्मीदवारी अनंतिम है। परीक्षा की नियमावली के अनुसार, इन सभी उम्मीदवारों को सिविल सेवा (प्रधान) परीक्षा, 2023 के लिए विस्तृत आवेदन प्रपत्र-आई (डीएएफ - आई) में पुनः आवेदन करना है। डीएएफ-आई को भरने और जमा करने की तारीखों और इससे संबंधित महत्वपूर्ण अनुदेशों की घोषणा, आयोग की वेबसाइट के माध्यम से यथासमय की जाएगी।

राज्यपाल ने राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपतियों के साथ की समीक्षा बैठक

# कार्ययोजना बनाकर काम करें : राज्यपाल

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राज्यपाल सह कुलाधिपति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि विश्वविद्यालयों को विजन, मिशन और लक्ष्य के साथ कार्य करना चाहिए। सिर्फ डिग्री प्रदान करने से कुछ नहीं होगा, विश्वविद्यालयों को विद्यार्थियों के बेहतर भविष्य के निर्माण के लिए सोचना होगा। विद्यार्थियों को अध्ययन के बाद कैसे रोजगार प्राप्त हो, इस दिशा में कार्य करना होगा। विश्वविद्यालयों के पास सही कार्ययोजना होना चाहिए। हमें वक्त की मांग को समझना चाहिये।




राज्यपाल सोमवार को राज भवन में राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति-कुलसचिव के साथ विश्वविद्यालयों शैक्षणिक और प्रशासनिक गतिविधियों की समीक्षा कर रहे थे।

राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय को व्यवहारिक रूप से प्रगति करने की दिशा में प्रयास करना चाहिए। उन्हें बेहतर पाठ्यक्रम को अपनाना चाहिएए साथ ही रोजगारपरक पाठ्यक्रम को प्रोत्साहित करना चाहिए। उन्होंने कमजोर विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रयास करने की दिशा में ध्यान देने के लिए कहा। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय एक नये मिशन के साथ कार्य करें। विश्वविद्यालयों में जीरो भ्रष्टाचार, जीरो ड्रग्स एवं जीरो रिकोमेंडेशन होना चाहिए। उनका प्रदर्शन उत्कृष्ट होना चाहिये। उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन और सुधार करने वाले विश्वविद्यालयों को पुरस्कृत करने की भी बात कही। उन्होंने कहा कि शिक्षण संस्थानों में अनुशासन का वातावरण होना चाहिए।

राज्यपाल ने कहा कि शिक्षा सामाजिक परिवर्तन का सशक्त माध्यम है। सभी विश्वविद्यालयों को बेहतर मानक को अपनाना चाहिये। विद्यार्थियों को व्यवहारिक ज्ञान होना चाहिए तथा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# सरकार ने हाईकोर्ट को बताया-प्रिजन एक्ट के तहत ही बनेगा जेल मैनुअल



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने सोमवार को झारखंड के जेल में सिस्टम में सुधार को लेकर कोर्ट के स्वतः संज्ञान की सुनवाई की। मामले में राज्य सरकार की ओर से शपथ पत्र दाखिल किया गया। महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि मॉडल जेल मैनुअल का ड्राफ्ट तैयार है लेकिन नया मॉडल प्रिजन एक्ट भारत सरकार ने लाया है। इसलिए पुराने प्रिजन एक्ट में बदलाव लाया जाएगा। प्रिजन एक्ट के तहत ही जेल मैनुअल बनता है। पुराने प्रिजन एक्ट में बदलाव कर रहे हैं, इसलिए ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) मामले में स्कूल प्रबंधकों की ओर से बहस पूरी

**हाईकोर्ट** के चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यों की पीठ में सोमवार को झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) मामले की सुनवाई हुई। प्रतिवादी स्कूल प्रबंधकों की ओर से बहस पूरी हो गई। कोर्ट ने सुनवाई के लिए 21 जून की अगली तिथि निर्धारित की है। झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण (जेट) के आदेश के खिलाफ हाईकोर्ट की डबल बेंच में अपील दायर हो सकती है या नहीं, इस विषय को लेकर दाखिल विभिन्न याचिका की आंशिक सुनवाई हाई कोर्ट की वृहत बेंच में हुई। मामले में कोर्ट ने सुनवाई के लिए 21 जून की अगली तिथि निर्धारित की है। पिछली सुनवाई में मामले में प्रतिवादी स्कूल प्रबंधकों की ओर से बहस पूरी हो गई। इससे पहले छह अप्रैल को सभी अपीलार्थियों की ओर से बहस पूरी हो गई थी। सुप्रीम कोर्ट के दो जजों ने इस मामले में विभाजित फैसला दिया है, जिसमें एक में कहा गया है कि जेट के आदेश के खिलाफ हाई कोर्ट की डबल बेंच में अपील होगी, तो दूसरे में कहा गया है कि अपील नहीं हो सकती है। इस पर डिटेल जजमेंट कोर्ट में अगली सुनवाई में सभी पक्षों को प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। इस मामले को लेकर विद्या भारती चिन्मया विद्यालय, मनोरंजन प्रसाद सिन्हा, उपेंद्र कुमार पांडे, कृष्ण कुमार झा की ओर से हाईकोर्ट में याचिका दाखिल की गई है।

# धोनी के अदालत की अवमानना मामले की सुनवाई गुरुवार को

**एजेंसी। चेन्नई**

मद्रास उच्च न्यायालय भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी द्वारा तमिलनाडु कैडर के आईपीएस अधिकारी संपत कुमार के खिलाफ दायर अदालत की अवमानना मामले की गुरुवार को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति एम. सुंदर और के. गोविंदराजन थिलकावड़ी ने सोमवार को धोनी का प्रतिनिधित्व करने वाले वरिष्ठ वकील पी.आर. रमन और आईएएस अधिकारी के वकील पेरुम्बलाविल राधाकृष्णन से कहा कि आम तौर पर अदालत हर गुरुवार को अदालत की अवमानना मामले की सुनवाई करती है और



इसलिए इस मामले की सुनवाई भी 15 जून गुरुवार को होगी। धोनी ने आईपीएल सट्टेबाजी घोटाले में उनका नाम लेने के लिए आईपीएस अधिकारी के खिलाफ 100 करोड़ रुपये के मानहानि का मुकदमे दायर किया था। चेन्नई सुपर किंग्स के कप्तान ने इसके जवाब में आईपीएस ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

# लैंड स्कैम : छवि रंजन समेत दस पर चार्जशीट, 74 करोड़ की संपत्ति जब्त

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

रांची में जमीन घोटाले में ईडी ने पहली चार्जशीट दायर कर दी है। ईडी ने चार्जशीट में जमीन लूट में शामिल आरोपियों को पद पर रहते हुए लाभ पहुंचाने के मामले में तत्कालीन डीसी छवि रंजन को भी आरोपित किया है। वहीं कोलकाता के कारोबारी अमित अग्रवाल, दिलीप घोष, सेना जमीन के फर्जी मालिक प्रदीप बागची, कोलकाता व रांची में फर्जी कागजात बनाने वाले रिम्स कर्मी अफसर अली, अफसर के सहयोगी सद्दाम हुसैन, इम्तियाज अहमद, तहला खान, फैयाज खान, बड़गाईं अंचल का राजस्व उपनिरीक्षक भानू प्रताप प्रसाद, के खिलाफ भी चार्जशीट की गई है। सेना की 4.55 एकड़ जमीन खरीदने वाली कंपनी जगतबंधु टी एस्टेट, अमित अग्रवाल के परिवार की कंपनी राजेश ऑटो मर्चेंटाइज के खिलाफ भी चार्जशीट दायर की गई है। ईडी ने रांची जमीन घोटाले में सेना के कब्जे में रही बरियातू की 4.55 एकड़ जमीन बौर बजारा की 7.16 एकड़ जमीन को जब्त कर लिया है। बरियातू की जमीन जिसे जगतबंधु टी एस्टेट ने खरीदा था, इसका बाजार मूल्य ईडी ने 41.51 करोड़ आंका है। वहीं बजरा की जमीन जिसे फर्जी मालिक विनोद सिंह ने श्याम सिंह और रवि सिंह भाटिया को बेचा था, इसकी बाजार मूल्य 32.87 करोड़ आंका गया है। ईडी ने जब्ती आदेश में लिखा है कि कुल 74.39 करोड़ की जमीन की डील जमीन माफियाओं ने ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### अमित और दिलीप की रिमांड अवधि पूरी, भेजे गए जेल

बरियातू रोड स्थित सेना के जमीन घोटाले मामले में कोलकाता के व्यवसायी अमित अग्रवाल और दिलीप घोष की रिमांड अवधि पूरी होने के बाद ईडी ने सोमवार को अदालत में पेश किया। ईडी के विशेष न्यायाधीश दिनेश राय की अदालत ने दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार भेजने का आदेश दिया।

# उच्च न्यायालय ने राहुल को पेशी से अंतरिम राहत दो अगस्त तक बढ़ाई



**मुंबई।** बंबई उच्च न्यायालय ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी को पीएम के खिलाफ 2018 की कथित अपमानजनक टिप्पणी पर मानहानि की एक शिकायत के सिलसिले में एक स्थानीय अदालत के समक्ष व्यक्तिगत रूप से पेश होने से मिली अंतरिम राहत की अवधि सोमवार को दो अगस्त तक बढ़ा दी। भाजपा का कार्यकर्ता होने का दावा करने वाले शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया था कि राफेल लड़ाकू विमान सौदे के संदर्भ में गांधी की 'कमांडर-इन-थीफ' (चोरों के सरदार) संबंधी टिप्पणी मानहानि के समान है। न्यायमूर्ति एस. वी. कोतवाल ने शिकायतकर्ता के वकील की ओर से और समय मांगे जाने के बाद निचली अदालत द्वारा 2021 में गांधी को जारी समन को चुनौती देने वाली उनकी याचिका पर सुनवाई स्थगित कर दी।

## सर्वोच्च न्यायालय से पांच वर्ष में 28 जज हुए रिटायर

# सेवानिवृत्ति के बाद हो रही बड़े पदों पर नियुक्ति

### इनमें से 21 प्रतिशत ने संवैधानिक या अन्य नियुक्ति ली

**आरएनएम। नई दिल्ली**

इन दिनों सर्वोच्च न्यायालय के जजों का सेवानिवृत्ति के बाद सरकारी पद लेने की चर्चा कानूनविदों, राजनीतिकों व अफसरशाही में जोरों पर है। पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई व सेवानिवृत जस्टिस एस अब्दुल नजीर को लेकर यह और भी गर्म है। माना जा रहा है कि इन दोनों को सेवानिवृत्ति के बाद सरकारी पद नहीं लेना चाहिए था। लेकिन इस सूची में कई और भी सेवानिवृत जस्टिस शामिल हैं। क्योंकि सर्वोच्च न्यायालय से बीते पांच वर्ष में 28 जज सेवानिवृत हुए। जिनमें से 21 प्रतिशत ने कोई न कोई संवैधानिक या दूसरी कोई नियुक्ति लेने में देर नहीं लगाई। लेकिन सबसे ज्यादा चर्चा में रहे रंजन गोगोई और अब्दुल नजीर। क्योंकि सेवानिवृत से पहले दोनों ही उस महत्वपूर्ण बेंच में थे जिसने अयोध्या मामले पर ऐतिहासिक फैसला सुनाया था।



सेवानिवृति के दिन ही जस्टिस गोयल बन गए एनजीटी के अध्यक्ष

जस्टिस आदर्श कुमार गोयल सर्वोच्च न्यायालय से 6 जुलाई 2018 को सेवानिवृत हुए। उसी दिन उन्हें नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल का अध्यक्ष बना दिया गया। एनजीटी पर्यावरण से जुड़े मुद्दों पर सुनवाई करके फैसले लेता है। ज्यूडिशियल सिस्टम में सुप्रीम कोर्ट के बाद एनजीटी को सबसे ज्यादा ताकतवर माना जाता है। दूसरे जजों की बात की जाए तो जस्टिस अरुण मिश्रा 2 सितंबर 2020 को सेवानिवृत हुए। साल भर से भी कम समय के भीतर 2 जून 2021 को उन्हें नेशनल ह्यूमन राइट्स कमीशन का अध्यक्ष बना दिया गया।

जस्टिस अशोक भूषण 4 जुलाई 2021 को सेवानिवृत हुए। इसी वर्ष 8 नवंबर को उन्हें नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल के अध्यक्ष की कुर्सी मिल गई। ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### जस्टिस सुब्रमण्यम ने ठुकरा दिया था सीजेआई चंद्रचूड़ का प्रस्ताव

**हालांकि** इन सबसे अलग सर्वोच्च न्यायालय के एक और जस्टिस भी हैं। वी राम सुब्रमण्यम जब सेवानिवृत हुए तो उन्होंने एक वाकया सुनाया। उनका कहना था कि सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ चाहते थे कि वो सेवानिवृत होने के बाद किसी ट्रिब्यूनल के चेयरमैन बन जाएं। लेकिन उन्होंने इनकार कर दिया। सुब्रमण्यम का कहना था कि वो अपनी आजादी से समझौता नहीं करना चाहते। इसी वजह से उन्होंने चंद्रचूड़ के प्रस्ताव को नकार दिया था।

# पीएम मोदी की अमेरिका यात्रा से पहले लॉन्च हुई मोदी जी थाली





**एजेंसी। नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इसी महीने 21 जून को अमेरिका के दौरे पर जाने वाले हैं, इससे पहले न्यूजर्सी में स्थित एक भारतीय रेस्तरां के मालिक ने पीएम मोदी के सम्मान में समर्पित करते हुए एक स्पेशल थाली लॉन्च की है। भारतीय मूल के रेस्टोरेंट के मालिक श्रीपाद कुलकर्णी ने कहा कि स्पेशल थाली को वहां रहने वाले भारतीय समुदाय की मांगों पर विशेष रूप से क्यूरेट किया गया है। स्पेशल थाली से जुड़ी एक वीडियो भी शेयर की है। इस वीडियो में रेस्टोरेंट के मालिक कुलकर्णी ने मोदी जी थाली के बारे में जानकारियां देते हुए नजर आ रहे हैं।

**भारत के खास डिश को शामिल किया :** पीएम मोदी के स्पेशल थाली की बात करें तो ये बिलकुल रंगीन थाली है। इस थाली में पूरे भारत के खास डिश को शामिल किया गया है, जैसे- खिचड़ी, रसगुल्ला, सरसों का साग, कश्मीरी दम आलू, इडली, ढोकला, छाछ, पापड़। रेस्तरां के मालिक ने यह भी कहा कि कई लोग पहले ही विशेष थाली का स्वाद चख चुके हैं। कई कस्टमर ने कहा ▸▸ शेष पृष्ठ 11 पर

### बजाज आलियांज ने रेल दुर्घटना के प्रभावित पॉलिसी धारकों की सहायता की

# कंपनी ने संकट के समय एकजुटता दिखाई

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
निजी क्षेत्र के प्रमुख जीवन बीमा प्रदाता कंपनियों में से एक बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने ओडिशा में हाल ही हुई दुखद ट्रेन दुर्घटना से प्रभावित लोगों के प्रति संवेदना जताई है। कंपनी ने संकट के इस समय में उनके साथ एकजुटता से खड़े होने की अपनी प्रतिबद्धता को भी दोहराया है और रेल दुर्घटना से प्रभावित अपने पॉलिसी धारकों के लिए दावा प्रक्रिया को और आसान बनाया है। कंपनी ने इस आपदा से प्रभावित अपने पॉलिसीधारकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए विशेष प्रावधान भी लागू किए हैं। इस कठिन समय के दौरान प्रभावित पॉलिसीधारकों के सामने आने वाली अपार चुनौतियों को समझते हुए बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने इस घटना के कारण प्रभावित अपने ग्राहकों के लिए मृत्यु और दिव्यांगता संबंधी दावों को जल्द निपटाने के लिए इन्हें प्राथमिकता देने की घोषणा की है। कंपनी ने पॉलिसी संबंधी इन दावों को तेजी से निपटाने के लिए एक त्वरित प्रक्रिया स्थापित की है। प्रक्रिया को सरल बनाने के लिए, बजाज आलियांज लाइफ इंश्योरेंस ने न्यूनतम दस्तावेजों को सूचीबद्ध किया है। ये ऐसे दस्तावेज हैं, जिन्हें नामितियों, कानूनी उत्तराधिकारियों या पॉलिसीधारकों को अपने दावों के साथ जमा कराना आवश्यक है। इन दस्तावेजों को नीचे दिए गए सुविधाजनक तरीकों में से किसी एक के माध्यम से जमा कराया जा सकता है-कंपनी के टोल फ्री नंबर 18002097272 पर कॉल करें। देश भर में 510 से अधिक शाखाओं में से किसी एक निकटतम शाखा पर जाए। कंपनी संबंधित अधिकारियों से मृतकों की सूची प्राप्त करने के लिए भी प्रयास कर रही है और प्रभावित परिवारों तक सक्रिय रूप से पहुंचने के लिए अतिरिक्त प्रयास करेगी।

### महिला से चेन छिनतई करने के मामले में तीन गिरफ्तार

**रांची।** लोअर बाजार थाने की पुलिस ने महिला से हुई छिनतई के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपियों के पास से पुलिस ने लूटा हुआ चेन भी बरामद कर लिया है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है। जानकारी के अनुसार बीते आठ जून को वीना सिंह का नामक महिला परिवार के साथ जेल पार्क घूमने के लिए गई थी। लौटने के क्रम में पार्क के समीप बाइक सवार अपराधियों ने उनके गले से सोने का चेन छीनकर फरार हो गए। हालांकि महिला ने हो हल्ला भी किया, मगर अपराधी भागने में सफल रहे। वीना से इस संबंध में लोअर बाजार थाने में प्राथमिकी दर्ज करायी थी। दर्ज प्राथमिकी के आधार पर पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर अपराधियों को सोमवार को दबोच लिया। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर रही है।

### हरिडीह व हाकेदाग गांव में आजसू पार्टी चुल्हा प्रमुखों की बैठक का आयोजन

# संगठन की मजबूत को लेकर की गयी चर्चा



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
प्रखंड के हाकेदाग पंचायत के हाकेदाग व हरिडीह गांव में सोमवार को आजसू पार्टी चुल्हा प्रमुखों का बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में पार्टी के क्षेत्रीय प्रभारी सुशील महतो, मुखिया हरिपद मांझी, आजसू प्रखंड महिला अध्यक्ष सोमरी देवी, ग्राम प्रभारी गिरीधारी, रंजीत साहु, विष्णु महतो आदि शामिल हुए। बैठक में क्षेत्र के समस्याओं एवं समाधान तथा संगठन की मजबुती पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यकताओं को सम्बोधित करते हुए सुशील महतो ने कहा कि चुल्हा प्रमुख पार्टी के प्रमुख कार्यकताओं में हैं। जिनके माध्यम से ही हर परिवार तक पहुंच कर उनके समस्याओं का समाधान किया जा सकता है। उन्होंने मौजूद चुल्हा प्रमुखों से अपने दायित्व के प्रति सजग रहने एवं गांव के समस्याओं के समाधान पर तत्परता से कार्य करने का निर्देश दिया। वहीं उन्होंने कहा कि ग्रामीण इलाकों में संगठन को मजबुती एवं स्थानीय समस्याओं के समाधान को लेकर पार्टी प्रमुख सुदेश कुमार महतो के निर्देश पर सिल्ली के ग्रामीण इलाकों में आजसू पार्टी चूल्हा प्रमुखों के बैठक का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इससे पूर्व पिसका एवं हाकेदाग पंचायत के लोसेरा लोदमु, बनवाडीह, मिसिरहोटाग आदि गांवो में बैठक संपन्न हो चुका है। बाकी बचे गांव में जल्द ही चुल्हा प्रमुखों का बैठक किया जाएगा।

### विधायक नावाडीह गांव पहुंचकर की बैठक व पीड़ित परिवारों से मिले

# समाज के ताने-बाने को बनाए रखने की जरूरत



**नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली**
सिल्ली विधायक सुदेश कुमार महतो अपने निजी कार्य बाहर रहने के बाद सोमवार को आड़ाल नवाडीह गांव में लोहरा जाति के छूआछूत एवं कुंआ से पानी लेने के मामला को लेकर गांव में पहुंचे एवम पीड़ित परिवारों से मिले। साथ जन समस्याओं से अवगत हुए। गांव के समीप ग्रामीणों के साथ नवनिर्मित हरि मंदिर के समीप बैठक आयोजित की गई। बैठक का संचालन रंजीत राय ने किया। बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सुदेश महतो ने कहा कि समाज के ताने-बाने को यथावत बनाए रखने की जरूरत है । पिछले कई दिनों से गांव के मुद्दा को सामने रखकर समाज में बांटने का काम किया जा रहा है।जिससे राजनीतिक बदलाव होते हैं तो उसका सीधा असर समाज पर पड़ता है और ऐसे में सामाजिक संरचनाएं टूटती हैं। संरचनाओं के टूटने का असर लोगों की मानसिकता पर गहरा पड़ता है। तय है इससे हर उम्र और हर तबके के लोगों पर प्रभाव पड़ता है। गांव में अब बेहतर शिक्षा के लिए वंचित नहीं होना पड़ेगा इसके लिए बहुत जल्दी स्कूल पर स्मार्ट क्लासेस प्रारंभ की जाएगी उससे बच्चे जो उच्च शिक्षा प्राप्त करने इच्छुक होंगे उन्हें बेहतर कोचिंग दिया जाएगा। आने वाले दिनों में पूरे गांव में पानी की समस्या समाप्त हो जाएगी।इस मोके पर जयपाल सिंह , सुनील सिंह, संजय सिद्धार्थ, जिला परिषद सदस्य वीणा चौधरी , प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, प्रखंड विकास पदाधिकारी पावन आशीष लकड़ा, सहायक अभियंता भूपेंद्र कुमार सिंह कनीय अभियंता जीत मोहन सिंह मुंडा, ग्राम प्रधान अरुण सिंह मुंडा, मुखिया सरितां सिंह मुंडा, जलेश्वर महतो, प्रो रत्न महतो, भरत महतो,विजय महतो, मनोज कुमार दास, राधा मोहन पातर मुंडा, कार्तिक महतो, रविदास लोहरा बुढेस्वर लोहरा, तेतरिया लोहरा, रमिला देवी, हेमंती देवी, रेणुका देवी, कमली देवी, सिमली देवी, भुगली देवी, गांधी देवी,कल्पना देवी, किरण देवी, मेनका देवी, शवानी देवी वीणा देवी, सुरबाला देवी,आदि उपस्थित थे।

### झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन के परिसर में किया गया पौधरोपण

**रांची।** रांची के धुर्वा स्थित झारखंड हाई कोर्ट के नए भवन में सोमवार को कामकाज शुरू हो गया। पहले कामकाजी दिन को यादगार बनाने के मकसद से नया भवन परिसर में चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र समेत अन्य प्रबुद्ध लोगों ने पौधरोपण किया। हाई कोर्ट के नए भवन में सुबह 9:30 बजे पौधरोपण का कार्यक्रम हुआ। मौके पर चीफ जस्टिस संजय कुमार मिश्र ने कहा कि आज का दिन काफी शुभ है। उन्होंने कहा कि ग्रीष्मावकाश के तीन सप्ताह में हाई कोर्ट के रजिस्ट्रार सहित कर्मियों ने छुट्टी नहीं ली, ताकि शिफ्टिंग का काम पूरा हो सके। अब शिफ्टिंग का काम पूरा हो गया है। आज से हाई कोर्ट अपने नए भवन में शुरू हो रहा है। इस शुभ दिन को यादगार बनाए रखने के लिए हम लोगों ने पौधे लगाकर पर्यावरण की रक्षा का संकल्प लिया है। पौधरोपण कार्यक्रम में हाई कोर्ट के सभी जज, रजिस्ट्रार जनरल, महाधिवक्ता राजीव रंजन, एडवोकेट एसोसिएशन झारखंड हाई कोर्ट के प्रेसिडेंट ऋतु कुमार और स्टेट बार काउंसिल के अध्यक्ष राजेंद्र कृष्ण, एसोसिएशन के धीरज कुमार आदि उपस्थित थे।

# जिले में चल रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

**रांची** । जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया।ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड वार प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों से लक्ष्य के विरुद्ध सृजित मानव दिवसों की जानकारी ली जिसके उपरांत उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए योग्य व जरूरतमंद लोगों को मनरेगा से जोड़ने व उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मिशन अमृत सरोवर, पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति का जायजा लिया एवं लक्ष्य पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए।
प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 2023 -2024 के लिए प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुए कार्यों की प्रखंड वार समीक्षा की। इस दौरान जिन प्रखंडों में उपायुक्त ने कार्य संतोषजनक नहीं पाया उनके संबंधित अधिकारियों को कार्य को गंभीरता से लेने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों को लाभ देने के तहत हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया वहीं प्रीमैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में उपायुक्त ने शेष बचे बच्चों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने हेतु कार्य करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# बिजली की लचर व्यवस्था पर ग्रामीणों ने विभाग से की वार्ता



नवीन मेल संवाददाता। सिल्ली
सिल्ली प्रखंड अंतर्गत दिन रविवार 11 जून 2023 को सिल्ली प्रखंड अध्यक्ष राजकुमार महतो के नेतृत्व में रांची जिला ग्रामीण कांग्रेस महासचिव निशिकांत गोंझू के उपस्थिति में सिल्ली प्रखंड के बिजली की लचर व्यवस्था को लेकर सिल्ली प्रखंड कांग्रेस के मनीराम दास, देवाशीष दत्ता, गुहि राम महतो, मंजूर मोमिन, पावर हाऊस में जाकर बनता फिडर, सिल्ली फिडर, रामपुर फिडर, किता फिडर की बिजली की अत्यधिक समस्या की जानकारी पावर हाउस में उपस्थित लाइन मेन को दी एवं दूरभाष में कनिय अभियंता से बात कर बिजली समस्या की जानकारी दी गई। ज्ञात हो कि भीषण गर्मी में भी बिजली की समस्या से उपभोक्ता काफी परेशान हैं। विगत कुछ दिनों से सिल्ली फीडर में लो वोल्टेज की समस्या से उपभोक्ता जूझ रहे हैं।

# झारखंड संविधान जागार जतरा यात्रा पहुंची बानो



**रांची।** झारखंड संविधान जागार जतरा यात्रा चौथे दिन खूंटी, तोरपा, तपकरा, रनिया होते हुए बानो पहुंची. रतन तिर्की ने कहा कि खूंटी के गांवों में पत्थल गड़ी से उपजी स्थिति का असर अब भी दिखता है. संविधान को लेकर लोग थोड़ी चुप्पी साध लेते हैं. शायद इसी कारण झारखंड संविधान जागार जतरा को लेकर भी लोगों में थोड़ी असमंजस की स्थिति दिखी. लेकिन बातचीत से सब सामान्य होने लगा है. इस बीच तोरपा में अंचल अधिकारी और प्रखंड विकास पदाधिकारी को संविधान की उद्देशिका भेंट की गयी. इस मौके पर तपकरा में कोयल -कारो आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित की गयी. जतरा के संयोजक प्रभाकर तिर्की, बलराम, रतन तिर्की, सुरेश और प्रबल महतो ने कोयलकारो जन संगठन के महासचिव विजय गुड़िया एवं झारखंड आंदोलनकारी तैयब अंसारी को संविधान की उद्देशिका भेंट की।

# कुर्मी समाज को अलग करने की साजिश : लालचन महतो




**सिल्ली।** कुरमी /कुड़मी समन्वय समिति झारखंड बंगाल, ओड़िसा एवं असम के सयोजक लालचंन महतो, ने कहा है कि अडाल नवाडीह में छुआछूत की बात कुर्मी समाज को बदनाम करने की साजिश है। सिल्ली में प्रेस कॉन्फ्रेंस में उक्त बातें बोल रहे थे ।उन्होंने कहा कि गांव की मुख्य समस्या पानी है इसको निपटाने के लिए सांसद, विधायक, जिप सदस्य तथा समस्त जनप्रतिनिधियों की है इन लोगों ने अपनी जिम्मेदारी नहीं निभाई है हम लोहरा समाज के लोगों को पानी निकाल कर देते हैं यह पीढ़ियों से परंपरा चलती आ रही है।इसको लेकर मीडिया में जो बाते सामने आई है वह समाज को अलग करने की साजिश है।


## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, सिमडेगा

**(सर्वसाधारण के लिए सूचना)**

गुमशुदा लड़का बलराम महतो (उम्र करीब–18 वर्ष), पे0–रामेश्वर महतो, सा0–उलातु, थाना–नवादा, जिला–चतरा (झा0) जो दिनांक–17.05.2023 से लापता है, जो आज तक अपने घर वापस नहीं लौटी है। इस संबंध में सिमडेगा थाना सन्हा संख्या–19/23, दिनांक–25.05.2023, दर्ज किया गया है। लापता लड़का की बरामदगी अभी तक नहीं हो पायी है, जिनका हुलिया निम्नवत् है:–



लिंग :– पुरूष
उम्र :– उम्र लगभग 18 वर्ष
रंग :– गोरा
ऊँचाई :– लगभग 5 फीट 2 ईंच।
पहनावा :– हल्का गुलाबी रंग का टी–शर्ट, काला पैंट एवं हवाई चप्पल।
भाषा :– सादरी।
पहचान – आँख से हमेशा पानी गिरना।

अतः सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त लापता लड़का बलराम महतो के बारे में पता चलता है तो नीचे अंकित दूरभाष नं0 पर अविलंब सूचित करेंगे।

पुलिस अधीक्षक, सिमडेगा — मोबाइल नं0–9431116444
सिमडेगा थाना, प्रभारी — मोबाइल नं0–9431706229
डी0सी0बी0 प्रभारी, सिमडेगा — मोबाइल नं0–8709697066

पुलिस अधीक्षक,
सिमडेगा

PR.NO.299824 Police(23-24):D


# अभियान

### कुष्ठ निवारण को लेकर जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित

# ग्रामीण क्षेत्रों में चलायें अभियान : डीसी



नवीन मेल संवाददाता। रांची
सोमवार को उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम के तहत कुष्ठ रोगी खोज अभियान के सफल संचालन हेतु जिला समन्वय समिति की बैठक समाहरणालय भवन ब्लॉक ए स्थित अपने कार्यालय कक्ष में आयोजित की गई ' बैठक में जिला कुष्ठ निवारण पदाधिकारी डॉ. मुस्ताफी, बाल विकास पदाधिकारी सदर रांची, एवं डॉ. मनोज डबल्यूएचओ कंसलटेंट झारखंड, डॉ. श्री राजीव भूषण , जिला कार्यक्रम समन्वयक प्रीति चौधरी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी मौजूद थे।
उपायुक्त रांची, राहुल कुमार सिन्हा ने संबंधित अधिकारी से राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम 15 से 28 जून 2023 तक राज्य के हर गांव में चलाये जाने को लेकर जानकारी मांगी। जिसपर संबंधित अधिकारी द्वारा बताया गया कि जल्द से जल्द कुष्ठ रोगियों की पहचान की जा सके एवं उन्हें संपूर्ण इलाज उपलब्ध कराया जा सके। इसको लेकर अभियान के तहत सहिया दीदी को प्रशिक्षण दिया गया है ताकि वह घर-घर जाकर कुष्ठ रोगियों की पहचान कर सके ' जिसपर उपायुक्त राँची, ने निर्देश देते हुए कहा कि अभियान को सफल बनाने हेतु सघन प्रचार प्रसार करने एवं गांव-गांव तक लोगों को जागरूक करने की आवश्यकता हैं।
उपायुक्त राँची, द्वारा संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि कुष्ठ रोगी के संभावित लक्षणों की जानकारी, अधिक जानकारी के लिए सहिया, वॉलिंटियर, टोल फ्री नंबर 104 एवं रोग के लक्षणों के प्रति जानकारी जन-जन तक पहुँचाने के लिए जागरूकता कार्यक्रम व्यापक चलाने पर ध्यान दे।
**कुष्ठ रोग के संभावित लक्षणः** चमड़ी से बदरंग दाग जिसमें पूर्णतः सुनापन या हल्का सुनापन हो, दाग में भोथरापन हो, चेहरा चमकदार या तेलीय दिखाए दे, चमड़ी में गठाने दिखाई दे, कान के किनारे मोटापन या गठाने दिखाई दे, आँख का पलक बंद करने में कठिनाई एवं आँख से पानी आना, भौ का झड़ जाना, नाक का दब जाना, मुख्य सतही तंत्रिकाओं का मोटापन हो जाना, कोहनी या घुटना में दर्द या झुनझुनी होना, ठंडा एवं गर्म महसूस ना होना, हथेली पर सूनापन होना, हाथ या पाँव में सूनापन, हाथ या हथेली पर दर्द रहित घाव या हथेली का जलने का एहसास ना होना, किसी चीज को उठाने या पकड़ने में कमजोरी होना, कमीज के बटन लगाने में कठिनाई, हाथ के उंगलियों एवं पैर के अंगूठा में झुनझुनी, हाथ/पाँव में झुनझुनी होना, हाथ/पाँव की उंगलियों का मुड़ जाना, पैर के तलवे एवं हाथ का सूनापन, चलते समय चप्पल का अपने आप निकल जाना, पंजा को ऊपर नही उठा पाना/कलाई का झूल जाना है।

### रांची में अलग-अलग थाना क्षेत्रों से दो शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**रांची** । रांची के अलग -अलग थाना क्षेत्र से पुलिस ने सोमवार को दो शव बरामद किए हैं। पहला मामला चुटिया थाना क्षेत्र के स्टेशन रोड स्थित बस डिपो के समीप की है। वहां अहले सुबह ऑटो चालक रोहित की चाकू मारकर हत्या कर दी गयी। चुटिया थाना प्रभारी वेंकटेश कुमार ने बताया कि खाने-पीने के दौरान किसी बात को लेकर हुए विवाद में रोहित की चाकू मारकर हत्या की गई है पूरे मामले की जांच पड़ताल की जा रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। वहीं दूसरी ओर लालपुर थाना क्षेत्र के मोरहाबादी मैदान स्थित म्यूजियम के समीप से पुलिस ने एक व्यक्ति का शव बरामद किया है। व्यक्ति की पहचान नहीं हो सकी है। शव देखने पर प्रथम दृष्टया गमछे से गला दबाकर हत्या का प्रतीत होता है। मोरहाबादी मैदान के दुकानदारों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों से मृतक की पहचान करवाने की कोशिश की।


## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER
## DRINKING WATER & SANITATION MECHANICAL DIVISION,RANCHI

**Very short Tender No 05 of 2023-24**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Name of the Department | Drinking Water and Sanitation Department, Jharkhand, Ranchi. |
| 2 | Name of the Advertiser | Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi |
| 3 | Last date of sale of B.O.Q. | 21.06.2023 up to 5.00 P.M. |
| 4 | Date and time of receipt of tender | 22.06.2023 up to 3.30 P.M |
| 5 | Date and time of opening of tender | 22.06.2023 at 4.00 PM. in Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi |
| 6 | Place of sale of B.O.Q. | • Office of the Superintending Engineer, D. W. & S. Mech. Circle. Ranchi<br>• Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi. |
| 7 | Name of Office where receipt of tender | • Office of the Executive Engineer, D.W. & S. Mech. Division, Ranchi |

| Sl. No. | Name of work | Estimated Cost (in Rs) | Earnest money (In Rs) | Cost of Tender Document. Non-Refundable. (in Rs.) | Time of Completion |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Day to Day repair and replacement with improvement of W/S, S/I, Sewerage work & plumbing fixtures, cleaning of toilet and bathroom of Inter Ward, ICU Ward, Staff Room, Female Ward, W.W. Ward, D.B. Ward, Duty Room, Main Office Building, A. Ward, OPD, Drug Store, Special Ward, Director Residence, Doctor Residence etc. from April 2023 to July 2023 at T.B. Sanatorium ITKI under D.W. & S. Mechanical Division Ranchi. | 568596.00 | 11400.00 | 1250.00 | 4 Months |

नोट – 1. उपरोक्त किसी तिथि को अवकाश घोषित होने पर अगले कार्य दिवस की तिथि को माना जायेगा ।
2. ऐसे संवेदक जिन्हें पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखण्ड सरकार का निबंधन प्राप्त नहीं है वे भी निविदा में भाग ले सकते है बशर्ते कि वैसे सफल निविदादाता को एकरारनामा के पूर्व पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, से संवेदक–निबंधन पत्र प्राप्त कर लेना होगा ।
3. निविदा की सूचना तथा नियम शर्ते की जानकारी वेबसाईट www.prdjharkhand.in, प्रमण्डलीय तथा अंचल कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है ।

कार्यपालक अभियन्ता
पेयजल एवं स्वचछता यांत्रिक प्रमण्डल,राँची

PR 299789 Drinking Water and Sanitation(23-24).D

## जलसा सीरत-उन-नबी व शिलान्यास में मस्जिद आयशा का आयोजन

# बेटियों की सुरक्षा के लिए स्कूल और कॉलेज बनाने की जरूरत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के तिलता रातू अल कमर कॉलोनी में जलसा सीरत-उन-नबी व शिलान्यास मस्जिद आयशा का आयोजन किया गया। जलसे की अध्यक्षता रांची के शहर काजी मुफ़्ती कमर आलम कासमी ने की और संचालन मौलाना अब्दुल वाजिद चतुर्वेदी व मौलाना फिरोज ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत झारखंड के लोकप्रिय कारी कारी सोहेब अहमद के पवित्र कुरान के तिलावत से हुआ। जलसे के मुखातिथि महाराष्ट्र जलगांव के स्पीकर वायरल न्यूज के निदेशक हजरत मौलाना मुफ्ती हारून नदवी ने अपने संबोधन में मस्जिद के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, ₹हे लोगों, अपने जीवन में अच्छे कर्म करो। यह मत सोचो कि मेरे बाद मेरा बेटा



या परिवार मेरे लिए अच्छे काम करेगा। कुरान का पहला छंद इकरा अर्थात पढ़ो, शिक्षा को महत्व दिया। ऐ लोगो, अगर तुम अपनी बहू-बेटियों की हिफाजत करना चाहते हो तो स्कूल और कॉलेज बनाओ। वहीं जामिया रशीदुल उलूम चतरा के शिक्षक मौलाना मुफ्ती सनाउल्लाह ने कहा कि इस धरती पर सबसे प्यारी जगह मस्जिद है। मुसलमानों पुण्य के लिए तुम्हारे माल की जरूरत पड़े तो दे देना। जमीन का हर टुकड़ा अल्लाह का घर नहीं बनता। अल्लाह धरती के उस हिस्से को चुनता है जिसे वह अपना घर बनाना चाहता है। वहीं जब शायर इस्लाम दिल खैराबादी ने पढ़ा कि इस लिए नाज है इस जमी पर मुझे, जन्म भूमि मेरा मेरा स्थान है। ये तिरंगा कफन हो मेरी लाश पर, एक मुद्दत से दिल की ये अरमान है। बांध लेना तिरंगे का सर पर कफन, एक सच्चे मुसलमान का पहचान है। जलसा की अध्यक्षता कर रहे मुफ्ती कमर आलम कासमी ने अपने अध्यक्षीय भाषण में कहा कि मस्जिद को मुसलमानों का केंद्र होने का गौरव प्राप्त है। उसकी केन्द्रीयता को न तो नकारा जा सकता है और न ही उसकी केन्द्रीयता को मिटाया जा सकता है। मौलाना परवेज हैदर, युवा समाजसेवी मुहम्मद यासीन अंसारी के मार्गदर्शन में सभा का संचालन किया गया। प्रोग्राम को कामियाब बनाने वालो में कमरुल हक अंसारी, यासीन अंसारी, मुहम्मद शाहिद अंसारी, अली हसन, मुहम्मद अशफाक,मुहम्मद रिजवान, मुहम्मद मुश्ताक, मुहम्मद मोनू, मुहम्मद एजाज, मुहम्मद इम्तियाज, मुहम्मद अलीम, मुहम्मद जावेद, अब्दुल गफ्फार और सैकड़ों लोग थे।

# न्यूनतम समर्थन मूल्य की घोषणा ढोंग : आभा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रवक्ता आभा सिन्हा ने खरीफ फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की घोषणा को ढोंग करार देते हुए कहा है कि मोदी सरकार घोषणा तो बड़े धूमधाम से करती है, लेकिन उन दामों पर फसलों की खरीद नहीं की जाती है । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में उनके मंत्रिमंडल ने रबी फसलों के लिए एमएसपी की कागजी घोषणा तो कर दी है लेकिन उसे जमीन पर नहीं उतारा जाता है। इस सरकार में घोषणा तो बड़े धूमधाम से होती है पर उन दामों पर फसलों की खरीद नहीं होती। उन्होंने मोदी सरकार की हर नीति को किसान विरोधी बताते हुए कहा कि यह सरकार एमएसपी की घोषणा तो कर देती है, लेकिन सच्चाई यह है कि किसान की फसल एमएसपी पर खरीदी नहीं जाती और उसे फसल की लागत पर 50 प्रतिशत मुनाफा भी नहीं मिलता। कांग्रेस नेता ने प्रधानमंत्री पर हमला करते हुए कहा, ₹मोदी मंत्र है- एमएसपी घोषित करो लेकिन एमएसपी दो मत। वर्ष 2022-23 में फसल उपज और फसल खरीद के तथ्य इस बात को उजागर करते हैं कि किसान को एमएसपी नहीं मिलेगा। मोदी जी एमएसपी जब देना ही नहीं है तो कागज पर घोषित करके वाह- वाही क्यों लूटना। उन्होंने कहा मोदी जी, किसानों से दो बड़े वादे कर सत्ता में आए। किसान को लागत जमा 50 प्रतिशत मुनाफा एमएसपी के तौर पर देंगे। साल 2022 तक किसान की आय दोगुनी होगी लेकिन सीएसीपी की रिपोर्ट बताती है कि मोदी सरकार ने न ही किसी फसल पर लागत जमा 50 प्रतिशत मुनाफा पर एमएसपी निर्धारित की और न भाजपा शासित राज्यों की सिफारिश मानी।

## सीएम से कोल्ड फील्ड के अध्यक्ष व सह निदेशक ने की मुलाकात



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से आज कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सेंट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड (सी.सी.एल.) के अध्यक्ष-सह-प्रबंध निदेशक पी.एम. प्रसाद ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट थी। इस अवसर पर उन्होंने मुख्यमंत्री श्री हेमन्त सोरेन को 'द एयरंड लाईफ' पुस्तक सप्रेम भेंट की। मौके पर मुख्यमंत्री ने पी एम. प्रसाद को कोल इंडिया का चेयरमैन नियुक्त किए जाने पर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

## सांसद संजय सेठ ब्राजील हुए रवाना

रांची। भारत सरकार के प्रतिनिधि मंडल के साथ सांसद संजय सेठ ब्राजील रवाना हुए संसदीय कार्य मंत्री आदरणीय पहलाद जोशी के नेतृत्व में देश भर से 10 सांसदों और अधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल ब्राजील और उरूग्वे आया है यहां कई बैठकें होंगी भारत ब्राजील और उरुग्वे के बीच व्यवसायिक संबंध राजनयिक संबंध सहित कई ऐसे महत्वपूर्ण विषय हैं जिन पर भारत का प्रतिनिधि मंडल बातचीत करेगा।

## दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन मामले में डीसी ने की समीक्षा

# लंबित मामलों का जल्द करें निष्पादन

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में सोमवार को भू-राजस्व से संबंधित समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय ब्लॉक ए स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अपर समाहर्त्ता रांची, अनुमंडल पदाधिकारी बुण्डू, उप समाहर्त्ता भूमि सुधार, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, विभिन्न अंचल के अंचलाधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी/कर्मी उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा द्वारा लंबित दाखिल-खारिज, भूमि सीमांकन, लंबित प्रमाण पत्र के मामले, भारत सरकार एवं झारखण्ड सरकार के विभिन्न एजेंसियों एवं अंतर्विभागीय भूमि हस्तांतरण के संबंध में अद्यतन स्थिति, विभिन्न स्तर के




राजस्व पदाधिकारियों के न्यायालय कार्य आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित पदाधिकारियों को उचित व आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। म्यूटेशन से संबंधित मामलों की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों को निष्पादन योग्य मामलों का तय समय सीमा में निपटारा करने के निदेश दिये। उन्होंने अंचलवार सुओ-मोटो म्यूटेशन के मामलों की भी जानकारी ली। जिन अंचलों में ज्यादा मामले लंबित हैं, संबंधित अंचलाधिकारी को उपायुक्त ने मामलों के निष्पादन में तेजी लाने के निदेश दिये। लैंड डिमार्केशन, सक्सेशन पार्टिशन/म्यूटेशन आदि की अंचलवार समीक्षा करते हुए भी उपायुक्त ने लंबित मामलों के निष्पादन में तेजी लाने को कहा। आय, आवासीय एवं जाति प्रमाण पत्र निर्गत करने, वसुधा एवं परिशोधन ऐप के माध्यम से प्राप्त शिकायतों की भी बैठक के दौरान उपायुक्त द्वारा समीक्षा की गयी। उन्होंने ससमय लंबित आवेदनों का निष्पादन करने के निदेश दिये। उपायुक्त, राहुल कुमार सिन्हा ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को नियमित रूप से अपने कोर्ट की कार्यवाही करने और कॉउज लिस्ट एवं ऑर्डर को ऑनलाइन अपलोड करने के निदेश दिये। कृषि गणना कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ उपायुक्त श्री राहुल कुमार सिन्हा ने मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना के सभी कैटेगरी में यथाशीघ्र प्रतिवेदन उपलब्ध कराने के निदेश दिये। उन्होंने कहा कि सभी अंचलाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में योजना के तहत लाभुक किसानों को लाभ पहुंचाना सुनिश्चित करें।

## गाय माता को राष्ट्रमाता बनाना हमारी पहली प्राथमिकता : गोपाल

**रांची।** वाल्मीकि रामायण का सबसे पहला शब्द मां है, मां के बिना सब अधूरा है। यह बात उत्तराखंड के देहरादून से आए प्रसिद्ध गोकथा वाचक गोपालमणि जी महाराज ने कही। वे सोमवार को रातू के ऐतिहासिक किला मैदान परिसर में आयोजित श्रीराम कथा सह लक्ष्मी नारायण यज्ञ में प्रवचन कर रहे थे। उन्होंने गाय माता पर विशेष वर्णन किया और कहा कि पूरे देश में जब तक गाय माता को राष्ट्र माता का दर्जा नहीं दिया जाता तब तक हम सनातनी को जगाते रहेंगे। आज हम गोकथा के माध्यम से श्रीराम कथा का वर्णन करेंगे। इससे पहले श्रीराम कथा यज्ञ का उद्घाटन रातू किला की राजकुमारी माधुरी मंजरी देवी और अजय नाथ शाहदेव ने दीप जलाकर किया। राज परिवार की ओर से स्व. महाराजा चिंतामणि शरणनाथ शाहदेव और युवराज स्व. गोपाल शरणनाथ शाहदेव की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया। उन्होंने कहा कि लोग आजकल दूध की जगह बच्चों को कोकाकोला पिला रहे हैं इसके कारण बीमारी बढ़ रही है और रोग प्रतिरोधक क्षमता समाप्त हो रही है।

## झारखंड टीम ने अपने पहले मैच में गोवा को 18-0 से पराजित किया



**रांची।** 12 से 22 जून तक राऊलकेला ,उड़ीसा में आयोजित 13 हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष हॉकी चैंपियनशिप 2023 9में आज अपने पहले मैच में हॉकी झारखंड ने गोवा को 18=00से पराजित किया।आज के मैच झारखंड टीम की ओर दीपक सोरेंग ने 04गोल, आतिश डोडराय और जोसेफ टोपनो 03=03गोल, शेट टोपनो और सुखनाथ गुड़िया 02=02गोल तथा सिमोन बोदरा,नवीन केरकेट्टा,अभिषेक तिग्गा और जय मसीह तुडी ने एक एक गोल किए।इस मैच में झारखंड टीम के जोसेफ टोपनो को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

# सुरेंद्रनाथ सैंटनरी स्कूल को अतिक्रमण मुक्त बनाये नगर निगम : अभिभावक संघ

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झारखंड अभिभावक संघ ने निगम नगर निगम प्रशासक को अल्टीमेटम देते हुए कहा है कि सुरेंद्रनाथ सैंटनरी स्कूल दीपाटोली को अतिक्रमण मुक्त कराएं अन्यथा झारखंड अभिभावक संघ नगर निगम के खिलाफ आंदोलन शुरू करेंगी। झारखंड अभिभावक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने नगर निगम प्रशासक को चेतवानी देते हुए कहा है कि स्वच्छ रांची सुंदर रांची जाम मुक्त रांची का स्लोगन देने वाले नगर निगम थोड़ा और भी ध्यान दें कि किस तरह सुरेंद्रनाथ स्कूल के बाहर पूरी बाउंड्री के बाहर अतिक्रमियों ने अतिक्रमण कर अपना अपना



दुकान सजाया है क्या इनके लिए इंफोर्समेंट टीम कोई मायने नहीं रखती।ब अजय राय ने कहा कि सुरेंद्रनाथ सैंटनरी स्कूल जहां यूकेजी से लेकर 12वीं तक की क्लास संचालित होती है। जहा हजारो लड़के ,लड़किया प्रतिदिन पढ़ने के लिए आना जाना करते हैं।स्कूल के बाउंड्री के बाहर पिछले कई महीनों से सब्जी दुकान से लेकर नशे के सौदागरों का भी दुकान सजता है । इसके कारण पूरा इलाका जाम रहता है । कई बार जाम के कारण कई स्कूली समय पर स्कूल जाने से भी वंचित हो जाते हैं साथ ही उन्हें कई तरह की परेशानियों का भी सामना करना पड़ता है ।इस संबंध में कई अभिभावकों ने भी इसकी शिकायत संघ से की है।

## सीएमपीडीआई में सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग लगाया गया शिविर

**रांची।** सीएमपीडीआई मुख्यालय स्थित डिस्पेंसरी में सोमवार को सीसीएल गांधी नगर अस्पताल की मदद से सर्वाइकल कैंसर स्क्रीनिंग शिविर का आयोजन किया गया। कस्तूरी महिला सभा की अध्यक्षा रूपाली गुप्ता ने शिविर का उद्घाटन किया। इसमें सीएमपीडीआई (मुख्यालय) तथा क्षेत्रीय संस्थान-3 रांची की महिला कर्मियों व संविदा कर्मचारियों ने स्क्रीनिंग करवाई। कलेक्ट किए गए नमूनों को हिस्टोपैथोलॉजिकल जांच के लिए सीसीएल गांधी नगर अस्पताल भेजा गया। मौके पर सीएमपीडीआई के उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ शिल्पी स्वरूप, ओम प्रकाश, सीसीएल गांधी नगर अस्पताल के सीएमएस/इंचार्ज डॉ रत्नेश जैन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ कादम्बिनी समेत अन्य उपस्थित थे।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में लगाया गया कैंप

नवीन मेल संवाददाता। रांची सोमवार को बुढ़मू प्रखंड के चकमे पंचायत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, बुढ़मू एवं वर्ल्ड फाऊंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में एनीमिया टेस्ट और ट्रीट कैंप का आयोजन किया गया। कुपोषण मुक्त रांची कार्यक्रम के तहत 15-49 वर्ष की सभी महिलाओं की शिविर में एनीमिया जांच की गयी। यह कार्यक्रम जिला समाज कल्याण, रांची एवं डीएमएफटी द्वारा सुपोषित कार्यक्रम है। शिविर का उद्घाटन मुखिया रामवृत मुंडा द्वारा किया गया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि झारखंड में मडुआ जैसे मोटे अनाज बहुतायत में उगाए जाते हैं, जिनमें आयरन की भरपूर मात्रा होती है, हमें अपने खानपान में रोजाना मडुआ के सेवन करने की आवश्यकता है। फुटकल, बेंग, चौलई, मेथी, मूंगा जैसे साग भी हमारे यहां उपलब्ध हैं,




हमे इन्हें रोज के खाने में शामिल करने की जरूरत है। कैंप में सभी किशोरियों, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं का हीमोग्लोबिन जांच किया गया। बेटर वर्ल्ड फाऊंडेशन की तरफ से अजित मौर्य ने जानकारी देते हुए कहा कि शरीर में खून की कमी तब होती है, जब शरीर के रक्त में लाल कणों या कोशिकाओं के नष्ट होने की दर, उनके निर्माण की दर से अधिक होती है। किशोरावस्था और रजोनिवृत्ति के बीच की आयु में एनीमिया सबसे अधिक होता है। इसके उपचार के लिए विटामिन ए एवं सी युक्त खाद्य पदार्थ खाएं एवं अंकुरित दालों व अनाजों का नियमित प्रयोग करें। शिविर के दौरान राज्य सरकार द्वारा बेटियों के विकास के लिए दी जा रही सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लाभों का जिक्र करते हुए इससे लाभांवित होने की अपील की गयी। कैंप में कुल 73 महिलाओं का एनीमिया जांच किया गया। कार्यक्रम में स्वास्थ्य उपकेंद्र से शशि किरण, बेटर वर्ल्ड फाऊंडेशन से शशांक और इश्तियाक मौजूद रहे।

## कार्यशाला केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची ने हिंदी त्रैमासिक कार्यशाला का आयोजन

# 'हिन्दी के प्रचार में मीडिया की अहम भूमिका'

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
सूचना प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत विभाग केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची द्वारा सोमवार को त्रैमासिक हिंदी कार्यशाला एवं बैठक का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता पीआईबी एवं सीबीसी, रांची के अपर महानिदेशक अखिल कुमार मिश्रा ने की, वहीं मुख्य अतिथि के तौर पर अमरेंद्र कुमार, शामिल हुए। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में एडीजी अखिल कुमार मिश्रा ने कहा कि सूचना प्रसारण मंत्रालय के रांची स्थित विभागों के सामंजस्य से आयोजित यह कार्यशाला बहुत ही नेक प्रयास है, इसे मिलकर सभी विभागों को लगातार आगे बढ़ाते रहना चाहिए। मुख्य अतिथि ने कहा कि सरकारी विभागों को अपने हिंदी नोटिंग में क्लिष्ट शब्दों की बजाय सरल और स्थानीय प्रचलन की भाषा के शब्दों का प्रयोग करना चाहिए ताकि यह किसी को भी आसानी से समझ में



आ सके। सोशल मीडिया के इस दौर में हिंदी का लगातार विकास हुआ है अखबार और टीवी मीडिया ने भी हिंदी के प्रचार प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सरकार को भी प्रयास करना चाहिए कि अपनी योजनाओं की जानकारी को साधारण हिंदी में आमजनों तक पहुंचाएं। पत्र सूचना कार्यालय रांची के अपर महानिदेशक अब्दुल हमिद ने अपने संबोधन में पीआईबी एवं सीबीसी के साथ-साथ सूचना प्रसारण मंत्रालय के अन्य विभागों हो रहे त्रैमासिक कार्यशाला की बैठकों पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ऐसी बैठकों से हिंदी संबंधी जानकारी में काफी वृद्धि हुई है और हिंदी के सक्रिय विद्वानों से काफी कुछ जानने और सुनने का मौका मिला है, और हिंदी में कार्य करने के प्रति उत्साह जगा है। इस कार्यशाला के संचालन एवं आयोजन में केंद्रीय संचार ब्यूरो, रांची के कार्यालय प्रमुख शाहिद रहमान की अहम भूमिका रही। दूरदर्शन समाचार ईकाई के प्रमुख दिवाकर कुमार एवं आकाशवाणी न्यूज की शिल्पी कुमारी भी शामिल हुए। इस त्रैमासिक हिंदी कार्यशाला एवं बैठक में पीआईबी, सीबीसी रांची के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारीगण/ कर्मचारी के साथ दूरदर्शन, आकाशवाणी रांची के अधिकारीगण भी शामिल रहे।

## राजस्व, निबंधन विभाग के सचिव से मिला चैंबर प्रतिनिधिमंडल

**रांची।** झारखंड चैंबर के एक प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को राजस्व, निबंधन एवं भूमि सुधार विभाग के सचिव अमिताभ कौशल से प्रोजेक्ट भवन स्थित कार्यालय में मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि लीज डीड स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्रेशन चार्ज की त्रुटियों में संशोधन की आवश्यकता है। प्रतिनिधिमंडल ने कहा कि राज्य में वैल्यू ऑफ डॉक्यूमेंट पर 4 फीसदी स्टांप ड्यूटी के साथ ही 3 फीसदी रजिस्ट्रेशन चार्ज का भुगतान करना पड़ रहा है। जबकि पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल, बिहार सहित अन्य प्रदेशों में यह शुल्क कम है। प्रतिनिधिमंडल ने अन्य प्रदेशों और झारखंड में लग रहे शुल्क की तुलनात्मक विवरणी उपलब्ध कराते हुए समानंतर पहल की मांग की। चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने कहा कि राजधानी रांची के ही तीनों जिला निबंधन कार्यालय में बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। नियमित रूप से साफ-सफाई नहीं होने के कारण कार्यालय परिसर में गंदगी भी एक प्रमुख समस्या है।

# मौलाना सैयद तहजैबुल हसन रिजवी 14 वीं बार हज के लिए हुए रवाना



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
राजधानी रांची के चर्चित एवं धार्मिक विद्वान सह एकता के प्रणेता, मानवता के मसीहा, ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड झारखंड के अध्यक्ष एवं राज्य हज कमिटी के सदस्य मौलाना सैयद तहजीब उल हसन रिजवी 14वीं बार हज बैतुल्लाह के लिए रवाना हुए। मौलाना ने मीडिया से कहा कि हज पर जाने का इरादा करना बंदे का काम होता है। हज बैतुल्लाह अपने घर में बुलाना खुदा का काम है।मौलाना ने कहा कि मैं अपनी जिंदगी का गावरांवित पल होता है। मौलाना सैयद तहबीहुल हसन रिजवी ने आगे कहा कि इस साल 105 हजयात्री इस्लामिक टूर एंड टट्रेवल्स लखनऊ के माध्यम से भारत के विभिन्न हिस्सों से मक्का और मदीना जा रहे हैं। इस्लामिक टूर के निदेशक हजरत मौलाना मुंतजिर जाफरी ने कहा कि मौलाना सैयद तहबीहुल हसन रिजवी न केवल हाजी बल्कि हाजियों के अमीर कारवां है। मौलाना के साथ जाने वालों में सैयद यूनुस रजा, कुरैशा खातून, डॉ इरशाद मासूमी, साकिब शामिल हैं। रांची एयरपोर्ट पर मौलाना को विदा करने वालो में पत्रकार आदिल रशीद, विधानसभा सचिव जावेद हैदर, शाहरुख रिजवी, डॉ. जैघम, राशिद मेहंदी, हाशिम अली, नौशाद अली, प्रिंस अजहीर बाकिर, हबीब अहमद, असद हुसैन, दानिश, अहमद, सैयद नेहाल हुसैन, एसएम नदीम, फराज अहमद, आदि शामिल थे।

# गोधन न्याय योजना शुरू, जैविक राज्य बनाना लक्ष्य : बादल पत्रलेख



**नवीन मेल संवाददाता**


**रांची।** कृषि मंत्री बादल ने सोमवार को हेसाग स्थित पशुपालन विभाग के सभागार में राज्य गोधन न्याय योजना का लोकार्पण किया। उन्होंने राज्य के विभिन्न जिलों से आए प्रगतिशील किसानों और दुग्ध उत्पादकों को संबोधित किया। कहा कि राज्य में गोवंश के गोबर से हम जैविक कृषि के क्षेत्र में झारखंड की पहचान बना सकते हैं। आज हम केमिकल फर्टिलाइजर पर आश्रित हैं, जो हमारे स्वास्थ्य पर गहरा असर छोड़ते हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के पांच जिलों से गोधन न्याय योजना की शुरूआत पायलट प्रोजेक्ट के रूप में हो रही है. इस प्रोजेक्ट की सफलता की समीक्षा के उपरांत पूरे राज्य में इसे चलाने की योजना बनाएंगे। बादल ने कहा कि राज्य में ज्यादा से ज्यादा जैविक खाद का उपयोग हो, हमारे उत्पादों को जैविक की मान्यता मिले, इसके लिए एजेंसी और सेंटर बनाने की तैयारी सरकार कर रही है। वर्मी कंपोस्ट के लिए 10 करोड़ के बजट का प्रावधान किया है। अगर यह सफल रहा, तो 100 करोड़ की योजना भी बनाई जाएगी। इस योजना के तहत राज्य के किसानों को 8 रुपए किलो वर्मी कंपोस्ट उनके इलाके में ही उपलब्ध हो सकेगा. साथ ही गोपालकों से 2 रुपए किलो गोबर सरकार लेगी और प्रसंस्करण के बाद किसानों को वर्मी कंपोस्ट के रूप में उपलब्ध कराएगी। इस मौके पर ऑर्गेनिक फार्मिंग अथॉरिटी ऑफ झारखंड के सीईओ शमहालिंगा शिवाजी ने कहा कि गोबर में पोषक तत्व होते हैं, जो मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बढ़ाते हैं।

## धनबाद : नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को बीस वर्ष की कैद

**धनबाद।** नाबालिग के साथ दुष्कर्म के आरोपी गोविंदपुर निवासी अनुज कुमार को धनबाद पोक्सो के विशेष न्यायाधीश प्रभाकर सिंह की अदालत ने बीस वर्ष की कैद से एवं दस हजार रुपये जुर्माना की सजा सुनाई है। प्राथमिकी पीड़िता की मां की शिकायत पर गोविंदपुर थाने में दर्ज की गई थी। प्राथमिकी के मुताबिक पीड़िता की मां नर्स का काम करती है, जबकि उसके पिता जैप के जवान हैं। मां व पिता की ड्यूटी में रहने के कारण पीड़िता घर में अकेली थी। 24 सितंबर 21 की संध्या 6:45 बजे पीड़िता को घर में अकेली पाकर आरोपी अनुज उसके घर में घुस गया और उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया। अनुज ने इसका वीडियो भी बना लिया और वायरल करने की धमकी दी। जब पीड़िता की मां वापस आई तो उसने घटना की जानकारी दी। अनुसंधान के बाद पुलिस ने 27 नवंबर 21 को अनुज के खिलाफ आरोप पत्र दायर किया था।

# शहर में मना बाल श्रम निषेध दिवस

## श्रम विभाग पांच वर्षों में केवल 20 का करा सका रेस्क्यू



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** शहर में बाल मजदूरी रुकने का नाम नहीं ले रही है। बाल मजदूरी के खिलाफ अभियान चलाने वाली साकची की बाल मजदूर मुक्ति सेवा संस्थान के मुताबिक शहर में करीब 6120 बाल मजदूर हैं। बाल श्रम के खिलाफ श्रम विभाग अभियान चलाने का दावा करता रहा है। जबकि विभाग ने पिछले 5 वर्षों में मात्र 20 बाल मजदूरों को विभिन्न इलाके से मुक्त कराया है। बावजूद शहर में बाल मजदूरी खुलेआम हो रही है। शहर के गैरेज, होटल और अन्य जगहों पर बच्चे मजदूरी करते दिख रहे हैं। 14 वर्ष से कम आयु वर्ग के अधिकतर बाल मजदूर होटल और गैरेज में काम कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। श्रम विभाग, कोल्हान प्रमंडल ने पांच वर्षों में 20 बाल श्रमिकों मुक्त कराया है। विभाग की ओर से 1 जून से बाल श्रमिकों को मुक्त कराने के लिए अभियान चलाया है। इसके तहत चाईबासा से 4 और जमशेदपुर से 1 बाल श्रमिक इस महीने मुक्त कराया है। इसी वर्ष चाईबासा से 6 और जमशेदपुर से 2 बाल श्रमिक मुक्त कराए गए हैं।

बाल श्रमिकों को सीडब्ल्यूसी को सौंपा जाता है। जो मजदूरी कराता है उन पर 20-50 हजार रुपए का दंड लगाया जाता है। 2 से 5 वर्ष तक कारावास का प्रावधान है। बाल श्रमिक को मुक्त कराने के बाद आवासीय विद्यालय में पढ़ाने की व्यवस्था है। **-अविनाश ठाकुर, श्रम अधीक्षक, पूर्वी सिंहभूम**

श्रम विभाग इसे लेकर अधिक तत्पर नहीं दिखाई देता है। विभाग के पास बाल श्रमिकों का कोई डाटा नहीं है। संस्था ने अपनी सर्वे रिपोर्ट विभाग को सौंपकर कार्रवाई की मांग की थी। कोई तेजी नहीं दिख रहा है। **-सदन ठाकुर, मुख्य संयोजक, बाल मजदूर मुक्ति सेवा संस्थान**

# पुलिस ने चोरी की 20 मोबाइल के साथ तीन को किया गिरफ्तार



**नवीन मेल संवाददाता**

**जमशेदपुर।** जमशेदपुर की बिरसानगर पुलिस ने घरों में घुसकर मोबाइल चोरी करने वाले तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। इनकी निशानदेही पर पुलिस ने चोरी की 20 मोबाइल को भी बरामद किया है। गिरफ्तार आरोपियों में बारीडीह बस्ती निवासी अजय रविदास उर्फ चौसठ, बिरसानगर जोन नंबर 8 निवासी अजय सिंह भूमिज उर्फ सुकू और शत्रुधन रविदास शामिल है। जानकारी देते हुए प्रभारी एएसपी सिटी सुमित कुमार ने बताया कि बिरसानगर और आस-पास के इलाकों में लगातार घरों में घुसकर चोरी की घटना सामने आ रही थी। इसी को लेकर एक टीम का गठन किया गया। टीम द्वारा टेक्निकल तरीके से काम कर चोरी की तीन मोबाइल के साथ अजय रविदास को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में रविदास ने बताया कि उसने चोरी की मोबाइल अपने साथी अजय सिंह और शत्रुधन को बेचने के लिए दिया है। पुलिस ने छापेमारी कर अन्य दो आरोपियों को भी गिरफ्तार किया। एएसपी सुमित अग्रवाल ने बताया कि बीते पूछताछ में अजय ने बताया कि उसकी में भीख मांगकर घर चलाती है जो उसे अच्छा नहीं लगता। घर का खर्च चलाने के लिए ही उसने चोरी करना शुरू किया। वह बस्तियों में घूमकर ऐसे घर को निशाना बनाता था जिसका दरवाजा या खिड़की खुली होती थी। ऐसे घरों में घुसकर मोबाइल चोरी कर लेता था और उसे अपने साथियों को बेचने के लिए दे देता था। दोनों साथी मोबाइल को फेरी वाले को बेच दिया करते थे। एएसपी ने बताया कि अजय रविदास और अजय सिंह पूर्व में भी जेल जा चुके है।

## बाबूडीह में कमरे में मिला युवक का शव हत्या की आशंका

**धनबाद।** धनबाद सदर थाना क्षेत्र के बाबूडीह में 12 जून की अहले सुबह किराए के मकान में रह रहे झरिया के युवक राजेश कुमार (30 वर्ष) का शव मिलने से मोहल्ले में दहशत फैल गई। उक्त मकान रमेश पांडेय का है। सुबह में घर की बालकनी से रिसता खून देख मोहल्ले के लोगों की भीड़ जुअ गई। युवक का शव अर्द्धनग्न अवस्था में कमरे में फर्श पर पड़ा हुआ था। स्थानीय लोगों की सूचना पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच की। सदर थाना के एएसआई रवि रंजन पटेल ने बताया कि मृतक राजेश कुमार झरिया के कोयरीबांध का रहनेवाला था। वह अपनी पत्नी और एक साल के बच्चे के रमेश पांडेय के मकान में किराए पर रह था। एएसआई ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हत्या का मामला प्रतीत होता है। क्योंकि मृतक के शरीर पर फफोले उठ आए हैं और शरीर से खून बह रहा था। परिजनों के आने के बाद शव का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

# किरीबुरु : चिल्ड्रेन पार्क के सौंदर्यीकरण का कार्य शुरू



**नवीन मेल संवाददाता**

**चाईबासा।** सेल किरीबुरु प्रबंधन के सिविल विभाग द्वारा किरीबुरु टाउनशिप का चिल्ड्रेन पार्क का सौन्दर्यिकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है। पहले चरण में पार्क के चारों तरफ एवं बीच में वाकिंग फूट-पाथ का निर्माण कार्य प्रारम्भ कराया गया है। पार्क में काफी संख्या में बडे-बडे. साल पेड़ों के बीच से लोग वॉकिंग का बेहतर आनंद लेते हुये शारीरिक रूप से फीट रहेंगे। पार्क के बीच में गोलाकार स्ट्रक्चर बनाया जा रहा है। इससे यहां की खूबसूरती बढेगी. इस संबंध में महाप्रबंधक डीबी जयकर ने बताया की पार्क को धीरे-धीरे बेहतर पार्क में परिवर्तित किया जायेगा। पहले चरण में यह कार्य प्रारम्भ हुआ है। बाद में बच्चों के लिये झूले आदि भी लगाने की योजना है। उल्लेखनीय है कि प्रारम्भ में इस पार्क में विभिन्न प्रकार के झूले, रंग-बिरंगी लाइटें आदि थी। शहर का यह खूबसूरत पार्क था।

## हजारीबाग : छड़वा डैम में डूबने से युवक की मौत

**हजारीबाग।** जिले के कटकमदाग थाना क्षेत्र स्थित छड़वा डैम में डूबने से एक युवक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान पकरार गांव निवासी दीपक कुमार (35 वर्ष) के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि वह किसी काम से सोमवार की सुबह घर से बाइक लेकर निकला था। सुबह 8:30 बजे जानकारी मिली कि वह छड़वा डैम में डूब गया है। उसकी बाइक सड़क किनारे खड़ी मिली। जिसके बाद स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना कटकमदाग थाना को दी। सूचना पाकर पुलिस डैम पर पहुंची और शव को डैम से निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इधर कुछ लोगों का कहना है कि युवक बाइक खड़ा कर डैम में घुसा था। पुलिस मामले की छानबीन में जुटी है।

## फुटपाथ दुकानदार विक्रेता संघ का हुआ गठन

**गिरिडीह।** शहर के बुलाकी रोड स्थित सकीना होटल में 12 जून को फुटपाथ दुकानदारों की बैठक में फुटपाथ दुकानदार विक्रेता संघ का गठन किया गया। बैठक में नेशनल एसोसिएशन स्ट्रीट वेंडर ऑफ इंडिया (नासवी) के सिटी मैनेजर स्नेहम कुमार सिन्हा ने प्रधानमंत्री स्ट्रीट वेंडर्स आत्मनिर्भर निधि और गिरिडीह के फुटपाथ दुकानदारों की समस्याओं पर चर्चा की। संघ गठित होने के बाद सभी सदस्यों की सहमति से गुलाम मुस्तफा उर्फ टार्जन अध्यक्ष, मंजूर अंसारी उपाध्यक्ष, इकबाल अंसारी कोषाध्यक्ष, अफगान उर्फ बबलू सचिव और दीपक सह सचिव चुने गए. इसके अलावा सात कार्यकारिणी सदस्य भी चुने। संघ गठित होने के बाद स्नेहम कुमार सिन्हा और कौशिक विद ने संघ के गठन से होने वाले लाभ के बारे में बताया। फुटपाथ दुकानदारों की समस्याओं को लेकर नगर आयुक्त और लीड डिस्टिक मैनेजर (एलडीएम) को पत्र दिया।

## वृद्ध महिला का शव बरामद, जांच में जुटी पुलिस

**चाईबासा।** तांतनगर ओपी अतंर्गत सिनी गांव खड़कई नदी स्थित चट्टान के पास से तांतनगर ओपी पुलिस ने वृद्ध महिला का शव बरामद किया है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा सदर अस्पताल भेज दिया है। महिला के पास से पुलिस ने आधार कार्ड व बैंक पासबुक बरामद किया है। महिला झींकपानी थाना क्षेत्र के आसुरा इचासाई की रहने वाली है। जेमा बुड़ीउली (70) के रूप में पहचान हुई है। पुलिस ने महिला के परिजनों को सूचना दे दी है। ओपी प्रभारी राहुल कुमार राम ने बताया कि जेमा पैसा निकालने के लिए घर से निकली थी, भटक कर सिनी गांव पहुंची गई। एक रात स्कूल भवन में रूकी थी। दूसरे दिन नदी पार कर राजनगर प्रखंड क्षेत्र तरफ जा रही थी। महिला खाने के बाद पानी पीने के लिए नदी में उतरी, उसी बीच उसका पैर फिसल गया और उसकी मौत हो गई। बरहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए चाईबासा भेज दिया गया है।

## सिविल कोर्ट में पहले दिन 41 मामले निष्पादित

**रांची।** झालसा के निर्देश पर रांची सिविल कोर्ट में पारिवारिक मामलों के निष्पादन के लिए विशेष मध्यस्थता अभियान की शुरूआत की गई। यह अभियान 16 जून तक चलेगा। सोमवार को अभियान की शुरूआत फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ऋषिकेश कुमार ने की। इस दौरान सिविल कोर्ट के अन्य न्यायिक पदाधिकारी और बार के अध्यक्ष शंभू अग्रवाल और महासचिव संजय विद्रोही भी मौजूद रहे। फैमिली कोर्ट के प्रधान न्यायाधीश ऋषिकेश कुमार ने मध्यस्थों और अधिवक्ताओं से कहा कि आपसी तालमेल व मध्यस्थता के माध्यम से अधिक से अधिक वादों को सुलझायें, ताकि न्यायालय में लंबित वादों को कम किया जा सके। पांच दिवसीय विशेष मध्यस्थता अभियान के पहले दिन कुल 41 मामलों को सफलतापूर्वक निपटाते हुए निष्पादित कर दिया गया।

## चोरी की 5 बाइक बरामद, तीन आरोपियों को जेल

**हजारीबाग।** हजारीबाग जिला के केरेडारी में पुलिस ने चोरी की पांच बाइक को बरामद किया है। साथ ही तीन आरोपियों को जेल भेज दिया है। थाना प्रभारी एन जी केरकेट्टा ने बताया कि 11 जून को भवानी कुमार महतो ने बाइक चोरी से संबंधित आवेदन दिया था। जिसमे पुरना बांध के पिंटू कुमार उर्फ खिरोधर यादव, सूरज यादव, अशोक यादव और धर्मेंद्र भुइयां के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया था। जांच के दौरान टंडवा के पिंटू कुमार उर्फ खिरोधर यादव को गिरफ्तार किया गया। उसकी निशानदेही पर दो अन्य आरोपियों और चोरी की पांच बाइक बरामद की गई। आरोपियों के पास से लाल रंग की पैशन प्रो जेएच 13 एफ 5712, टीवी एस स्पोर्ट जेएच 02 बीके 3662, काले रंग की पल्सर जेएच 01 ए एल 2322, लाल रंग की हीरो होंडा जेएच 01 क्यू 1923 और एक पैशन प्रो जेएच 01डी पी 1770 बरामद की गई।

### पेयजल समस्या को लेकर बैठक

# शहर के ऊंचाई वाले इलाकों में बनेंगी नई पानी की टंकियां



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद शहर समेत जिले के विभिन्न क्षेत्रों में व्याप्त पेयजल संकट के समाधान के लिए डीसी संदीप सिंह ने 12 जून को जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। बैठक में नगर निगम के अंतर्गत आने वाले ऊंचाई वाले क्षेत्रों में पानी पहुंचाने के मुद्दे पर विचार-विमर्श किया गया। शहर के ऊपरी इलाके धैया, मटकुरिया, कुसुम बिहार, नूतनडीह, सिमलडीह, भूदा व आसपास के क्षेत्रों में नई पानी टंकी बनाकर जलापूर्ति का निर्णय लिया गया। पीएचईडी के कार्यपालक अभियंता ने बताया कि शहर को प्रतिदिन 55 से 56 एमएलडी पानी दिया जा रहा है। लेकिन बिजली की समस्याओं की वजह से जलापूर्ति ठीक से नहीं हो पा रही है। इस समस्या के समाधान का प्रयास किया जा रहा है। झमाडा में अलग लाइन देने के प्रस्ताव पर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि केंदुआ, करकेंद, गोधर सहित अन्य झमाडा क्षेत्रों में जलापूर्ति की जा सके। झमाडा में तकनीकी कर्मचारियों की संख्या बढ़ाने पर भी चर्चा हुई। बैठक में धनबाद विधायक राज सिन्हा, निरसा विधायक अपर्णा सेनगुप्ता, नगर आयुक्त सत्येंद्र कुमार, सांसद प्रतिनिधि नितिन भट्ट आदि उपस्थित थे।

# प्रिया की हत्या के मामले में परिजनों ने तोपचांची थाना के समीप किया प्रदर्शन



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** प्रिया की हत्या मामले में सोमवार 12 जून को न्याय की मांग करते हुए परिजनों व समाज के लोगों ने संध्या 7:30 बजे तोपचांची थाना के समीप प्रदर्शन किया। परिजनों ने तोपचांची थाना में लिखित आवेदन देते हुए बताया कि विग 1 जून को दुमदुमी निवासी पति मिथिलेश कुम्हार तथा परिवार के अन्य सदस्यों ने प्रिया कुमारी की हत्या कर दी। लिखित आवेदन में कहा गया है कि मिथिलेश ने प्रिया को बहला-फुसलाकर प्रेम जाल में फंसाया व विवाह कर लिया। परंतु परिवार वाले दहेज की मांग करने लगे। दहेज नहीं देने के कारण उसे लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा व अंततः हत्या कर दी। अखिल भारतवर्षीय चंद्रवंशी क्षत्रिय महासभा बाघमारा प्रखंड अध्यक्ष विनोद रवानी ने कहा कि न्याय मिलना चाहिए। तोपचांची पुलिस न्याय दिलाने में असमर्थ दिख रही है। पुलिस सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार कर जेल भेजने का काम करे। अगर तोपचांची पुलिस कार्रवाई नहीं करती है तो ग्रामीण एसपी से मिलकर न्याय की गुहार लगाएंगे। प्रिया कुमारी के पिता सनोज रवानी ने बताया कि ससुराल वालों ने उनकी बेटी की हत्या कर दी। मौत 1 जून 2023 को हो हुई। लगभग 13 दिन बाद भी तोपचांची पुलिस पोस्टमार्टम रिपोर्ट नहीं दे रही है। मां अंजनी देवी ने कहा कि पुलिस जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार कर बेटी न्याय देने का काम करे। हालांकि तोपचांची पुलिस लिखित शिकायत मिलने के बाद मामला दर्ज कर जांच पड़ताल में जुट गई है। मौके पर पंचायत समिति सदस्य जगदीश प्रसाद महतो, संजय रवानी, गीता देवी, शक्ति रवानी, अंजनी देवी, सनोज रवानी सहित अन्य उपस्थित थे।

**विरोध** — असफी अस्पताल व दर्जनों दुकान सहित अवैध निर्माण को किया ध्वस्त

# नगर निगम ने 8 लेन सड़क से हटाया अतिक्रमण



**नवीन मेल संवाददाता**

**धनबाद।** धनबाद नगर निगम की टीम ने सोमवार जून 12 को 8 लेन सड़क पर अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चलाया। असर्फी अस्पताल से बिनोद बिहारी चौक तक बुलडोजर से दर्जनों अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। टीम को असर्फी अस्पताल के सामने सबसे ज्यादा मशक्कत करनी पड़ी। सड़क के दो लेन पर दो पहिया और चार पहिया वाहनों का कब्जा था। टीम की कार्रवाई देख कुछ लोगों ने तो अपने वाहन साइड कर लिये, लेकिन कई लोग नहीं पहुंचे। टीम ने खुद दो पहिया वाहनों को सड़क से हटवाया। अस्पताल का जेनरेटर भी सड़क किनारे बने नाले से हटाया गया। अस्पताल की चाय-नाश्ता की दुकान को भी तोड़ा गया। इसके अलावा अस्पताल की बगल में बहुमंजिली इमारत की सीढ़ियों को भी तोड़ा गया. उसके आगे खुदाई कर 10 फीट लंबे नाले का आकार दिया गया। इस दौरान टीम के लोगों को अस्पताल के कर्मियों के विरोध का सामना भी करना पड़ा। टीम का नेतृत्व कर्ता अपर नगर आयुक्त महेश्वर कुमार महतो ने बताया कि दर्जनों लोगों ने नाले का अतिक्रमण कर दुकान का निर्माण कर लिया था। जहां तक नाला है, वहां से अतिक्रमण हटाया गया है। अस्पताल के सामने से भी अतिक्रमण हटाया गया है। ढाबा, रेस्टोरेंट, टाइल्स मार्बल की दुकान आदि से अवैध निर्माण को हटा दिया गया। दोबारा निर्माण करने पर जुमार्ना के साथ निगम एक्ट के तहत सख्त कार्रवाई की जाएगी। अभियान आगे भी जारी रहेगा। अभियान में नगर प्रबंधक सब्बीर आलम, रणधीर वर्मा, कुणाल सिंह, अभियंता अभिमन्यु सिंह, दीपक पंडित, सेनेटरी इंस्पेक्टर अनिल कुमार, अर्जुन राम सहित होम गार्ड के जवान और 50 से अधिक निगम कर्मी शामिल थे।

# धावा दल ने 4 बाल श्रमिकों का किया रेस्क्यू



**नवीन मेल संवाददाता**

**गिरिडीह।** सोमवार 12 जून को धावा दल ने बगोदर प्रखंड के विभिन्न प्रतिष्ठानों, होटलों, ढाबों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम मे बगोदर थाना अंतर्गत बस स्टेण्ड बगोदर, हरिहर धाम मंदिर रोड, राष्ट्रीय मुख्य मार्ग गैड़ा मे अवस्थित होटलों, ढाबो से चार बच्चे को रेस्क्यू किया गया। बच्चे ग्लास, कप, प्लेट धोने व साफ सफाई के काम मे लगे हुए थे। चारों बच्चों को बाल कल्याण समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया। धावा दल का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन अधिकारी डीके मिश्रा, बाल कल्याण समिति अध्यक्षा पूजा सिन्हा कर रहे थे। दल में जिला समन्वयक बचपन बचाओ आंदोलन, नीति आयोग की अंजलि, विधि सह प्रोवेशन अधिकारी, जिला बाल संरक्षण इकाई के अहमद अली, बनवासी विकास आश्रम, कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रेन फाउंडेशन के सुरेश कुमार शक्ति और अजय कुमार शामिल थे।

## रामगढ़ जिले में चल रहे विकास कार्यों की उपायुक्त ने की समीक्षा

# सरकार की योजना का लाभ योग्य लाभुकों को मिले : डीसी

**डीसी ने प्रखंड वार प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों से सृजित मानव दिवसों की जानकारी ली।**



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिले में चल रहे विकास कार्यों को लेकर सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक का आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत मनरेगा के तहत जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने प्रखंड वार प्रखंड विकास पदाधिकारियों सहित अन्य अधिकारियों से लक्ष्य के विरुद्ध सृजित मानव दिवसों की जानकारी ली। जिसके उपरांत उपायुक्त ने ज्यादा से ज्यादा मानव दिवस सृजित करते हुए योग्य व जरूरतमंद लोगों को मनरेगा से जोड़ने व उन्हें रोजगार उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही उपायुक्त ने मुख्यमंत्री पशुधन विकास योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, मिशन अमृत सरोवर, पोटो हो खेल विकास योजना की समीक्षा करते हुए कार्य प्रगति का जायजा लिया एवं लक्ष्य पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। प्रधानमंत्री आवास योजना सहित विभिन्न आवास योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने 2023 -2024 के लिए प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध अब तक हुए कार्यों की प्रखंड वार समीक्षा की। इस दौरान जिन प्रखंडों में उपायुक्त ने कार्य संतोषजनक नहीं पाया उनके संबंधित अधिकारियों को कार्य को गंभीरता से लेने एवं आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना के तहत लाभुकों को लाभ देने के तहत हुए कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने योजना के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा लाभुकों को लाभान्वित करने का निर्देश दिया। वहीं, प्री मैट्रिक एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के संबंध में उपायुक्त ने शेष बचे बच्चों को छात्रवृत्ति उपलब्ध कराने हेतु कार्य करने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। विभिन्न पेंशन योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में सर्वे कराकर यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कोई भी योग्य लाभुक पेंशन के लाभ से वंचित ना रहे वहीं उन्होंने पेंशन योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया। कृषि विभाग अंतर्गत विभिन्न योजनाओं की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने झारखंड कृषि ऋण माफी योजना के तहत सभी योग्य लाभुकों को लाभ सुनिश्चित करने हेतु शेष बचे हुए लाभुकों का ईकेवाईसी का कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने उर्वरक तथा बीज वितरण का कार्य ससमय पूर्ण करते हुए किसानों को लाभ देने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के तहत पूरे कार्यों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता पर मंडल से वर्तमान में जिले के अलग-अलग क्षेत्रों में चल रहे कार्य जानकारी ली वही उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल को जिले के सभी सरकारी विद्यालयों व आंगनवाड़ी केंद्रों में अनिवार्य रूप से जलापूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। दिव्यांगजनों को आसानी से दिव्यांगता प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने के मद्देनजर उपायुक्त ने सिविल सर्जन रामगढ़ को विभिन्न स्तरों पर शिविर आयोजित करने एवं जिला जनसंपर्क पदाधिकारी के साथ समन्वय कर शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। भवन निर्माण निगम द्वारा किए जा रहे कार्यों की विस्तार से जानकारी लेने के क्रम में उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को जल्द से जल्द चितरपुर एवं दुलमी प्रखंड में निर्माणाधीन झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। अंचलवार लंबित दाखिल खारिज मामलों की समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने सभी अधिकारियों को ससमय म्यूटेशन संबंधित कार्यों को पूर्ण करने का निर्देश दिया वहीं उपायुक्त ने भूमि, जाति, आय, आवासीय सहित अन्य प्रमाण पत्र लोगों को आसानी से उपलब्ध हो इस दिशा में कार्य करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, भूमि सुधार उप समाहर्ता, सिविल सर्जन, भू अर्जन पदाधिकारी, जिला स्तरीय वरीय पदाधिकारियों, अधिकारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

## इनक्रेडिबल क्रिकेट टीम बनी विजेता




**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** प्रखंड मैदान में चल रहे आशुतोष आदित्य मेमोरियल टी 20 नाक आउट क्रिकेट टूनार्मेंट मैच के दूसरे दिन इनक्रेडिबल क्रिकेट टीम हजारीबाग विजेता बना । इस मैच में स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया को 143 रन से हार का सामना करना पड़ा । टॉस जीतकर स्पोर्टिंग यूनियन तिलैया की टीम ने गेंदबाजी का फैसला लिया। जिसमे 20 ओवर 305 रन देकर कुल 9 विकेट लिए । जवाबी पारी खेलते हुए विपक्षी टीम मात्र 18.4 ओवर में ही 162 रन पर ही ढेर हो गए । इस मैच में इनक्रेडिबल क्रिकेट टीम हजारीबाग के खिलाड़ी मणिकांत ने सर्वाधिक 167 रन बनाए और 3 विकेट लिया। जिन्हे मैन ऑफ द मैच पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया। उक्त जानकारी बीएसए के संरक्षक अब्दुल मन्नान वारसी ने दी ।

## सांप काटने से प्रवासी मजदूर की मौत शोकाकुल परिजनों से मिले पूर्व विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**चलकुशा।** प्रखंड क्षेत्र के सलैयडीह पंचायत निवासी बुटन साव के पुत्र कृष्णा साव(27वर्ष) का निधन महाराष्ट्र के नासिक में जहरीला सांप काटने से हो गया। तत्पश्चात मृतक का शव सोमवार को पैतृक गांव सलैयडीह लाया गया।इस दुखद घटना की सूचना पाते ही पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव सलैयडीह पहुंचकर शोकाकुल परिजनों से मिले तथा ढाढस बंधाया । वही इस दुखद घटना से परिजनों का रो रो कर बुरा हाल था साथ ही आस पास के लोगों में मायूसी छाई हुई थी। पत्रकारों से बातचीत में पूर्व विधायक ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में कहीं भी समस्या आने पर लोग अपना समझ कर मुझे याद करते हैं तो मैं हर संभव उनके समस्या का समाधान करने का प्रयास करता हूं। बताया कि ग्राम पंचायत गड़गी निवासी संतोष साव की माँ के श्राद्धकर्म में सम्मिलित होकर उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। मौके पर मुखिया सुखदेव यादव, पंसस प्रतिनिधि उमेश ठाकुर, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दसरथ यादव,लक्ष्मण यादव, महेश यादव, महेंद्र साव, बिंदेश्वर साव, अर्जुन साव, मुकेश सिंह, महावीर सिंह सोना साव, महावीर साव, कारू साव, उमेश मोदी ,चंद्रदेव मोदी ,तारो साव, बालकी साव,पचु साव, यमुना साव, कुमार पांडेय, बासुदेव साव समेत दर्जनों की संख्या में स्थानीय लोग उपस्थिति थे।

## डीसी के निर्देश पर अवैध खनन को लेकर चला जांच अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में अवैध खनन पर पूरी तरह से रोक लगाने व दोषियों पर कड़ी कार्रवाई करने तथा एनजीटी द्वारा 10 जून से 15 अक्टूबर तक बालू के उठाव पर रोक के मद्देनजर जारी निर्देश के अनुपालन को लेकर उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा द्वारा अधिकारियों को योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में सोमवार को अनुमंडल पदाधिकारी, रामगढ़ मोहम्मद जावेद हुसैन की अध्यक्षता में जिला स्तरीय टास्क फोर्स के द्वारा गोला, दुलमी, चितरपुर एवं पतरातू प्रखंड में औचक जांच अभियान चलाया गया। जांच अभियान के दौरान गोला प्रखंड अंतर्गत 2 ट्रैक्टर बालू, चितरपुर प्रखंड अंतर्गत स्टोन चिप्स लदा एक हाईवा एवं 1 ट्रैक्टर, पतरातू प्रखंड अंतर्गत टोकीसूद क्षेत्र से 1 ट्रैक्टर बालू एवं दुलमी प्रखंड अंतर्गत 2 दो-पहिया वाहनों को अवैध रूप से कोयले का परिवहन करने पर जब्त करते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है। जांच अभियान के दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, संबंधित अंचल अधिकारियों, संबंधित थाना प्रभारियों सहित अन्य उपस्थित थे।

### बरही: अहले सुबह में हो रही है बालू की ढुलाई

### प्रखंड में नहीं है कोई अधिकृत बालू भंडारण स्थल : सीओ



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरही ।** एनजीटी लागू है, बालू उठाव पर प्रतिबंध लगे है ।बाबजूद बालू की ढुलाई जारी है । अहले सुबह से प्रखंड पुरहरा, बैरीसाल, कोल्हूआकला आदि विभिन्न बालू घाटों से बालू की ढुलाई जारी है । पूछे जाने पर नाम नही छापे जाने के शर्त पर एक ट्रैक्टर चालक ने बताया कि पापी पेट का सवाल है । बालू ही उनका धंधा है । ऋण पर ट्रैक्टर है, परिवार का खर्च भी चलाना है, इसके बंद होने से वह तबाह हो जायेगा ।रिस्क के सवाल पर बताया कि बच बचाकर और मिला जुलाकर धंधा चल रहा है । सरकार को बालू के संबंध में जनहित में निर्णय लेना चाहिए । इसकी आपूर्ति पूरी तरह बंद हो जाने से एक ओर जहां कंस्ट्रक्शन प्रभावित हो रहा है वही बालू की कीमत आसमान छू रहे है । साथ ही लोग बेरोजगार भी हो रहे है । सरकार को शीघ्र बालू घाटों की नीलामी या डीपू बनानी चाहिए। कोई अधिकृत भंडारण स्थल नही है : एनजीटी लागू है, बालू का उठाव पूरी तरह प्रतिबंधित है ।

## कर्जन ग्राउंड में आवासीय छात्राओं के लिए जिम खुला



**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** कर्जन स्टेडियम में स्थित बैडमिंटन इंडोर स्टेडियम भवन में खेल विभाग की ओर से जिम का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी उमेश कुमार सिन्हा ने किया। आवासीय बालिका क्रीड़ा प्रशिक्षण केन्द्र के प्रशिक्षणरत 50 प्रशिक्षुओं (25 एथलेटिक्स एवं 25 फुटबॉल) के खिलाड़ियों के फिटनेस को ध्यान में रखते हुए जिम का उद्घाटन किया गया है। इस प्रशिक्षण केन्द्र की खिलाड़ी अस्तम उरांव अंडर-17 वर्ल्डकप टीम की कैप्टन रह चुकी है। वहीं प्रीति लकड़ा राष्ट्रीय स्तर पर ट्रिपल जंप में गोल्ड मेडल प्राप्त कर चुकी है। इस जिम में अत्याधुनिक उपकरण की सुविधा उपलब्ध है। जिम के लिए खेल विभाग ने वर्ष 2021-22 में पंद्रह लाख रुपए की राशि उपलब्ध कराई थी। उद्घाटन समारोह में जनसंपर्क पदाधिकारी पंचानन उरांव, हॉकी प्रशिक्षक कोलेश्वर गोप, संदीप खलखो, कुंदन कुजूर, बैडमिंटन प्रशिक्षक अभिषेक कुमार, कार्यालय के प्रधान लिपिक शेखर कुमार, संगणक संचालक विकास कुमार समेत कई खिलाड़ी उपस्थित थे।

### डीसी की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक

## योजनाओं को लेकर आवश्यक निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रामगढ़।** जिला समाहरणालय सभाकक्ष, रामगढ़ में सोमवार को उपायुक्त रामगढ़ माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में डीएमएफटी के न्यास परिषद की बैठक संपन्न हुई। इस दौरान राज्यसभा सदस्य डॉ. महुआ माजी, विधायक रामगढ़ सुनीता चौधरी, विधायक बड़कागांव अंबा प्रसाद, पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे, जिला परिषद अध्यक्ष सुधा देवी सहित अन्य अधिकारी समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक में उपस्थित हुए। वहीं, विभिन्न पंचायतों के मुखिया व अन्य जनप्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में उपस्थित रहे। बैठक के दौरान जिला योजना पदाधिकारी ने न्यास परिषद से अनुमोदन हेतु विभिन्न योजनाओं के संबंध में राज्यसभा सदस्य, विधायक, उपायुक्त सहित अन्य को विस्तार से जानकारी दी। बैठक के दौरान राज्यसभा सदस्य, विधायक एवं उपायुक्त सहित अन्य जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों द्वारा रामगढ़ जिले के विभिन्न प्रखंडों के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्रों में चहारदीवारी निर्माण योजना, सरकारी विद्यालयों में अतिरिक्त वर्ग कक्ष के निर्माण, विभिन्न सड़क योजनाओं, मोबाइल ब्लड कलेक्शन एंड ट्रांसपोर्टेशन वैन योजना, 586 विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत बर्तनों की आपूर्ति, डीएमएफटी मद से रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 10वीं तथा 12वीं के छात्र छात्राओं के लिए कैरियर गाइडेंस एंड काउंसलिंग योजना, डीएमएफटी मद से रामगढ़ जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा 12 वीं के छात्र छात्राओं के लिए प्री रिक्रूटमेंट ट्रेनिंग योजना, रामगढ़ जिला अंतर्गत कुल 113 विद्यालयों में मध्यान्ह भोजन योजना अंतर्गत किचन व स्टोर कक्ष निर्माण कार्य योजना, प्रखंड विकास पदाधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं की अनुशंसा, कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय रामगढ़ एवं मांडू में रसोईघर निर्माण योजना, पतरातू प्रखंड अंतर्गत टोकी में मगरदहा नदी पर पुल निर्माण योजना, जनप्रतिनिधियों से प्राप्त अनुशंसाओं सहित अन्य योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में विस्तार से चर्चा करने के उपरांत महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए वही उनके द्वारा योजनाओं को लेकर आवश्यक निर्देश भी दिए गए। बैठक के दौरान उपायुक्त माधवी मिश्रा ने सभी जनप्रतिनिधियों से डीएमएफटी के तहत स्वास्थ्य, शिक्षा, आजीविका सहित सभी क्षेत्रों से योजनाओं को चुनने व अनुशंसा कर भेजने की अपील की। साथ ही बैठक के दौरान वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों ने भी अपने-अपने योजनाओं व अन्य विकास कार्यों को बैठक में रखा।

### बीएसएफ ने किया वॉकथॉन का आयोजन, बोले महानिरीक्षक इंद्रजीत सिंह

# वॉकथॉन के अभ्यास से शरीर रहता है स्वस्थ




**नवीन मेल संवाददाता**

**हजारीबाग।** सीमा सुरक्षा बल नई दिल्ली के निर्देश पर बीएसएफ मेरु कैंप ने अमृत महोत्सव और फिट इंडिया कार्यक्रम के तहत सोमवार की सुबह पांच बजे 10 किलोमीटर का वॉकथॉन का आयोजन किया। इसका मूल उद्देश्य आम नागरिकों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना व उन्हें शारीरिक व मानसिक तौर पर मजबूत करना है। वॉकथॉन मेरू कैंप से प्रारंभ होकर मेरू गांव, सिलवार कला, सिलवार खुर्द व आसपास के ग्रामीण इलाकों से होते हुए परिसर स्थित एडम पीटी ग्राउंड पहुंचा. 10 किमी सफर के बाद सुबह सात बजे समाप्त हुई। वॉकथॉन में मेरू कैंप के अधिकारियों और कार्मिकों ने हिस्सा लिया। इस दौरान आम नागरिकों को मेरू कैंप के कार्मिकों ने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया। कई जगहों पर आम नागरिकों ने रैली में हिस्सा भी लिया। समारोह के समापन पर इंद्रजीत सिंह राणा, महानिरीक्षक, प्रशिक्षण केन्द्र एवं विद्यालय ने कहा कि वॉकथॉन के निरंतर अभ्यास से हमारा शरीर स्वस्थ रहता है। वॉकथॉन जैसी गतिविधियों से संपूर्ण शरीर का व्यायाम होता है। इससे शारीरिक व मानसिक तौर पर स्वस्थ रहने में मदद मिलती है। हमें स्वस्थ जीवन जीने के लिए हर रोज 40 से 50 मिनट का समय शारीरिक गतिविधियों में व्यतीत करना चाहिए। स्वस्थ शरीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करता है।

## तापमान 41 के पार, गर्मी और लू से लोग बेहाल, 10 बजते ही पसर जाता है सन्नाटा



**नवीन मेल संवाददाता**

**बरकट्ठा।** इन दिनों प्रखंड क्षेत्र में तापमान भयंकर उछाल पर है। पारा 41 डिग्री सी से पार होने लगा है। भीषण गर्मी, चिलचिलाती धूप और लू के थपेड़ों ने लोंगो को जीना मुहाल कर दिया है। सुबह के आठ बजे से ही धरती गर्म होने लगता है। खुले पांव 10 कदम भी चलना मुश्किल हो जाता है व पैर जलने लगते हैं। 10 बजे पूर्वाह्न से लेकर शाम के पांच बजे तक बाजार से लेकर सड़क तक वीरानी छा जाती है। भयानक गर्मी और चिलचिलाती धूप से हांथ पांव समेत चेहरा झुलस जा रहा है। लोग घरों में कैद हो जा रहे हैं। आवश्यक कार्य पड़ने पर ही लोग मजबूर होकर घर से लोग निकलते हैं। नियमित बिजली आपूर्ति नहीं रहने से घरों में रहने के बावजूद गर्मी से लोग बेचैन हो रहे हैं। भीषण गर्मी और चिलचिलाती धूप से नदी, तालाब, कुआं सुख चुका है। चापानल का भी जलस्तर पाताल चला गया है। चापाकल के 10 बार हैंडल चलाने पर एक लोटा पानी निकल रहा है। जलस्त्रोत सूखने से लोग किसी तरह अपना कंठ गिला कर रहे हैं। लेकिन सबसे अधिक परेशानी मवेशियों को हो रही है जो पानी के लिए भटकते देखे जा रहे हैं। जंगली जानवर पानी की खोज में ग्रामीण क्षेत्र के गांव तक भटकते हुए पहुंच रहे हैं। पेयजल की सबसे बड़ी विकट स्थिति कोनहारा कला, सिझुआ, डेबो, पंचरुखी, तिलैया, पातीतिरी, करन्डो, जवार पहाड़पुर में है। बाजार में कहीं भी प्याऊ नहीं होने से लोग प्यास बुझाने के लिए दुकानों से पानी बोतल खरीद कर अपनी प्यास बुझा रहे हैं। वहीं सरकार द्वारा स्कूलों की छुट्टी बढ़ाने पर बच्चों समेत अभिभावकों ने राहत की सांस ली है।

# 29 को खाटू श्याम जी की निकलेगी निशान यात्रा



**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** श्याम शरण में आजा रे की एक बैठक श्री अग्रसेन भवन झुमरी तिलैया में हुई। जिसमें आगामी 14 अरदास कीर्तन धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया । इसके लिए एक पर्ची निकाली गई ।जिसमें मनोज चौधरी कुसुम चौधरी के नाम पर यह पर्ची निकली और अगले 15 दिनों के अंदर अरदास कीर्तन बाबा श्याम का दरबार सजाकर अखंड ज्योत के साथ आयोजन किया जाएगा। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया प्रभु श्याम का गुणगान हर घर तक पहुंचाना है और इसके लिए कई लोग श्याम शरण में आजा रे से जुड़ रहे हैं। रवि दाहिमा, पप्पु सिंह, विपुल चौधरी ने बताया कि श्याम शरण में आजा रे देश स्तरीय धार्मिक संगठन है और कलयुग में बाबा श्याम की पूजा में श्रद्धालु भक्त जुड़ते ही जा रहे हैं अभी तक 178 सदस्य धार्मिक संगठन से जुड़ चुके हैं और कोडरमा जिले से कई और श्रद्धालु भक्त प्रतिदिन जोड़ रहे हैं । बैठक में दीपेश जेठवा विवेक सहल उमंग कंदोई संजय नरेड़ी संतोष लड्ढा उमेश जोशी पियुष सहल मनोज जोशी रणधीर कपसिमें आदि उपस्थित थे । वहीं दूसरी ओर श्याम महिला समिति के तत्वावधान में 14 जून को पानी टंकी रोड स्थित श्री श्याम मंदिर में अखंड ज्योति पाठ का आयोजन द्वारा किया जाएगा इसी मंडल के सदस्यों के द्वारा आगामी 29 जून को निशान पदयात्रा दुर्गा मंदिर झंडा चौक से निकाली जाएगी । यह जानकारी महिला समिति पिंकी खेतान कृतिका मोदी ने बताया कि महिला प्रेमी की लगभग 18 सदस्य खाटू श्याम के दर्शन के लिए रींगस से खाटू के लिए 18 किलोमीटर निशान यात्रा में राजस्थान गई थी । और श्याम बाबा के अलौकिक श्रृंगार के साथ कीर्तन में भी शामिल हुई थी ।

## प्रेरणा शाखा का रक्तदान शिविर आज

**झुमरीतिलैया।** मारवाड़ी युवा मंच की इकाई प्रेरणा शाखा के तत्वावधान में मंगलवार को श्री अग्रसेन भवन में झुमरी तिलैया में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी प्रेरणा शाखा के अध्यक्ष श्रेया केडिया सारिका लड्ढा एवं परियोजना निदेशक शैलजा केडिया ने दी । उन्होंने बताया कि कार्यक्रम में मुख्य रूप से जैन समाज के पूर्व अध्यक्ष सुशील छाबड़ा के अलावा आईएमए के पदाधिकारी डॉ नरेश पंडित रेड क्रॉस सोसाइटी के चेयरमैन डॉ0 आरके दीपक सह चेयरमैन डॉ सुजीत कुमार राज सचिव सुरेश पिलानिया के अलावा सामाजिक संगठन के पदाधिकारी गण उपस्थित रहेंगे।

# कोलेबिराः जंगली हाथी का उत्पाद का कहर, दो लोगों का टूटा आशियाना



**नवीन मेल संवाददाता**

**कोलेबिरा।** जिला के कोलेबिरा थाना क्षेत्र अंतर्गत बरस लोया क्षेत्र के बेलोटोली फुलझर क्षेत्र में जंगली हाथी ने कल अहले सुबह से ही उत्पात मचा रखा था क्षेत्र में लोगों के मन में भय का माहौल बैठा हुआ था लोग घर से बाहर नहीं निकल रहे थे जंगली हाथी ने दिन भर पूरे क्षेत्र में आतंक मचा रखा था जिसकी सूचना वन विभाग को दिया गया था वहीं वन विभाग के वन परिसर पदाधिकारी के सतेंद्र कुमार एवं वन विभाग के जवानों के साथ ग्रामीण, ग्राम पंचायत मुखिया संदीप सद मुंडा के सहयोग के द्वारा बेलोटोली एवं फुलझर क्षेत्र से रात्रि में हाथी को भगाने का कार्य किया गया और हाथी को दूसरे क्षेत्र की ओर खदेड़ दिया गया परंतु जाते-जाते बरस लोया क्षेत्र के सरना टोली के समीप जसिंता कुल्लू पति स्वर्गीय पतरिस कुल्लू एवं इलिसबा कुल्लू स्वर्गीय मार्कस कुल्लू केआशियाने को जंगली हाथियों ने उजाड़ रखा और साथ में उरद एवं बर्तन को भी बर्बाद कर दिया।

### मुखिया को परबा रायकोना के ग्रामीणों ने वोट देकर दो बार जिताया

# बूंद-बूंद के लिए तरस रहे हैं रायकोनावासी



**नवीन मेल संवाददाता**

**जलडेगा।** प्रखण्ड के परबा पंचायत अंतर्गत रायकोना पहाड़ टोली के ग्रामीण पीने के पानी के लिए विगत तीन महीने से दर दर भटक रहे हैं। गांव में ना जलमीनार है ना चपाकल और ना ही कोई अन्य श्रोत। एक मात्र पुर्वजों का बनाया गया कुंआ है जो तीन महिने पुर्व सुख गया है। गांव के दस परिवार तीन किलोमीटर दूर ग्राम जामटोली से पानी लाकर प्यास बुझा रहे हैं। मवेशीओं के पिने एवं नहाने के लिए काफी जद्दोजहद करना पड़ता है कभी कभी परिवार के सदस्य तो नहाते भी नहीं है। ग्रामीणों का आरोप है कि वे बीडीओ, प्रमुख, मुखिया, वार्ड से कई बार गांव में मनरेगा के तहत कूप निर्माण कराने या चपाकल खोदवाने के लिए लिए आवेदन देकर निवेदन कर चुके हैं। लेकिन कोई उनकी ओर ध्यान नहीं देता है, सिर्फ सक्षम परिवारों को मनरेगा का योजना दिया जा रहा है... गरीबों से सिर्फ वोट लेने आते हैं। गांव की मुखिया बिमला देवी भी लगातार दुसरी बार पंचायत मुखिया के रुप में चयनित हुई लेकिन गांव की समस्या जानते हुए भी आंख बंद किए हुए है। पंचायत में आम जनता की सुनने वाला कोई नहीं है। ग्रामीणों का कहना है अगले कुछ दिन ही गांव तक चपाकल गाड़ी आ सकती है। अगर आएगी तो ग्रामीण श्रमदान कर रोड ठीक कर गांव तक चपाकल गाड़ी को पहुंचाएंगे।ग्रामीण सुखराम मांझी, धाधू मांझी, रोटा मांझी, पूसा मांझी, कुंती देवी, मिथिला देवी, सधनी देवी, सोनामती देवी, धनमाइत देवी, उग्रसेन मांझी सहित अन्य ग्रामीणों का कहना है कि गर्मी के दिनों लम्बे अरसे से गांव के लोग इस समस्या से जुझ रहे हैं। कई बार सरकार आपके द्वार का आयोजन भी हुआ लेकिन अधिकारी आते और पिकनिक जैसे खाना पीना खा कर चले जाते.. कई बार लिखित आवेदन दिया गया लेकिन अब तक उनके गांव में मनरेगा से एक कुंआ तक नही दिया गया।

## छत से गिरकर किशोरी घायल, अस्पताल में भर्ती

**ठेठईटांगर।** ठेठईटांगर प्रखंड के ताराबोगा ढोड़ीटोली गांव में छत से गिरने से किशोरी गंभीर रूप से घायल हो गई घायल को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां उसकी उपचार चल रही है किशोरी की पहचान अंजली कुमारी बड़ाईक के रूप में हुई। घटना के संबंध में उसकी मां ने बताया कि आंधी तूफान की वजह से छत में सुखाय कपड़े सहित अन्य सामानों को लाने के लिए अंजलि छत पर गई इसी बीच तेज आंधी तूफान की वजह से वह अपना संतुलन खो बैठी और फिसल कर छत से नीचे गिरी जिसके बाद उसके कमर हाथ सहित कई हिस्सों में चोट लगी। काफी देर तक जब बेटी छत से नहीं उतरी तब मां खोजबीन की तब वह देखी कि उसकी बेटी नीचे बेसुध अवस्था में पड़ी हुई है ।तत्काल उसे सदर अस्पताल लाया गया जहां उसकी इलाज चल रही है फिलहाल वह खतरे से बाहर है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**बोलबा।** थाना क्षेत्र के सारसलोगरी मोड़ के पास मोटरसाइकिल दुर्घटना में एक व्यक्ति घटनास्थल पर मौत हो गयी मृतक की पहचान समशेरा डेरा टोली गांव निवासी राजकिशोर बड़ाईक के रूप में हुई ।घटना का सूचना मिलते ही तत्काल उसे सामुदायिक स्वास्थ केंद्र बोलबाला या जहां से उसे चिकित्सक मौजूद नहीं रहने पर तत्काल इलाज हेतु सदर अस्पताल सिमडेगा भेजा जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार बोलबा प्रखंड के सारसलोगरी मोड़ के पास राजकिशोर बड़ाईक जो अपने दोस्त को कुरडेग छोड़ने गया था वापस लौट रहा था इसी क्रम में अचानक अपने मोटरसाइकिल से नियंत्रण को ते हुए पेड़ से टकरा गया और गंभीर रूप से उसे चोट लगी। अचेत अवस्था में देख ग्रामीणों ने बोलबा पुलिस एवं 108 एंबुलेंस को फोन कर सूचना दिया थाना प्रभारी अरुनिष रोशन ने पुलिस बल के साथ घटनास्थल पहुंचकर अचेत व्यक्ति को एंबुलेंस की मदद से बोलबा अस्पताल लाया गया। इधर सदर अस्पताल सिमडेगा में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया वही मामले की जानकारी मिलने के बाद सिमडेगा सदर थाना के पुलिस पहुंची एवं शव को अपने कब्जे में लिया जिसके बाद पोस्टमार्टम करवाते हुए शव परिजनों को सौंप दिया।

## जिला परिषद अध्यक्ष ने की समीक्षा बैठक

**बानो।** प्रखण्ड कार्यालय बानो के सभागार में जिला परिषद अध्यक्ष रोस प्रतिमा सोरेंग की उपस्थिति में बिभिन्न योजनाओं का समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया।बैठक में डॉ संजय कुमार रवि ने जानकारी देते बताया कि कुष्ठ रोग के लिये बिशेष कार्यक्रम का आयोजन15 जून से 30जून तक पूरे प्रखण्ड में चलाया जाएगा।मनरेगा योजना के तहत प्रखण्ड में 168 आम बागवानी कार्य चलने ,पीएम आवास को जल्द पूर्णकरने पर चर्चा की गई।प्रखण्ड में 347 पीएम आवास के कार्य मे धीमी है।जिस पर कार्यवाही करते हुए जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।मुख्यमंत्री पशु धन योजना के तहत 46 यूनिट उन्नत नश्ल के पशु वितरण करने की जानकारी दी गई।जेएसएलपीएस योजना द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया कि1635 महिला समिति मे 758 महिला समिति का आधार सिडिंव कार्य हो चुका है , इस पर चर्चित करते जल्द सभी का आधार सिडिंग करने का निर्देश दिया गया ।जल नल योजना भारी गड़बड़ी को देखते हुए बैठक में कई जगहों की शिकायत की गई।कई जगह पानी नही निकलने पर भी पानी टँकी लगाने ,घर तक पाइप नही लगाने आदि विषयों पर चर्चा की गई।पबुड़ा पंचायत में बने तालाब में पानी जगह पर महुवा सुखाने पर भी चर्चा की गई ।इसी तरह अमृय सरोवर के तहत बने तालाबो में पानी होने की चर्चा की गई। बैठक जिला परिषद बिरजो कंडुलना, बीडीओ यादव बैठा ,महाबीर सिंह ,आशुतोष कुमार आदि लोग उपस्थित थे।

## ट्रेन से कटकर 9 पशुओं की मौत

**बानो।** कनारोवां पंचायत के रेलवे स्टेशन उतर केबिन से पहले कटाईन में पिछले दिन 11 जून को बघरूपटा लाइन टोली के किसानों का 9 गाय एवं बैल जम्मूतवी संबलपुर एक्सप्रेस से कट कर घटना स्थल पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों के अनुसार गाय तथा बैल कटाईन के किनारे नाली में पानी की तलास और ट्रेन से फेंके गए खाने की वस्तु के कारण भटक कर चले गए थे। वही हटिया की ओर से आ रही जम्मूतवी एक्सप्रेस के चपेट में आ गए। जिन किसानों का पशु दुर्घटना में मौत हुए काफी निराश हो गए है। मालूम हो की आने वाला 5 से 10 दिन के अंदर मानसून आयेगी तो अपने अपने खेतों की जुताई शुरू होना था। बताया गया कि किसान लोंडे लुगुन की 1गाय और 3 बैल,पटेल लुगुन की 2 गाय और 2 बैलवही जुएल लुगुन की 1 बैल शामिल है। इस घटना की जानकारी ग्रामीणों ने मुखिया मिन्सी लीना तिर्की को दी तथा सरकार से मुवाजा की मांग करने की बात कही है।

## युवा सम्मेलन का आयोजन

**सिमडेगा।** केरसई प्रखंड के बासेन पंचायत के किनकेल पारिस के ढिंगुरपानी लोंगोटोली मण्डली में युवा सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यि अतिथि के रुप में विधायक भूषण बाड़ा उपस्थित थे। विधायक ने कहा कि किसी भी देश व समाज को बनाने या बिगाड? में उस देश की युवा पीढ़ी की मुख्य भूमिका होती है। युवा पीढ़ी में न केवल जोश व उत्साह होता है। बल्कि उनमें नए विचारों की सृजनात्मक व परिर्वतन लाने वाली दक्षता भी होती है। विधायक ने कहा कि यदि युवा अपने मन में कुछ करने की ठान लें तो उनके लिए कुछ भी असम्भव नहीं है। आज के डिजिटल युग में युवा वर्ग एक बहुत बड़ी जिम्मेदारी निभा सकता है। बुरी संगत को त्याग कर अच्छी संगत का साथ देना चाहिए। याद रखें कि यदि लोहे को खुली हवा में बाहर रख दिया जाए तो उसे जंग लग जाता है। मगर उसी लोहे को यदि आग से गुजारा जाए तो वह एक बहुमूल्य स्टील का रूप धारण कर लेता है। मौके पर जिप सदस्य जोसिमा खाखा,जिला उपाध्यक्ष अजीत लकड़ा, जिला उपाध्यक्ष शिशिर मिंज,पंचायत अध्यक्ष निलेश एक्का, पसस प्रमिला कुजूर,मो. अच्छण,वार्ड गणेश प्रसाद,प्रा. प्रमोद किंडो,सुबोध एक्का,प्रबल मिंज, ऑलिभा केरकेट्टा,रजनी केरकेट्टा,जीवन मसीह केरकेट्टा, जोसेफा केरकेट्टा,इनोसेंट केरकेट्टा, आदि युवा युवती और मसीही विश्वासी शामिल थे।

## सर्पदंश से 104 वर्षीया महिला की हुई मौत

**सिमडेगा।** सिमडेगा सदर थाना क्षेत्र अंतर्गत जोकबहार पंचायत के केरयाबेड़ा गांव में जहरीले सांप के डसने से गंभीर अवस्था में लाई सदर अस्पताल में इलाजरत 104 वर्षीय वृद्ध महिला की मौत हो गई। मृतिका की पहचान सिसिलिया सोरेंग के रूप में हुई। जानकारी देते हुए परिजनों ने बताया कि वृद्ध महिला अपने घर में जमीन में सोई हुई थी इसी दौरान अचानक उसे जहरीले सांप ने डसा जिसके बाद उसकी हालत बिगड़ने लगी इधर परिवार वालों ने तत्काल उसे झाड़-फूंक करवाने के लिए ले गए काफी देर तक झाड़-फूंक करवाने के बाद जब किसी प्रकार की सुनवाई नहीं हुई तब उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया जहां पर इलाज के क्रम में डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# गांव में रोजगार उपलब्ध कराएं प्रशासन : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता**

**सिमडेगा।** विधायक भूषण बाड़ा सोमवार को कुरडेग प्रखंड के भिजरीबारी गांव पहुंचे। मौके पर विधायक ने दिल्ली में आत्महत्या करने वाली नाबालिग बच्ची प्रीति कुजूर के परिजनों को चावल और आर्थिक सहयोग भी किया। साथ ही परिजनों के साथ खड़ा रहने का आश्वासन देते हुए उन्हें न्याय दिलाने की बात कही। विधायक ने कहा कि प्रीति द्वारा प्रातड़ना से तंग आकर आत्महत्या किए जाने की जानकारी उन्होंने सीएम हेमंत सोरेन को भी दे दी है। साथ ही इस मामले में पुलिस जांच कर रही है। दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा। मौके पर विधायक ने ग्रामीणों की भी समस्या सुनी।ग्रामीणों ने बताया कि भिजरीबारी गांव काफी पिछड़ा हुआ है। गांव में अब भी गरीबी, बेरोजगारी एवं अशिक्षा देखी जा रही है। यही कारण है कि लगभग 55 परिवार के इस गांव से 15 बच्चियां महानगरों में काम करने के लिए पलायन कर चुकी है। ग्रामीणों ने बताया कि गांव में कोई विशेष सुविधा नहीं है। गांव का पहुंच पथ कच्चा होने के कारण बारिश के मौसम में आवागमन ठप हो जाता है। पेयजल के लिए गांव में 4 चापाकल लगे हुए हैं। लेकिन दो खराब पड़े है। ग्रामीण कुंआ का गंदा पानी पीने को विवश हैं। वही गांव में प्राथमिक स्कूल भी है। लेकिन बच्चें और उनके माता-पिता पढ़ाई को लेकर जागरूक नहीं हैं। वहीं गांव से बच्चियों को बहला फुसलाकर बिना घरवालों की जानकारी के महानगर ले जाया जा जाता है।

# ग्रामीणों की समस्याओं से विधायक हुए अवगत



**नवीन मेल संवाददाता**

**ठेठईटांगर।** प्रखंड के कोरोमियां महतोटोली में सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में विधायक नमन बिक्सल कोंगाड़ी उपस्थित हुए। जहां पर ग्रामीणों के विभिन्न प्रकार के समस्याओं से विधायक अवगत हुए कार्यक्रम से पूर्व विधायक सहित आए हुए अतिथियों का पारंपरिक तरीके से ग्रामीणों ने स्वागत किया जिसके बाद कार्यक्रम स्थल तक ले गए। मौके पर ईसाई उरांव समुदाय के लोगों के द्वारा अपने उरांव भाषा संस्कृति परम्परा को ध्यान में रखते हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए साथ ही वहां के ग्रामीणों द्वारा अपने समस्या जिसमें सड़क, पानी, बिजली,आवास वृद्धा पेंशन योजना आदि के शामिल थे।विधायक ने कहा वर्तमान में केन्द्र की भाजपा सरकार आदिवासी विरोधी वक्तव्य देकर आदिवासी एकता को समाप्त करने के लिए ईसाई आदिवासियों को आदिवासी सूचि से बाहर करने का षड्यंत्र रच रही है। ईसाई विरोधी लोगों के माध्यम से बयान दिया जाता है कि ये लोग धर्म परिवर्तन करने के कारण ये लोग अपने मूल अपने भाषा संस्कृति परम्परा को भूल गए हैं। जो आरोप पूर्णतः निराधार और झूठा है ईसाई आदिवासी अपने भाषा संस्कृति परम्परा को आज भी जानते हैं। विरोधियों का मंशा सिर्फ और सिर्फ आदिवासी अधिकार और कब्जे वाली जल जंगल जमीन को हथियाना है। चूंकि देश में सबसे कीमती सबसे सुंदर और सबसे अनूकूल वातावरण वाला भूखण्ड है जिसे छिनने के नियत से आदिवासियों को धर्म के नाम पर लड़ाकर कमजोर करने का प्रयास किया जा रहा है और हमारी जमीन को छीनने का षड्यंत्र रचा जा रहा है। यही कारण है कि देश बिखण्डित करने वाले लोग डीलिस्टिंग का मांग कर रहे हैं। इसलिए हमें सजग रहने की आवश्यकता है। विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद समी आलम ने कहा कि देश में जिस प्रकार से देश में बाबा भीमराव अम्बेडकर के बनाए संविधान को समाप्त करने का खेल खेल रही है वो सोचनीय है। केन्द्र बैठी भाजपा की सरकार चाहती है कि किसी प्रकार से देश को हिन्दू राष्ट्र घोषित किया जाए। क्योंकि बाबा भीमराव अम्बेडकर ने अपने बनाए गए संविधान में स्पष्ट कर दिया है कि देश में रहने वाला हर समुदाय हर धर्म के लोग अपने हिसाब से मानने का अधिकार दिया गया है। किन्तु ये केन्द्र की सरकार समान नागरिक संहिता कानून लाने का प्रयास कर रहा है।अगर जिस दिन समान नागरिक संहिता लागू हो जाता है तो निश्चित रूप से हमारा आरक्षण भी समाप्त कर दिया जाएगा। इसी लिए लोकसभा चुनाव में हमें एक हो कर विरोधियों के सपने को खत्म करना होगा।मौके पर कार्यक्रम में प्रखण्ड अध्यक्ष अशफाक आलम, प्रखण्ड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज, प्रदेश अल्पसंख्यक सचिव जमीर अहमद उर्फ प्रिंस, जमीर हसन, प्रखण्ड मिडिया प्रभारी सह विधायक प्रतिनिधि मोहम्मद कारू, प्रिंस,अमृत चिराग तिर्की, प्रखण्ड 20 सूत्री अध्यक्ष राजेश डुंगडुंग, सुलेमान तोपनो, विजय तिर्की, इशाक डुंगडुंग, ग्राम सभा अध्यक्ष बेनेदिक्त तिर्की,सुर्जन तिर्की,बिलसन कुल्लू, मोहम्मद वाहिद, आदि उपस्थित थे।

**सम्मानित**

### रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा ने किया जोनल मीटिंग का आयोजन

# बिना किसी स्वार्थ के रोटेरियन करें समाज सेवा : पुजारा




**नवीन मेल संवाददाता**

**झुमरी तिलैया।** रोटरी क्लब ऑफ कोडरमा के द्वारा एक जोनल मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें जोन 12 से झारखंड-बिहार के रोटरी के पदाधिकारी, अध्यक्ष, सेक्रेटरी, सदस्य शामिल हुए। आने वाले रोटरी के सत्र 23- 24 मे सभी क्लब के द्वारा किए जाने वाले सेवा के कार्यों की रूपरेखा तैयार की गई। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन एसपी बगड़िया, ज्वाइंट सेक्रेट्री पीयूष मुसद्दी गिरिडीह मौजूद थे। मंच संचालन समाजसेवी एजी रोटेरियन कुमार पुजारा ने किया। उनके अथक प्रयास से ही यह कार्यक्रम कोडरमा में आयोजित किया गया। बाहर से आए सभी रोटेरियन को कोडरमा रोटरी के पदाधिकारी, सदस्यों ने पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर मंडल अध्यक्ष एसपी बगड़िया ने कहा कि रोटरी राष्ट्र निर्माण और जरूरतमंदों की सेवा के लिए हमेशा कार्य करती है। सेवा क्षेत्र में किए जाने वाले पूरे भारतवर्ष में शिक्षा, स्वास्थ्य, खेलकूद, प्रकृति को संतुलित बनाने का कार्य करती है। समाज मे अंतिम पायदान पर बैठे लोगों को मदद पहुंचाने का कार्य करती है, और इस कार्य के लिए सभी रोटरी के सदस्य इसमें तन-मन-धन लगाकर अपना योगदान देते हैं। कार्यक्रम के होस्ट एजी रोटेरियन कुमार पुजारा ने कहा की हमें रोटेरियन होने पर गर्व है। समाज सेवा में अधिक से अधिक कार्य सभी रोटेरियन करें, इसलिए ही यह जोनल मीटिंग बुलाई गई है ।जोन 12 के सभी सदस्यों को जुलाई से समाज सेवा मानव सेवा के कार्यों में तीव्र गति से लग जाना है और अपना योगदान देना है। इस भीषण गर्मी में भी आप सभी लोग समाज सेवा राष्ट्र निर्माण का संकल्प लेने के लिए यहां पहुंचे हैं । जोन 12 बिहार झारखंड के सभी पदाधिकारियों ने सेवा क्षेत्र में किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा को सबके बीच रखा रोटेरियन महेश दारूका के शादी के सालगिरह पर रोटरी परिवार के द्वारा केक काटकर उन्हें सम्मान दिया गया। धन्यवाद ज्ञापन रोटरी अध्यक्ष अजय अग्रवाल ने किया। इस भीषण गर्मी में आए सभी लोगों का आभार प्रकट किया और कहा कि रोटरी के सदस्य जाड़ा, गर्मी, बरसात को नहीं देखते हैं और इस भीषण गर्मी में इतनी मात्रा में पदाधिकारियों का कोडरमा में शामिल होना उनके कर्तव्य और समर्पण को प्रदर्शित करता है । यह सभी जानकारी रोटरी कोडरमा के मीडिया प्रभारी नवीन जैन ने दी। इस मौके पर नवादा बिहार शरीफ तथागत नालंदा शेखपुरा राजगीर गिरिडीह कोडरमा रोटरी के अध्यक्ष सेक्रेटरी सदस्यों ने शिरकत किया।

**NEWS इन ब्रीफ**

### सड़क निर्माण कार्य में राजनीति कर रहे हैं स्थानीय ग्रामीण

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम महुगावा में निमार्णाधीन पीसीसी पथ निर्माण कार्य पर एनआरपी के कार्यपालक अभियंता के द्वारा रोक लगाने की खबर के साथ जो तस्वीर राष्ट्रीय नवीन मेल अखबार के पृष्ठ संख्या तीन पर छपी थी। वह एक प्रतीकात्मक तस्वीर थी। उस तस्वीर की हम पुष्टि नहीं करते हैं। चैनपुर के महूगांवा में अनुसूचित जाति मोहल्ला में पीसीसी सड़क का निर्माण कराया जा रहा था।जिसमें अन्य जाति के लोग विरोध कर रहे हैं। जबकि अनुसूचित जाति के लोगो का सड़क निर्माण होने पर कोई आपत्ति नहीं है।एक राजनीतिक साजिश के तहत अन्य जाति के लोग सड़क का निर्माण नहीं होने दे रहे है। मामला यह है कि चैनपुर थाना क्षेत्र के महुगांवा निवासी धर्मदेव तिवारी ने 26/5/ 2023 को पलामू उपायुक्त और चैनपुर सीओ को आवेदन देकर कहा था कि पीसीसी सड़क निर्माण का कार्य जहां पर हो रहा है वहां हमारा रैयती जमीन है। जब सीओ के आर्डर पर उनके आवेदन पत्र के आलोक में सीओ के आदेश पर सरकारी अमीन उदय कुमार मेहता ने अपने जांच प्रतिवेदन दिया और कहा कि भेसरा टू में सरकारी आम जमीन है। उस जमीन के मापी में धर्मदेव तिवारी ग्रामीणों के साथ स्थल पर मौजूद थे। और उपस्थिति पत्र में उनका हस्ताक्षर भी है।

### अम्बेडकर की मूर्ति तोड़ने वालों की गिरफ्तारी की मांग

**मेदिनीनगर।** झारखण्ड क्रांति मंच के संस्थापक केन्द्रीय अध्यक्ष सह अखिल भारतीय अनुसूचित जाति महासभा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने पाण्डु प्रखण्ड के कजरुखूर्द में भारत के शोषित - पीड़ित मानवता को भारतीय संविधान के माध्यम से हक-अधिकार देकर जानवर से मान्यवर बनाने वाले अप्रतिम मसीहा संविधान निमार्ता परमपूज्य बोधिसत्व बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जी की प्रतिमा को मनुवादी, अमानुषिक तत्वों द्वारा खंडित करने की कठोरतम शब्दों में निन्दा करते हुए कहा है कि अगर यथाशीघ्र पुलिस प्रशासन ने एससी-एसटी एक्ट के दफाओं में प्राथमिकी दर्ज कर दोषियों को चिन्हित करते हुए गिरफ्तार नहीं किया तो उग्र आन्दोलन किया जाएगा। जारी विज्ञप्ति में केन्द्रीय अध्यक्ष ने कहा है कि जिन वर्गों के लोग मनुवादियों की नजर में जानवर से भी गए-गुजरे व कीड़े-मकोड़े की तरह जीवन- यापन कर रहे थे,अब बाबा साहेब डॉ भीमराव आंबेडकर जी की संविधान की वजह से ना केवल डाक्टर,वकील, इंजीनियर, कथाकार, पत्रकार, उद्योगपति चित्रकार, कलाकार आदि बन रहे हैं।

# 18 साल से शिक्षण कार्य से गायब सहायक शिक्षक बर्खास्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उपायुक्त सह अध्यक्ष शिक्षा स्थापना समिति आंजनेयुलु दोड्डे ने सोमवार को जिला शिक्षा स्थापना समिति की बैठक की।बैठक में मेदनीनगर के बंगाली कन्या मध्य विद्यालय में पदस्थापित सहायक शिक्षक बिनोद प्रजापति को बर्खास्त करने का निर्णय लिया गया।इस संबंध में उन्होंने जिला शिक्षा अधीक्षक सह सचिव शिक्षा स्थापना समिति को सारी कागजी प्रक्रियाओं को त्वरित गति से निष्पादन करने की बात कही। दरअसल,



सहायक शिक्षक बिनोद प्रजापति के पिछले 18 वर्ष से अनुपस्थित रहने के संबंध में उपायुक्त को विभिन्न माध्यमों से लगातार शिकायत मिल रही थी जिसके बाद उपायुक्त ने पूरे मामले की जांच करवाई।जांच में पाया गया कि बिनोद प्रजापति 2005 से विद्यालय आये ही नहीं हैं साथ ही उनके द्वारा रांची में वकालत का कार्य किये जाने की पुष्टि भी हुई। जिसके पश्चात उपायुक्त श्री दोड्डे ने सहायक शिक्षक बिनोद प्रजापति को सेवा मुक्त करने का आदेश दिया।

## सड़क दुर्घटना में नप का सफाईकर्मी घायल, हालात नाजुक

**नवीन मेल संवाददाता**

**विश्रामपुर।** रेहला मुख्य पथ पर गोदारमा गांव के पास सड़क हादसा में विश्रामपुर नगर परिषद का सफाईकर्मी नीरज डोम गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना सोमवार शाम लगभग चार बजे की है।मिली जानकारी के अनुसार नप का सफाईकर्मी नीरज मोटरसाइकल से विश्रामपुर की ओर जा रहा था।इसी बीच एक तेज रफ्तार आ रही कार उसे जोरदार टक्कर मार दी।जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया।घायलावस्था में उसे विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया।जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु उसे मेदनीनगर पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

## बॉलीबॉल समर कैंप के आयोजन का समापन



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन द्वारा पुलिस स्टेडियम मेदिनीनगर में बालक बालिकाओं के बीच 1 सप्ताह के समर कैंप का आयोजन किया गया। 11 जून 2023 को संध्या 5:00 बजे समर कैंप का समापन किया गया। इस समापन में सभी खिलाड़ियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस समर कैंप से पलामू जिला में वॉलीबॉल खिलाड़ियों के बीच उत्साह देखा गया साथ ही साथ खेल के प्रति लोगों का जुड़ाव नजर आया। बीच-बीच में पुनः बॉलीबॉल का आयोजन किया जाएगा ।जिससे हमारे पलामू जिले में खिलाड़ी अच्छा प्रदर्शन कर सकें। जिससे प्रदेश एवं राष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी निकल सके। समापन समारोह में बॉलीबॉल एसोसिएशन के पदाधिकारी बालमुकुंद पांडे, राजेंद्र राम कोच के रूप में, अविनाश चंचल, प्रदीप मेहता ,सनत चटर्जी, जितेंद्र कुमार इत्यादि उपस्थित थे। उक्त आशय की जानकारी दुर्गा जौहरी, सचिव, पलामू जिला वॉलीबॉल एसोसिएशन,ने दी।

### अस्पताल अधीक्षक ने अज्ञान व्यक्ति को भर्ती कराया



**मेदिनीनगर।** सदर अस्पताल में रविवार 11 जून से ही एक अज्ञात व्यक्ति टीवी वार्ड के पास नंगा बदन अचेत पड़ा हुआ था। दो दिन से यह इसी हालत में था। इसके बाद किसी व्यक्ति ने इसकी सूचना अस्पताल अधीक्षक डीके सिंह को दी। जानकारी मिलते ही अस्पताल अधीक्षक अपने निजी खर्च से बाजार से कपड़ा मंगवाकर अज्ञात व्यक्ति को कपड़ा पहनवाकर उसे इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया है। मौके पर अस्पताल के मैनेजर बालाजी के मैनेजर सहित अन्य अस्पताल कर्मी मौजूद थे।

## 72 दिनों में 1682 बिजली उपभोक्ताओं को मिला लाभ

# बिजली बिल ब्याज माफी योजना 30 जून तक चलेगी

### विभाग को प्राप्त हुए 2.69 करोड़




**क्या है बिजली बिल ब्याज माफी योजना**

1.इस योजना के तहत 31 दिसंबर 2022 तक के बकाये बिजली बिल का एकमुश्त भुगतान करने पर ब्याज माफ। 2.बिजली बिल ब्याज माफी का भुगतान 5 आसान किश्तों में करने की सुविधा दी जा रही हैं।3. घरेलू (शहरी एवं ग्रामीण) श्रेणी एवं कृषि व सिंचाई, निजी श्रेणी के उपभोक्ताओं को भी योजना से आच्छादित किया जाएगा।4.यह बिजली बिल माफी योजना 01 अप्रैल 2023 से 30 जून 2023 तक लागू है। 5. बकायेदार विच्छेदित (छऊ) लीगल नोटिस एवं सर्टिफिकेट केस घरेलू उपभोक्ता (शहरी एवं ग्रामीण) को भी इस योजना का लाभ दिया जाएगा।

**उपभोक्ताओं से बिजली बिल के रूप में 2 करोड़ 69 लाख प्राप्त हुए**

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** सरकार द्वारा चलाई जा रही बिजली बिल माफी योजना 2023 (एकमुश्त समाधान योजना 2023) से बिजली उपभोक्ताओं को फायदा ही फायदा मिल रहा है। बिजली वितरण निगम लिमिटेड की ओर से 1 अप्रैल से 30 जून तक बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 के तहत एकमुश्त समाधान योजना 2023 संचालित की जा रही है। इस योजना की शुरूआत से 72 दिनों में 1682 बिजली उपभोक्ताओं को लाभ मिल चुका है। इन बिजली उपभोक्ताओं का बिजली बिल 4 करोड 13 लाख था, जिसमें 1 करोड़ 33 लाख रू माफ कर दिये गये। जबकि विभाग को इन उपभोक्ताओं से बिजली बिल के रूप में 2 करोड़ 69 लाख प्राप्त हुआ।विद्युत आपूर्ति प्रमंडल, डालनगंज के विद्युत कार्यपालक अभियंता शंभूनाथ चौधरी ने बताया कि बिजली बिल ब्याज माफी योजना 2023 (एकमुश्त समाधान योजना) 30 जून 2023 तक चलेगी। इस योजना के तहत बिजली उपभोक्ताओं को लाभ देने के लिए पलामू जिले के विभिन्न स्थानों पर प्रतिदिन कैंप का भी आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक दिन आयोजित कैंपों में बिजली उपभोक्ता पहुंचकर बिजली बिल ब्याज माफी योजना का लाभ ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि पलामू जिले में 1682 बिजली उपभोक्ताओं इस योजना का लाभ मिल चुका है। उनके बिजली बिल के एक करोड़ 33 लाख ब्याज की माफी की जा चुकी है। बिजली उपभोक्ता जो बिजली का उपभोग कर रहे हैं और जाने -अनजाने में या आर्थिक कमजोरी के कारण बिजली बिल जमा नहीं कर सके हैं, वैसे उपभोक्ताओं के लिए यह सुनहरा अवसर है। उपभोक्ता अपने बिजली बिल के ब्याज माफी करवाकर फायदा ले सकते हैं।

## निगरानी समिति की बैठक में दस्तावेजो को लेकर चर्चा

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति के संयोजक परितोष प्रियदर्शी ने सोमवार को जिला स्तरीय आधार निगरानी समिति की बैठक की। बैठक में संयोजक प्रियदर्शी ने जिले के सुदूर क्षेत्र में आधार पंजीकरण और अद्यतन केंद्रों की आवश्यकता का आकलन करते हुए उन क्षेत्रों में आधार पंजीकरण केंद्र की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।इस दौरान उन्होंने दस वर्ष पूर्व पंजीकृत आधार में सभी नागरिकों को पता और पहचान से संबंधित दस्तावेजों को भी अपलोड एम-आधार या आधार केंद्रों के माध्यम से करने के निर्देश दिए। उन्होंने आधार में बच्चों का मैट्रिक अपडेट अनिवार्य रूप से कराने पर बल दिया। जिले में अतिरिक्त आधार केंद्रों की आवश्यकता पर भी चर्चा की गयी।मौके पर जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक प्रबंधक, यूआईडीएआई के सहायक प्रबंधक, यूआईडीएआई के परियोजना पदाधिकारी उदय सिंह,सीएससी मैनेजर समेत अन्य उपस्थित थे।

# पलामू में बाल मजदूरी बहुत बड़ी समस्या

**नवीन मेल संवाददाता**

विश्व बालश्रम निषेध दिवस पूरे विश्व में बाल मजदूरी के विरोध में मनाया जाता है। पलामू में कहा जाए तो यहां बाल मजदूर बहुत बड़ी समस्या है। पलामू में बाल मजदूरी की समस्या सदियों से चली आ रही है। कहने को पलामू में बच्चों को भगवान का रूप माना जाता है। फिर भी बच्चों से बाल मजदूरी कराई जाती है। जो दिन बच्चों के पढ़ने, खेलने और कूदने के होते हैं, उन्हें बाल मजदूर बनना पड़ता है। इससे बच्चों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है। कहने को सरकारें बाल मजदूरी को खत्म करने के लिए बड़े-बड़े वादे और घोषणाएं करती हैं, फिर भी होता सिर्फ ढाक के वही तीन पात है।इतनी जागरूकता के बाद भी पलामू में बाल मजदूरी का खात्मा दूर-दूर तक नहीं दिखता है। इसके उलट बाल मजदूरी दिन व दिन बढ़ती जा रही है मौजूदा समय में गरीब बच्चे सबसे अधिक शोषण का शिकार हो रहे हैं। जो गरीब बच्चियां होती हैं, उन्हें पढ़ने भेजने की जगह घर में ही बाल श्रम कराया जाता है।आज बाल मजदूरी समाज पर कलंक है। इसके खात्मे के लिए सरकारों और समाज को मिलकर काम करना होगा। साथ ही साथ बाल मजदूरी पर पूर्णतया रोक लगनी चाहिए। बच्चों के उत्थान और उनके अधिकारों के लिए अनेक योजनाओं का प्रारंभ किया जाना चाहिए। जिससे बच्चों के जीवन पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। और शिक्षा का अधिकार भी सभी बच्चों के लिए अनिवार्य कर दिया जाना चाहिए। गरीबी दूर करने वाले सभी व्यवहारिक उपाय उपयोग में लाए जाने चाहिए।क्योंकि बच्चे ही भारत के भविष्य हैं। जब तक बच्चों को उनके अधिकारों और शिक्षा से वंचित रखा जाएगा तब तक देश के उज्जवल भविष्य की कल्पना करना निरर्थक है।



## गुरु गोविंद सिंह स्कूल में काव्य गोष्ठी का आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** हिंदी साहित्य भारती, पलामू के द्वारा राष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि विनय विनम्र के सम्मान में गुरु गोबिंद सिंह पब्लिक स्कूल में एक काव्य-गोष्ठी का आयोजन किया गया।गोष्ठी की अध्यक्षता प्रो सुभाषचंद्र मिश्र ने की जबकि संचालन कवि राकेश कुमार ने किया।मुख्य अतिथि के रूप में झारखंड के प्रथम विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने गोष्ठी को सम्बोधित करते हुए कहा कि पलामू साहित्य के क्षेत्र में तेजी से प्रगति कर रहा है। कवि विनय विनम्र देश भर में पलामू का नाम रोशन कर रहे हैं।इनकी कविता में फूल की कोमलता और वज्र की कठोरता दोनों का समन्वय है।अध्यक्षता करते हुए प्रो सुभाषचंद्र मिश्र ने कहा कि कविता मस्तिष्क को तरोताजा कर देती है।इस मशीनी युग में कविता की नितांत आवश्यकता है।उन्होंने कवि विनय विनम्र की उपलब्धियों को पलामू के लिए गर्व का विषय बताया।कवि विनय विनम्र ने अपनी हास्य, व्यंग्य और ओजपूर्ण कविताओं से सभी का मन मोह लिया। श्रोताओं की माँग पर उन्होंने 'वाह भाई वाह' में प्रसारित 'पत्नी वंदना' का पाठ कर सबको हँसने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने अपने लोकप्रिय गीत कण-कण में गुंजित हो जाये, जय हिंदी जय हिंदुस्तान पर खूब तालियाँ बटोरीं।इसके पूर्व गोष्ठी में स्थानीय कवियों एवं कवयित्रियों ने भी अपनी-अपनी कविताएँ सुनायीं जिनमें श्रीधर प्रसाद द्विवेदी, राकेश कुमार,अनुज कुमार पाठक,सत्येन्द्र चौबे सुमन, उमेश कुमार पाठक रेणु, हरिवंश प्रभात, रमेश सिंह,अनुपमा तिवारी,परशुराम तिवारी, आचार्य धनन्जय पाठक,श्याम किशोर पाठक, वंदना श्रीवास्तव, प्रवीण चन्द्र मिश्र आदि सम्मिलित हैं।



## इप्टा की सांस्कृतिक पाठशाला की आठवीं कड़ी का आयोजन

**मेदिनीनगर।** इप्टा द्वारा संचालित सांस्कृतिक पाठशाला की आठवीं कड़ी का आयोजन 11 जून 2023 यानी रविवार की शाम 6:00 इप्टा कार्यालय में की गई। पाठशाला में सर्वप्रथम अपराध नामक पुस्तक के लेखक केडी सिंह को सम्मानित किया गया। इसके बाद लेखक केडी सिंह ने अपनी पुस्तक अपराध के संदर्भ में कहा कि इस पुस्तक के संदर्भ में उत्तर प्रदेश के सेवानिवृत्त डीजीपी सह अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय वर्धा के वाइस चांसलर विभूति नारायण राय तथा राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश ने अपना विचार व्यक्त कर इस पुस्तक की महता को बताया है। लेखक ने अपनी पुस्तक अपराध में यह स्वीकार किया है कि अपराध को परिभाषित करना मुश्किल है। क्योंकि समय, पात्र और स्थान के अनुसार अपराध को परिभाषित किया जाता है। जैसे आज जिसे अपराध समझा जाता है वह कभी अपराध की श्रेणी में नहीं आता था। उन्होंने यह भी बताया कि इस पुस्तक में अपराध को श्रेणीबद्ध करने की कोशिश की गई है। जिस गतिविधियों के लिए दंड का प्रावधान किया गया है उसे अपराध की श्रेणी में रखा जाता है। इससे यह स्पष्ट होता है कि जिसके लिए किसी भी प्रकार का है दंड नहीं है वह अपराध नहीं है।



### फर्नीचर दुकान में लगी आग

**मेदिनीनगर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के शाहपुर मुख्य सड़क किनारे रेड रोज पब्लिक स्कूल के समीप रविवार की देर शाम नितेश फर्नीचर दुकान एवं गोदाम में शॉर्ट सर्किट से आग लग गई।15 लाख का नुकसान हो गया है।

**सेमिनार** | फूड फोर्टिफिकेशन कम सेमिनार का आयोजन किया गया

# खाद्यों के पोषण स्तर में वृद्धि पर की गई चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

शहर के वीर शिवाजी चौक स्थित होटल सिटी एवेन्यू में फूड फोर्टिफिकेशन कम सेमिनार का आयोजन किया गया। यह सेमिनार स्टेट लीड राइस फोर्टीफिकेशन पथ अभिषेक कुमार, एवं राजा कुमार खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी, लोरहदगा के द्वारा किया गया। इसमें जिला आपूर्ति पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी भण्डरा, कैरो, किस्को, पेशरार, सभी जन वितरण प्रणाली के विक्रेतागण, आलोक कुमार, अन्नामृत फॉउडेन्सन के मैनेजर एवं उनके सहकर्मी ने लोगों को फूड फोर्टिफिकेशन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। बताया गया कि फूड फोर्टिफिकेशन चावल, दूध, नमक, आटा आदि खाद्य पदार्थों में लौह, आयोडिन, जिंक, विटामिन ए एवं डी जैसे प्रमुख खनिज पदार्थ एवं विटामिन जोड़ने अथवा वृद्धि करने की प्रक्रिया है जिससे कि इन खाद्यों के पोषण स्तर में वृद्धि हो। इस प्रसंस्करण प्रक्रिया से पहले मूल खाद्य पदार्थों में ये पोषण तत्त्व मौजूद हो भी सकते हैं और नहीं भी। इस प्रक्रिया में पोषक तत्त्व मुख्य खाद्य पदार्थों (जैसे-आटा, चावल, नमक, दूध आदि) में जोड़े जाते हैं। अतः इनकी आपूर्ति जनसंख्या के बड़े हिस्से तक संभव हो पाती है। यह लोगों में स्वास्थ्य सुधार का सुरक्षित एवं जोखिम-मुक्त तरीका है। मिलाए गए पोषक तत्त्वों की मात्रा अत्यल्प एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप होती है। यह लोगों के खान-पान की आदतों एवं व्यवहार में किसी प्रकार के बदलाव की अपेक्षा नहीं करता तथा सामाजिक-सांस्कृतिक रूप से स्वीकार्य तरीका है। यह अपेक्षाकृत कम समय में तेजी से स्वास्थ्य सुधार में सक्षम है एवं लागत प्रभावी भी है। कोपेनहेगन सहमति का आकलन है कि फूड फोर्टिफिकेशन पर यदि 1 रुपये खर्च किया जाता है तो यह अर्थव्यवस्था में 9 रुपये का लाभ पहुंचाता है। फोर्टिफिकेशन के पश्चात खाद्य पदार्थों की कीमतों में केवल 1-2 प्रतिशत की ही वृद्धि होती है।




# अभ्यास वर्ग में एबीवीपी के चार कार्यकर्ताओं को नई जिम्मेदारी

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद झारखंड प्रांत का अभ्यास वर्ग गढ़वा में 8 जून से प्रारंभ होकर 11 जून को संपन्न हुआ। इसमें लोहरदगा के चार युवाओं को नया दायित्व मिला है, जिसमें गुमला, लोहरदगा एवं सिमडेगा जिले को मिलाकर बने गुमला विभाग के विभाग संयोजक अंकित कुमार, लोहरदगा, गुमला, सिमडेगा विभाग छात्रा प्रमुख दिव्या कुमारी, लोहरदगा जिला संयोजक सीताराम उरांव एवं लोहरदगा जिला प्रमुख छवि सिंह को बनाया गया।

इस संदर्भ में लोहरदगा जिला वर्ग से लौटे अंकित कुमार ने बताया कि विद्यार्थी परिषद हर वर्ष कार्यकर्ताओं के विकास के लिए अभ्यास वर्ग का आयोजन करती है। प्रदेश अभ्यास वर्ग में राज्य के सभी जिलों से कार्यकर्ता आते हैं और प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। अभ्यास वर्ग में सांगठनिक, शैक्षणिक एवं सामाजिक क्षेत्रों में काम करने का कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यकर्ताओं को राष्ट्रीय सह संगठन मंत्री गोविंद नायक, राष्ट्रीय मंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ला, क्षेत्रीय संगठन मंत्री निखिल रंजन, झारखंड प्रांत संगठन मंत्री राजीव रंजन, प्रदेश मंत्री सोमनाथ भगत का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। अभ्यास वर्ग के अंतिम दिन नये दायित्वों की घोषणा हुई। सभी नये दायित्ववानों को विधार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं नगर अध्यक्ष मनोज्ञ पांडे, नगर उपाध्यक्ष चंदेश्वर उरांव, ब्रजकिशोर बड़ाईक, अंकित कुमार, रामविलास सिंह, एलएन तिवारी, दिनेश कुमार, भजन चक्रवर्ती, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य आदित्य साहू, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विवेक सिंह, कॉलेज मंत्री आयुष कुमार, नगर मंत्री प्रीतम नायक आदि ने बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।






# स्वायत्तता का सवाल?

***देश में*** खजुराहों और कई अन्य स्थलों पर नग्न महिला और पुरुषों की मूर्तियों को आर्ट और पवित्र माना जाता है। हमारे यहां भी चित्रों, मूर्तियों में अनेक कलाएं प्रदर्शित हैं। लोग उन्हें यौन भावना की बजाय कला की दृष्टि से देखते हैं। नग्नता और अश्लीलता में अंतर है। इसे परिभाषित करते हुए केरल हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट में सैमीन्यूड बॉडी पेंट करवाने के केस में महिला कार्यकर्ता रेहाना फातिमा को बरी कर दिया है। रेहाना फातिमा सबरीमाला मंदिर में प्रवेश को लेकर भी चर्चा में रहीं और वह मॉडल भी हैं। जस्टिस कौसर एडप्पागथ ने अहम फैसला सुनाते हुए कहा कि नग्नता को अश्लीलता या अनैतिकता में बांटना गलत है। नग्नता को सैक्स से नहीं जोड़ना चाहिए। महिला की न्यूड बॉडी का वर्णन या चित्रण भी हमेशा कामुक या अश्लील नहीं होता। रेहाना ने नाबालिग बच्चों से बॉडी पेंट कराने का वीडियो सोशल मीडिया पर अपलोड किया था जो काफी चर्चित हुआ। लाखों लोगों ने सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिक्रियाएं दीं। काफी हंगामा होने के बाद केरल स्टेट कमीशन फॉर प्रोटैक्शन ऑफ चाइल्ड राइट्स पाक्सो एक्ट के तहत रेहाना के विरुद्ध दो केस दर्ज किए। 2020 में केरल हाईकोर्ट ने उसकी जमानत याचिका खारिज कर दी थी लेकिन अब केरल हाईकोर्ट ने रेहाना फातिमा के वीडियो को महिला शरीर के वस्तुकरण के खिलाफ संदेश देने वाला बताया। हाईकोर्ट ने कहा कि महिलाओं को अपने शरीर पर स्वायत्तता के अधिकार को अक्सर वंचित किया जाता है और उन्हें धमकाया जाता, भेदभाव किया जाता है, अलग-थलग किया जाता है और उनके शरीर और जीवन के बारे चुनाव करने के लिए सताया जाता है। हाईकोर्ट ने यह भी कहा कि पुरुषों की स्वायत्तता पर कभी सवाल नहीं उठाया जाता। फैसले में पुरुष और महिला निकायों के बारे में समाज में दोहरे मानकों के बारे में भी टिप्पणी की है। अदालत ने कहा कि इसमें कुछ भी गलत नहीं है कि अगर एक मां अपने बच्चों को अपने शरीर को कैनवास के रूप में पेंट करने की अनुमति देती है ताकि उन्हें नग्न शरीर को सामान्य रूप से देखने के प्रति संवेदनशील बनाया जा सके। रेहाना फातिमा के खिलाफ किया गया मुकद्दमा कोई नया नहीं है। इससे पहले भी कुछ फिल्म अभिनेता ऐसे मामलों में फंस चुके हैं। कोर्ट ने स्पष्ट रूप से कहा है कि एक महिला को अपने शरीर का इस्तेमाल करने की आजादी है जो समानता का मौलिक अधिकार है और उसकी निजता का एक पहलू है। शरीर की आजादी संविधान के अनुच्छेद-21 के तहत आती है। कोर्ट ने यह भी कहा कि एक समय था जब केरल की निचली जाति की महिलाओं को अपने सिर को कपड़े से ढकने के लिए संघर्ष करना पड़ता था। वहां केवल ऊंची जाति के लोगों को ही कपड़े पहनने का अधिकार था। इससे पहले साल 2020 में बॉलीवड एक्टर और मॉडल मिलिंद सोमन और पूनम पांडे पर इस तरह के मामले में कार्रवाई हो चुकी है। न्यूड फोटोग्राफी को लेकर कुछ लोगों कहना है कि यह कला को रचनात्मक ढंग से पेश करने का तरीका है। वहीं कुछ लोग इसे कला के नाम पर नग्नता परोसना और अश्लीलता करार देते हैं। कानून में कामुक और कामुकता किसे माना जाए इसको लेकर स्पष्ट नहीं किया गया है। इसकी व्याख्या करने का अधिकार कोर्ट पर छोड़ दिया गया है। जिस तरह से सामुदायिक मानदंडों में बदलाव होते हैं उसी तरह अश्लीलता की परिभाषा भी बदलती रहती है। केरल हाईकोर्ट का फैसला एक नजीर है, क्योंकि कार्ट ने मां-बच्चे का रिश्ता पृथ्वी का सबसे पवित्र रिश्ता माना है। मातृत्व का सार शुद्ध और निर्मल प्रेम है।

**नग्नता व अश्लीलता में अंतर है। इसे परिभाषित करते हुए केरल हाईकोर्ट ने एक अहम फैसला सुनाया है। हाईकोर्ट में सैमीन्यूड बॉडी पेंट करवाने के केस में महिला कार्यकर्ता रेहाना फातिमा को बरी कर दिया है।**

# रक्तदान महादान नयी जिन्दगी देने का पुण्य काम





ललित गर्ग

***विश्व*** स्वास्थ्य संगठन द्वारा हर साल 14 जून को 'विश्व रक्तदान दिवस' मनाया जाता है। किसी व्यक्ति के जीवन में रक्तदान के महत्व को समझने के साथ ही रक्तदान करने के लिये आम इंसान को प्रोत्साहित करने के लिये हर वर्ष यह दिवस मनाया जाता है। इंसान की सम्पत्ति का कोई मतलब नहीं अगर उसे बांटा और उपयोग में नहीं लाया जाय, चाहे वे शरीर का रक्त ही क्यों न हो। किसी व्यक्ति की रक्तअल्पता के कारण मृत्यु न हो, इस दृष्टि से रक्तदान एक महान कार्य है, जो किसी को जीवन-दान देने के साथ हमें स्वर्ग-पथ की ओर अग्रसर करता है। ऐसा दानदाता समाज, सृष्टि एवं परमेश्वर के प्रति अपना कर्त्तव्य पालन करता है। रक्तदान का दाता कोई भी हो सकता है, जिसका रक्त किसी अत्यधिक जरुरतमंद मरीज को दिया जा सकता है। किसी के द्वारा दिये गये रक्त से किसी को नया जीवन मिल सकता है, उसकी जिन्दगी में बहार आ जाती है। दरअसल विश्व रक्तदान दिवस, शरीर विज्ञान में नोबल पुरस्कार प्राप्त कर चुके वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन की याद में पूरी विश्व में मनाया जाता है, उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था। उन्होंने मानव रक्त में उपस्थित एग्ल्युटिनिन की मौजूदगी के आधार पर रक्तकणों का ए, बी और ओ समूह की पहचान की थी। रक्त के इस वर्गीकरण ने चिकित्सा विज्ञान में महत्वपूर्ण योगदान दिया। इसी खोज के लिए महान वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन को साल 1930 में नोबल पुरस्कार दिया गया था। उनकी इसी खोज से आज करोड़ों से ज्यादा लोग रक्तदान रोजाना करते हैं और इसी के कारण लाखों की जिंदगियां बचाई जाती हैं, जिससे रक्त प्राप्त करने वाले व्यक्ति को एक नयी जिंदगी और उनके परिवारों के चेहरे पर एक प्राकृतिक मुस्कुराहट देता है। रक्त की जरूरत पड़ने पर उसके लिए पैसे देने की जरूरत नहीं पड़नी चाहिए, इसी उद्देश्य से हर साल लोगों को जागरूक करने के लिए यह दिवस मनाया जाता है। विश्व रक्तदान दिवस पर रक्त दान करने के लिए समझाया जाता है तथा रक्त दान करने की क्या प्रक्रिया होती है उसके बारे में उचित शिक्षा दी जाती है। रक्त-दान किनको करना चाहिए और किन को नहीं करना चाहिए इस बारे में उचित जानकारी देने का कार्य इस दिवस के माध्यम से किया जाता है। भारत विश्व की सबसे बड़ी आबादी वाला देश होने के बावजूद रक्तदान में काफी पीछे है। रक्त की कमी को खत्म करने के लिए विश्व भर में रक्तदान दिवस मनाया जा रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानक के तहत भारत में सालाना एक करोड़ यूनिट रक्त की जरूरत है लेकिन उपलब्ध 75 लाख यूनिट ही हो पाता है। यानी करीब 25 लाख यूनिट रक्त के अभाव में हर साल हजारों मरीज दम तोड़ देते हैं। यह अकारण नहीं कि भारत की आबादी भले ही डेढ़ अरब पहुंच गयी हो, रक्तदाताओं का आंकड़ा कुल आबादी का एक प्रतिशत भी नहीं पहुंच पाया है। वहीं दुनिया के कई सारे देश हैं जो इस मामले में भारत को काफी पीछे छोड़ देते हैं। मालूम हो कि नेपाल में कुल रक्त की जरूरत का 90 फीसदी स्वैच्छिक रक्तदान से पूरा होता है तो श्रीलंका में 60 फीसदी, थाईलेण्ड में 95 फीसदी, इण्डोनेशिया में 77 फीसदी और अपनी निरंकुश हुकूमत के लिए चर्चित बर्मा में 60 फीसदी हिस्सा रक्तदान से पूरा होता है। रक्तदान को लेकर विभिन्न भ्रांतियां समाज में परिव्यपाप्त है। रक्त की महिमा सभी जानते हैं। रक्त से आपकी जिंदगी तो चलती ही है साथ ही कितने अन्य के जीवन को भी बचाया जा सकता है। भारत में अभी भी बहुत से लोग यह समझते हैं कि रक्तदान से शरीर कमजोर हो जाता है और उस रक्त की भरपाई होने में महीनों लग जाते हैं। इतना ही नहीं यह गलतफहमी भी व्याप्त है कि नियमित रक्त देने से लोगों की रोगप्रतिरोधक क्षमता कम होती है और उसे बीमारियां जल्दी जकड़ लेती हैं। यहाँ भ्रम इस कदर फैला हुआ है कि लोग रक्तदान का नाम सुनकर ही सिहर उठते हैं। भला बताइए क्या इससे पर्याप्त मात्रा में रक्त की उपलब्धता सुनिश्चित की जा सकती है? विश्व रक्तदान दिवस समाज में रक्तदान को लेकर व्याप्त भ्रांति को दूर करने का और रक्तदान को प्रोत्साहित करने का काम करता है। भारतीय रेडक्रॉस के अनुसार देश में रक्तदान को लेकर भ्रांतियाँ कम हुई हैं पर अब भी काफी कुछ किया जाना बाकी है। किसी व्यक्ति को रक्त की आवश्यकता क्यों होती है इसके विभिन्न कारण हैं। एक बीमारी, दुर्घटना असाध्य ओपरेशन कुछ भी हो सकती है, लेकिन यह महत्वपूर्ण है। हम जो रक्त दान करते हैं वह किसी जरूरतमंद की मदद करता है। यह उनकी स्वास्थ्य स्थिति को बढ़ाते हुए नया जीवन देता है और उन्हें उनकी गंभीर स्थिति से उबारता है। रक्तदान करते हुए डोनर के शरीर से केवल 1 यूनिट रक्त ही लिया जाता है। एक बार रक्तदान से आप 3 लोगों की जिंदगी बचा सकते हैं। ब्लड डोनेशन की प्रक्रिया काफी सरल होती है और रक्त दाता को आमतौर पर इसमें कोई तकलीफ नहीं होती हैं। रक्त दाता का वजन, पल्स रेट, ब्लड प्रेशर, बॉडी टेम्प्रेचर आदि चीजों के सामान्य पाये जाने पर ही डॉक्टर्स या ब्लड डोनेशन टीम के सदस्य आपका ब्लड लेते हैं। पुरुष 3 महीने और महिलाएं 4 महीने के अंतराल में नियमित रक्तदान कर सकती हैं। यदि आप स्वस्थ हैं, आपको किसी प्रकार का बुखार या बीमारी नहीं हैं, तो ही आप रक्तदान कर सकते हैं। रक्तदान खुशी देने एवं खुशी बटोरने का एक जरिया है। एक चीनी कहावत- पुष्प इकट्ठा करने वाले हाथ में कुछ सुगंध हमेशा रह जाती है। जो लोग दूसरों की जिंदगी रोशन करते हैं, उनकी जिंदगी खुद रोशन हो जाती है। रक्तदान ऐसा पुण्य है जो किसी को नयी जिन्दगी देता है तो खुद को भी खुशी का अहसास कराता है। मनोवैज्ञानिक मानते हैं खुशी का कोई निश्चित मापदंड नहीं होता। एक मां बच्चे को स्नान कराने पर खुश होती है, छोटे बच्चे मिट्टी के घर बनाकर, उन्हें ढहाकर और पानी में कागज की नाव चलाकर खुश होते हैं। इसी तरह विद्यार्थी परीक्षा में अव्वल आने पर उत्साहित हो सकता है। सड़क पर पड़े सिसकते व्यक्ति को अस्पताल पहुंचाना हो या भूखें-प्यासे-बीमार की आहों को कम करना, अन्याय और शोषण से प्रताड़ित की सहायता करना हो या सर्दी से ठिठुरते व्यक्ति को कम्बल ओढ़ाना, किन्हीं को नेत्र ज्योति देने का सुख है या जीवन और मृत्यु से जूझ रहे व्यक्ति के लिये रक्तदान करना-ये जीवन के वे सुख है जो इंसान को भीतर तक खुशियों से सराबोर कर देते हैं। रक्तदान पूरे विश्व में मनाये जाने वाले महत्त्वपूर्ण दिवसों में से एक है।

**दरअसल विश्व रक्तदान दिवस, शरीर विज्ञान में नोबल पुरस्कार प्राप्त कर चुके वैज्ञानिक कार्ल लैंडस्टाईन की याद में पूरे विश्व में मनाया जाता है, उनका जन्म 14 जून 1868 को हुआ था।**

इन दिनों

## बोधि वृक्ष

### *आईये सुने बृहस्पति देव की कथा*

***कथा*** के पश्चात अपने सारे परिवार और सुनने वाले प्रेमियों में अमृत व प्रसाद बांटकर आप भी ग्रहण करो। ऐसा करने से भगवान तुम्हारी सब मनोकामनाएँ पूरी करेंगे।

**साधु के ऐसे वचन सुनकर लकड़हारा बोला:** हे प्रभो! मुझे लकड़ी बेचकर इतना पैसा नहीं मिलता, जिससे भोजन के उपरान्त कुछ बचा सकूं। मैंने रात्रि में अपनी स्त्री को व्याकुल देखा है। मेरे पास कुछ भी नहीं जिससे मैं उसकी खबर मंगा सकूं।

**साधु ने कहा:** हे लकड़हारे! तुम किसी बात की चिन्ता मत करो। बृहस्पति के दिन तुम रोजाना की तरह लकड़ियाँ लेकर शहर को जाओ। तुमको रोज से दुगुना धन प्राप्त होगा, जिससे तुम भली-भांति भोजन कर लोगे तथा बृहस्पतिदेव की पूजा का सामान भी आ जायेगा। इतना कहकर साधु अन्तर्ध्यान हो गए। धीरे-धीरे समय व्यतीत होने पर फिर वही बृहस्पतिवार का दिन आया। लकड़हारा जंगल से लकड़ी काटकर किसी शहर में बेचने गया, उसे उस दिन और दिन से अधिक पैसा मिला। राजा ने चना गुड आदि लाकर गुरुवार का व्रत किया। उस दिन से उसके सभी क्लेश दूर हुए, परन्तु जब दुबारा गुरुवार का दिन आया तो बृहस्पतिवार का व्रत करना भूल गया। इस कारण बृहस्पति भगवान नाराज हो गए। उस दिन उस नगर के राजा ने विशाल यज्ञ का आयोजन किया तथा शहर में यह घोषणा करा दी कि कोई भी मनुष्य अपने घर में भोजन न बनावे न आग जलावे समस्त जनता मेरे यहाँ भोजन करने आवे। इस आज्ञा को जो न मानेगा उसे फाँसी की सजा दी जाएगी। इस तरह की घोषणा सम्पूर्ण नगर में करवा दी गई। राजा की आज्ञानुसार शहर के सभी लोग भोजन करने गए। लेकिन लकड़हारा कुछ देर से पहुँचा इसलिए राजा उसको अपने साथ घर लिवा ले गए और ले जाकर भोजन करा रहे थे तो रानी की दृष्टि उस खूंटी पर पड़ी जिस पर उसका हार लटका हुआ था।

*(क्रमशः)*

# चंदेरी दुर्ग और पराक्रम की कहानियां




लोकेन्द्र सिंह

***मध्य*** प्रदेश के जिला अशोकनगर में बेतवा (बेत्रवती) एवं (उर्वसी) नदियों के मध्य विंध्याचल की सुरम्य वादियों से घिरा ऐतिहासिक नगर चंदेरी और उसका दुर्ग (किला) हमारी धरोहर है। यह नगर महाभारत काल से लेकर बुंदेलों तक की विरासत को संभालकर रखे हुए है। यहां समृद्धि, सांस्कृतिक-धार्मिक विरासत, त्याग, प्रेम और शौर्य, समर्पण, वीरता एवं बलिदान की गाथाओं की अनुभूति होती है। यह छोटा-सा सुंदर शहर अपनी रेशमी साड़ियों (चंदेरी की साड़ियों) के लिए विश्व प्रसिद्ध है। चंदेरी उनको भी लुभाता है, जिन्हें कला और संस्कृति के रंग सुहाते हैं। यहां केवल किला ही प्राचीन स्थापत्य नहीं है बल्कि चंदेरी की गली-गली में ऐतिहासिक धरोहर बिखरी है। आज का चंदेरी, नये और पुराने रंगों के संयोजन से तैयार एक खूबसूरत तस्वीर की तरह नजर आता है। जैसे किसी बुनकर ने रेशम की साड़ी में जगह-जगह सोने के धागों से फुलकारी की हो। किले से ही तीन-चार ऊंची पहाड़ियां नजर आती हैं, जो एक समय में चंदेरी के निगरानी के केंद्र थे। चंदेरी के दर्शनीय स्थलों में त्रिकाल चौबीसी, बत्तीसी बावड़ी, कौशक महल, कटीघाटी, बादल महल, रामनगर महल, सिंहपुर महल, लक्ष्मण मंदिर, शक्तिपीठ जागेश्वरी देवी मंदिर, फुआरी के हनुमान मंदिर की सुंदरता, जामा मस्जिद और शहजादी का रोजा शामिल है। जैन अतिशय क्षेत्र खंदारगिरी और सकलकुड़ी जैसे धार्मिक महत्व के स्थान भी पर्यटकों के मन को शांति और ऊर्जा प्रदान करते हैं। उर्वशी नदी के किनारे गुफाओं में बने शैलचित्र भी पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। ये शैलचित्र इस बात के साक्षी हैं कि चंदेरी प्रागैतिहासक काल से एक जीवंत शहर है। यहां का संग्रहालय महत्वपूर्ण है। आज किले की चारदीवारी अवैध अतिक्रमण में गुम होती जा रही है। अतिक्रमणकारियों ने चंदेरी नगर के परकोटे पर कब्जा कर लिया है। कई स्थानों पर उसको तोड़कर पत्थर निकाल लिए हैं। चंदेरी का इतिहास महाभारत काल से जुड़ता है। चंदेरी, भगवान श्रीकृष्ण की बुआ श्रुति के पुत्र शिशुपाल की राजधानी थी। उस समय इसका उल्लेख चेदी राज्य के रूप में आता है। पांचवीं-छठवीं शताब्दी में जिन 16 जनपदों का उल्लेख मिलता है, उनमें सातवां महाजनपद चेदी था। वर्तमान चंदेरी शहर से लगभग 18 किलोमीटर की दूरी पर जंगल में आज भी बूढ़ी चंदेरी में प्राचीन शहर के अवशेष बिखरे पड़े हैं। कालांतर में यह शहर काल के गाल में समा गया और नौवीं शताब्दी के बाद से वर्तमान चंदेरी अस्तित्व में आने लगा। चंदेरी के किले में लगे शिलालेख के अनुसार, चंदेरी में सांस्कृतिक गतिविधियां चंदेलों के समय (9वीं शताब्दी ई.) से प्रारंभ हो जाती हैं। वर्तमान चंदेरी नगर को 10वीं-11वीं शताब्दी में प्रतिहारवंशी राजा कीर्तिपाल ने बसाया और इसे अपनी राजधानी बनाया। इतिहासकार अलबरूनी एवं इब्नबतूता ने भी अपने लेखन में चंदेरी की समृद्धि एवं महत्व का वर्णन किया है। चंदेरी के शासक मेदिनी राय और बाबर के बीच 29 जनवरी, 1528 को हुए भयानक युद्ध के बाद क्रूर आक्रांताओं से अपने स्वाभिमान की रक्षा करने के लिए रानी मणिमाला के साथ 1600 क्षत्राणियों ने किले पर जौहर किया था। उन महान वीरांगनों की स्मृति को अक्षुण्य रखने के लिए चंदेरी के किले पर जौहर स्मारक बनाया गया है। इसके समीप ही प्रसिद्ध संगीतज्ञ बैजू बावरा का समाधि स्थल भी है। चंदेरी, संगीत सम्राट बैजू बावरा की जन्मभूमि भी है। बैजू बावरा के जीवन से जुड़ी अनेक कहानियां यहां की हवा में तैरती हैं। जौहर स्मारक के सामने ही किले के प्रमुख स्थापत्य 'कीर्ति महल' का पृष्ठ भाग दिखायी पड़ता है। भविष्य में आप कीर्ति महल की विशाल दीवार पर 'प्रकाश एवं ध्वनि कार्यक्रम' के माध्यम चंदेरी की कीर्तिगाथा सुन सकेंगे।


**चंदेरी उनको भी लुभाता है, जिन्हें कला और संस्कृति के रंग सुहाते हैं। यहां केवल किला ही प्राचीन स्थापत्य नहीं है बल्कि चंदेरी की गली-गली में ऐतिहासिक धरोहर बिखरी है।**

राजनीति

## फोटो की दुनिया



फेसबुक वॉल से




# देश में करवट लेता भारतीय सिनेमा



मृत्युंजय दीक्षित

***राजा*** हरिश्चंद्र से आज तक भारतीय सिनेमा ने न केवल तकनीकी विकास वरन कला और वैचारिक प्रधानता के भी कई दौर देखे हैं । आज की पीढ़ी को एंग्री यंग मैन का समय स्मरण है जब सामाजिक समस्याओं से उकताए लोग सुनहरे पर्दे पर अमिताभ बच्चन को बीस-बीस गुंडों को मारने के काल्पनिक दृश्य देखकर तालियां बजाते अपनी कुंठा से बाहर निकलने का प्रयास करते थे। फिर खान बंधुओं की फिल्मों का समय प्रारम्भ हुआ और एंगर की जगह रोमांस ने ले ली। इन्हीं खान बंधुओं ने ग्रे शेड वाले हीरो को जन्म दिया और अपराध को महिमा मंडित करने लगे और लोग उनके लिए दीवाने होने लगे। इस सबके बीच सामानांतर सिनेमा भी चलता रहा । धीरे-धीरे दर्शकों में यह समझ उभरने लगी कि उनके साथ छल हो रहा है। उन्होंने अनुभव किया कि वामपंथी और तथाकथित सेक्युलर इस महत्वपूर्ण माध्यम का उपयोग वृहद हिंदू समाज और संस्कृति को अपमानित करने और युवा हिन्दू को अपने धर्म और संस्कार से दूर ले जाने के लिए कर रहे हैं। इस बीच फिल्म जगत ने कुछ ऐसे कार्य किये जो देशद्रोह की श्रेणी में रखे जा सकते हैं । इन लोगों ने याकूब मेनन जैसे खूंखार आतंकी को बचाने के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखने का अभियान चलाया। आमिर-शाहरुख-नसीर को भारत में डर लगने लगा। अपनी फिल्मों के प्रचार के लिए ये टुकड़े-टुकड़े गैंग से जा मिले, जिसके बाद दर्शकों के एक बहुत बड़े वर्ग में आक्रोश की ज्वाला भड़क उठी। हिंदी फिल्मों के बहिष्कार का आह्वान होने लगा और हालात यह हो गये कि बड़े-बड़े स्टार माने जाने वाले लोगों की फिल्मों ने बॉक्स ऑफिस पर पानी भी नहीं मांगा। बीते कुछ वर्षों में दर्शकों की रुचि और प्यार में बदलाव आया। वह अब हिंसा और अश्लीलता से भरपूर बेढंगी कहानियों पर आधारित फिल्मों का पूर्णतः बहिष्कार कर उन्हें सुपर फ्लॉप कर रहा है। वहीं किसी सत्य, ऐतिहासिक घटना व तथ्यों पर आधारित घटनाओं और कहानियों पर बनी फिल्मों का हृदय से स्वागत कर रहा है। उत्तर-दक्षिण और भाषा का भेदभाव लगभग समाप्त हो गया है। रुचि पूर्ण कथ्य किसी भी भाषा में हो, राष्ट्रीय स्तर पर स्वीकृति जा जा रहा है । बजट महत्वपूर्ण नहीं रहा। अतः छोटे स्टार कास्ट और नवोदित अभिनेता अभिनेत्री भी चल पड़े हैं। भारतीय सिनेमा में राष्ट्रवाद और सनातन संस्कृति का सकारात्मक पक्ष दृष्टिगोचर होने लग गया है। एक तथ्य यह भी है कि सत्य कहने वाली फिल्मों पर जमकर राजनीति हो रही है, भारत विरोधी और छद्म धर्मनिरपेक्षता-वाले लोग जो आज तक भारतीय संस्कृति का उपहास करके पैसा कमाते थे अब सच सामने लाने वाली फिल्मों का प्रदर्शन रोकने के लिए न्यायपालिका के दरवाजे भी खटखटा रहे हैं। एक समय था कि लोग भारतीय सिनेमा के कंटेंट से प्रभावित होते थे किंतु अब भारतीय सिनेमा राजनीति में आए बदलाव से प्रभावित हो रहा है। भारतीय सिनेमा में बदलाव का यह दौर विक्की कौशल अभिनीत फिल्म उरी -द सर्जिकल स्ट्राइक के साथ प्रारम्भ हुआ। इसमें सिंतबर 2016 में भारतीय सेना के पाकिस्तान की नियंत्रण रेखा पार कर सर्जिकल स्ट्राइक की घटना को जीवंत किया गया है। इस फिल्म ने राष्ट्रवाद की ज्वाला धधका दी थी और जनमानस में फिल्म के संवाद बहुत लोकप्रिय हुए। उरी की सफलता ने एक बड़ी लकीर खींच दी। इन्हीं एक-दो वर्षों में तान्हाजी, मणिकर्णिका जैसी फिल्मों ने भी दर्शकों को अपनी ओर खींचा जबकि आम मसाला फिल्मों की कमाई बंद होने लगी।

**बीते कुछ वर्षों में दर्शकों की रुचि व प्यार में बदलाव आया। अब हिंसा व अश्लीलता से भरपूर कहानियों पर आधारित फिल्मों का पूर्णतः बहिष्कार कर उन्हें सुपर फ्लॉप कर रहा है।**

देश-विदेश

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. की ओर से 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 222539, फैक्स नंबर : 06562-241176/ 231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-2283384, फैक्स नंबर : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25, निचली मंजिल, तानसेन मार्ग, (बंगाली बाजार), नई दिल्ली-1, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com

## NEWS इन ब्रीफ

### एम्स-रायपुर के ऑडिटोरियम में रोजगार मेला-6 का आयोजन आज

**रायपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार 13 जून को रोजगार अभियान के तहत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिये देश के 43 स्थानों पर आयोजित किए गए रोजगार मेला का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री, नई भर्ती किए गए उम्मीदवारों को नियुक्ति पत्र भी प्रदान करेंगे। प्रधानमंत्री द्वारा पिछले साल अक्टूबर में रोजगार मेला योजना शुरू की गयी थी।

इसी श्रृंखला में भारतीय स्टेट बैंक, रायपुर द्वारा अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) टाटीबंध, रायपुर के ऑडिटोरियम में 13 जून, 2023 मंगलवार को पूर्वाह्न 10.00 बजे से रोजगार मेला-6 का आयोजन किया गया है। केन्द्रीय जनजाति कार्य राज्यमंत्री रेणुका सिंह सरूता इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगी । इस रोजगार मेला-6 में केन्द्रीय सरकार के विभिन्न विभागों के 72 और भारतीय स्टेट बैंक के 70 चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए जाएंगे ।

### पुलिस और नक्सलियों की मुठभेड़, एक महिला नक्सली ढेर

**कांकेर।** छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ हुई है। गश्त पर निकली डीआरजी और बीएसएफ की 132 बटालियन संयुक्त पार्टी ने एक महिला नक्सली को ढेर कर दिया है। मुठभेड़ के बाद जवानों ने मौके से एक राइफल भी जब्त की है।

बस्तर आईजी सुंदरराज पी ने नक्सलियों के साथ हुई मुठभेड़ की पुष्टि करते हुए बताया कि रविवार रात को डीआरजी और बीएसएफ की 132 बटालियन संयुक्त पार्टी नक्सलियों के छिपे होने की सूचना पर सर्चिंग पर निकली थी। इसी दौरान लौटते वक्त सोमवार सुबह करीब 7 बजे छोटे बेठिया थाना क्षेत्र में आल्दण्ड के जंगल में अचानक से फायरिंग शुरू हो गई। इसका जवानों ने मुंहतोड़ जवाब दिया। जवानों को भारी पड़ता देख नक्सली जंगल की ओर भागे हैं। मुठभेड़ करीब आधे घंटे से ज्यादा चली है। मुठभेड़ में एक महिला नक्सली को ढेर कर दिया गया है। मुठभेड़ के बाद जवानों ने मौके से एक राइफल भी जब्त की है। फिलहाल इलाके में सर्च ऑपरेशन जारी है।

### ब्लू वॉटर लेक में डूबे तीन युवक, दो के शव बरामद, एक की तलाश जारी

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के माना थानांतर्गत ब्लू वाटर लेक में रविवार शाम नहाते समय तीन युवक डूब गए, जिसमें से एक युवक का शव लोगों ने बाहर निकाल लिया था। सोमवार सुबह पुलिस ने गोताखोरों की मदद से एक शव और बरामद कर लिया हैए वहीं तीसरे युवक की तलाश जारी है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लू वाटर लेक नाम से मशहूर इस हिस्से में रविवार को युवकों का जमावड़ा था, इसी दौरान पानी से भरी खदान में तीन युवक डूब गए। इनमें से दो के शव बरामद किए जा चुके हैं, तीसरे की तलाश अभी भी जारी है। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से एक शव को बरामद कर लिया था, लेकिन अंधेरा होने के कारण तलाश बंद करनी पड़ी। सोमवार सुबह से तलाशी अभियान पुनः शुरू किया गया और जहां एक और शव बरामद करने में सफलता मिली है। वहीं तीसरे की तलाश जारी है।

घटना की सूचना मिलने पर माना थाने की टीम और एसडीआरएफ के जवान मौके पर पहुंचे।

रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया गया। फिलहाल दो युवकों की लाश बरामद की गई है। जानकारी के मुताबिक, इस हादसे में मोहम्मद नदीम अंसारी, फैजल आजम और शाहबाज अंसारी की मौत हुई है। तीनों युवक की उम्र 20 से 25 साल के बीच थी। तीनों ही रायपुर के बीरगांव इलाके के गाजी नगर के रहने वाले थे।

## जनता दरबार में सीएम नीतीश कुमार ने सुनी लोगों की समस्या, दिए निर्देश

# मामले की जांच कर करें कार्रवाई

**एजेंसी। पटना**

नीतीश कुमार ने सोमवार को जनता दरबार में विभिन्न जिलों से आए 107 लोगों की समस्याओं को सुना। साथ ही संबंधित विभागों के अधिकारियों को समाधान के लिए समुचित कार्रवाई के निर्देश दिए।



जनता के दरबार में मुख्यमंत्री कार्यक्रम में सहरसा जिले से आए एक बुजुर्ग फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि मेरे खेत को कुछ दबंगों ने कब्जा कर लिया है। मुझसे 5 लाख रुपये की मांग कर रहे हैं। पैसा नहीं देने पर खेत में लगी फसल को उजाड़ देते हैं। थाने का लगातार चक्कर लगा रहे हैं बावजूद इसके कोई सुनवाई नहीं हो रही है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

अररिया जिले से आए एक युवक ने गुहार लगाते हुए मुख्यमंत्री से कहा कि मेरे पड़ोसी द्वारा मेरी निजी भूमि पर कब्जा किया जा रहा है। इसकी शिकायत थाना में करने के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हो रही है। वहीं अररिया जिले से ही आए एक अन्य युवक ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि सार्वजनिक भूमि को अधिग्रहित कर दबंगों द्वारा निजी रास्ता बना लिया गया है। इस संबंध में शिकायत की गई है, लेकिन अब तक किसी प्रकार की कोई कार्रवाई नहीं हो पायी है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

किशनगंज जिले से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से शिकायत करते हुए कहा कि उनकी निजी भूमि का गलत चौहद्दी बताकर जमीन कब्जा कर लिया गया है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। कटिहार जिले से आए एक बुजुर्ग ने मुख्यमंत्री से फरियाद करते हुए कहा कि बासगीत पर्चे से प्राप्त जमीन पर पिछले 8 वर्षों से अब तक उन्हें कब्जा नहीं दिलाया गया हैए जिससे पूरे परिवार को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया ।

लखीसराय जिले से आए एक फरियादी ने मुख्यमंत्री से गुहार लगाते हुए कहा कि उनकी निजी जमीन पर दबंगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। सारे कागजात प्रस्तुत किए जाने के बाद भी मामले का हल नहीं हो पा रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। दरभंगा जिले से आए एक युवक ने मुख्यमंत्री से फरियाद करते हुए कहा कि उसकी निजी जमीन की घेराबंदी कराने के लिए वर्ष 2021 में अंचलाधिकारी और जिलाधिकारी को आवेदन दिया गया है, बावजूद इसके कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वहीं दरभंगा जिले से ही आए एक युवक ने गुहार लगाते हुए कहा कि स्कूल का फंड पिछले 20 सालों से आ रहा है और लौट जा रहा है। इसकी वजह है कि स्कूल की भूमि को कुछ लोगों द्वारा कब्जा कर लिया गया है। इस बात की सूचना संबंधित अधिकारी को दिये जाने के बाद भी कोई कारगर कदम नहीं उठाया जा रहा हैए जिससे स्कूल का विकास नहीं हो पा रहा है। वही दरभंगा जिले से ही आए एक अन्य फरियादी ने बताया कि अतिक्रमण हटाए जाने के लिए अधिकारियों को सूचित किए जाने के बाद भी अतिक्रमण नहीं हटाए जाने की वजह से परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को जांचकर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

मुजफ्फरपुर जिले से आए एक व्यक्ति ने मुख्यमंत्री से आग्रह करते हुए कहा कि उनकी जमीन को कब्जा कर लिया गया है और खाली करने के लिए कहने पर जान से मारने की धमकी दी जाती है। वहीं मुजफ्फरपुर जिले से ही आए एक अन्य फरियादी ने गुहार लगाते हुए कहा कि मेरी मां की कोरोना से मौत हो गई लेकिन अनुग्रह अनुदान का भुगतान अभी तक नहीं हो पाया है। वहीं मुजफ्फरपुर जिले से ही आए एक अन्य फरियादी ने गुहार लगाते हुए कहा कि उनकी निजी भूमि नदी में चली गयी है और अब उस पर पुल का निर्माण हो रहा है लेकिन मुझे किसी प्रकार का मुआवजा नहीं दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने संबंधित विभाग को समुचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया ।

## हाई कोर्ट ने पंचायत चुनाव मतदान 14 जुलाई को करने का दिया सुझाव

**एजेंसी। कोलकाता**



पश्चिम बंगाल में आसन्न पंचायत चुनाव को लेकर तारीखों की घोषणा हो चुकी है। इस बीच विपक्ष की ओर से लगाई गई जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम और हिरणमय भट्टाचार्य की खंडपीठ ने राज्य चुनाव आयोग को सुझाव देते हुए कहा है कि पंचायत चुनाव 08 जुलाई के बजाय 14 जुलाई को बेहतर होता। कोर्ट ने नामांकन की तारीख बढ़ाने का भी सुझाव दिया। मुख्य न्यायाधीश ने यह भी कहा कि केंद्रीय बलों की सुरक्षा में अगर चुनाव कराए जाएं तो ज्यादा अच्छा होगा। कोर्ट ने कहा कहा कि प्रतिदिन नामांकन के लिए केवल आठ घंटे का समय मिला हैए यह पर्याप्त नहीं है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि हनुमान जयंती के समय ही हमने कहा था कि लोगों का मनोबल बढ़ाने के लिए केंद्रीय बलों की तैनाती की जरूरत थी। उसी तरह आज जब चुनाव का समय है तो राज्य के कम से कम 10 जिले अति संवेदनशील हैं, जहां केंद्रीय बलों की तैनाती होती तो अच्छा होता। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा कि कोलकाता से पुलिस को हुगली और हावड़ा भेजा जाए तो दूसरी जगहों पर पुलिसकर्मियों की संख्या कम पड़ जाएगी। इसके अलावा विपक्ष पुलिस पर भरोसा नहीं कर पा रहा है। कोर्ट ने कहा कि सिविक वॉलिंटियर्स को चुनाव के काम में नहीं लगा सकते। इसलिए केंद्रीय बलों की तैनाती के बारे में विचार किया जाना चाहिए।

## रोजगार के नाम पर लोगों को बरगलाते हैं नीतीश कुमारः प्रशांत किशोर

**एजेंसी। पटना**

जन सुराज के संस्थापक प्रशांत किशोर ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर रोजगार के नाम पर लोगों को बरगलाने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि नीतीश बाबू कहते हैं कि समुद्र नहीं है इसलिए बिहार में निवेश नहीं हो रहा है। हम कहते है कि टीसीएस-इंफोसिस को समुद्र की क्या जरूरत।



प्रशांत किशोर ने कहा कि बिहार शिक्षा का केंद्र बन सकता है, बिहार स्वास्थ्य सेवाओं का केंद्र, पर्यटन का केंद्र बन सकता, बिहार में टेक्नोलॉजी की जॉब आ सकती है। आज लोग बताते हैं कि बिहार में उद्योग इसलिए नहीं लग रहा है, क्योंकि इस राज्य में खनिज नहीं है। आज देश में टीसीएस और इंफोसिस जैसी कंपनियां लाखों लोगों को जॉब देती हैं। टीसीएस और इंफोसिस को खनिज नहीं चाहिएए तो क्या हम बिहार में ऐसी आईटी कंपनियों को उद्योग लगाने के लिए नहीं बुला सकते।

प्रशांत किशोर ने तंज कसते हुए कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पढ़े-लिखे आदमी होकर कभी-कभी हंसने वाली बात करते हैं। बोलते हैं यहां समुद्र नहीं है। कोई मुझे बताए कि अगर पटना में सॉफ्टवेयर पार्क खोलते हैं, तो इसके लिए समुद्र का क्या लेना-देना। तेलंगाना में समुद्र नहीं है, लेकिन आज वहां कर्नाटक के बाद देश में दूसरे स्थान पर सबसे ज्यादा आईटी पार्क खुल रहे हैं। पंजाब और हरियाणा में भी समुद्र नहीं हैं पर इसके अलावा वहां के लोगों को रोजगार मिल रहा है।

उन्होंने कहा कि जनता को बरगलाने के लिए हर दो साल बाद कुछ न कुछ बोल देते हैं। नीतीश कुमार जब पहले लालू के विरोध में थे तब कहा करते थे कि झारखंड का बंटवारा हो गया तो बिहार में केवल लालू-आलू-बालू बचा है इसलिए उद्योग नहीं लग रहा है।

## प्रियंका ने किया चुनाव अभियान का शंखनाद, मप्र को पांच गारंटी का वादा

**एजेंसी। जबलपुर**

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि सूबे में कांग्रेस की सरकार बनने पर हम पुरानी पेंशन को लागू करेंगे। रसोई गैस सिलेंडर 500 रुपये में दिया जाएगा। किसानों की जो कर्ज माफी कमल नाथ सरकार के समय प्रारंभ हुई थी, उसे पूर्ण किया जाएगा, यह मेरी गारंटी है। हमने कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में भी जो गारंटी दी थी, उन्हें पूरा किया है। आपके साथ पिछले 18 साल से गलत हो रहा है। आपका शोषण हो रहा है। यहां धन-बल से जनादेश को कुचला जाता है। पिछली बार आपने हमारी सरकार बनाई थी लेकिन जोड़-तोड़ और पैसे से भाजपा हमारी सरकार तोड़ी और अपनी बना ली। प्रदेश में हमारे भी कुछ ऐसे नेता थे, जो सत्ता की वजह से कांग्रेस छोड़कर चले गए। प्रियंका सोमवार को जबलपुर के शहीद स्मारक मैदान में आम सभा को संबोधित कर रही थीं। दरअसल, कर्नाटक में जीत से उत्साहित कांग्रेस अब मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव की तैयारी में जुट गई है। इसी क्रम में पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा सोमवार को जबलपुर पहुंचीं। उन्होंने यहां ग्वारीघाट पर 101 ब्राह्मणों के साथ मां नर्मदा की पूजा-आरती कर प्रदेश में पार्टी के चुनावी प्रचार अभियान का शंखनाद किया।



उन्होंने अपने भाषण की शुरूआत मां नर्मदा के जयकारे से की। उन्होंने कहा कि हम किसी के जज्बात और आस्था से खिलवाड़ करके राजनीति नहीं करते हैं। उन्होंने शिवराज सरकार पर आरोप लगाया कि यहां पर भ्रष्टाचार और रिश्वतवाद चल रहा है। इन्होंने महाकाल को नहीं छोड़ा। एक पुजारी ने मुझे वीडियो भेजा। हवा से मूर्तियां उड़ रही हैं। यहां 225 से ज्यादा घोटाले हो चुके हैं। ऐसा कोई क्षेत्र नहीं बचाए जहां घोटाला न हुआ हो। यहां तो किसानों के मुआवजा वितरण तक में घोटाला हो गया। बेरोजगारी का आलम यह है कि तीन साल में मात्र 21 लोगों को ही रोजगार मिला है। जब यह बात मुझे पता चली तो मैंने अपने ऑफिस से पुनः परीक्षण करने के लिए कहाए क्योंकि मैं यह मानती हूं कि जो कुछ भी आपसे कहूं, वह गलत नहीं होना चाहिए। तीन बार जांच कराईए तब भी यही बात निकलकर आई कि केवल 21 व्यक्तियों को ही तीन साल में रोजगार मिला है। प्रियंका ने कहा कि यहां आज महाकौशल की पावन और क्रांतिकारी धरती पर खड़े होकर बहुत गर्व हो रहा है।

## स्कूल नौकरी मामला: ईडी ने भद्र के दामाद अयान सिल के बेटे को किया तलब

**एजेंसी। कोलकता**

पश्चिम बंगाल में करोड़ों रुपये के स्कूल भर्ती मामले की जांच कर रहे प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने सुजय कृष्ण भद्र उर्फ कालीघाटर काकू (कालीघाट के चाचा) के दामाद प्रमोटर अयान सिल के बेटे को मामले में पूछताछ के लिए तलब किया है। जहां भद्र अभी ईडी की हिरासत में हैंए वहीं सिल भी करोड़ों रुपये के स्कूल भर्ती मामले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने सोमवार को भद्र के दामाद और सिल के बेटे को समन भेजा। सूत्रों ने कहा कि ईडी के अधिकारी उनसे उनकी बड़ी संपत्ति के बारे में पूछताछ करेंगे, जो उनकी आय से बहुत अधिक है। केंद्रीय एजेंसी के जासूसों को संदेह है कि इस बात की पूरी संभावना है कि स्कूल भर्ती मामले में आय का एक हिस्सा उनकी संपत्तियों और संपत्तियों में निवेश किया गया है।सूत्रों ने कहा कि ईडी अधिकारियों की जांच के दायरे में दुर्गापुर एक्सप्रेसवे से सटे शुक्ला सर्विस सेंटर नाम के एक पेट्रोल पंप में निवेश का स्रोत है, जहां सिल के बेटे की साझेदारी है। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारी उनसे इस पेट्रोल पंप को शुरू करने के लिए मिले फंड के बारे में पूछताछ कर सकते हैं। इस बीच, ईडी के अधिकारियों ने भद्र, सिल और तृणमूल कांग्रेस के विधायक और पश्चिम बंगाल प्राथमिक शिक्षा बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष माणिक भट्टाचार्य की एक सामान्य कार्यप्रणाली की पहचान की है। ईडी के एक सहयोगी ने कहा, इन तीनों के बीच सामान्य बात यह है कि इन सभी ने घोटाले की आय को डायवर्ट करने के लिए अपने करीबी परिवार के सदस्यों और बैंक खातों का इस्तेमाल किया। भट्टाचार्य, उनके बेटे और पत्नी के साथए वर्तमान में स्कूल भर्ती मामले में उनकी कथित संलिप्तता के लिए न्यायिक हिरासत में हैं। ईडी ने कोलकाता के एक व्यवसायी को तलब किया है, जिसने भद्र द्वारा चलाए जा रहे एक ट्रस्ट बांग्लार बोंडू (बंगाल का दोस्त) को छह करोड़ रुपये का उच्च मूल्य का बंगला दान किया था।

## किसान-कल्याण महाकुंभ में आएं किसान भाईः शिवराज

**एजेंसी। भोपाल**

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमने किसानों के ऋण पर ब्याज की राशि राज्य सरकार की ओर से भरवाने की बात कही थी। राजगढ़ में 13 जून को किसान-कल्याण महाकुंभ में किसानों के ब्याज की राशि उनके बैंक खातों में जमा की जाएगी, जिससे किसानों को कृषक सोसायटी से खाद-बीज मिल सकेगा। कार्यक्रम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी विशेष रूप से शामिल होंगे। किसान-कल्याण महाकुंभ में फसल बीमा योजना के 2900 करोड़ रुपये भी किसानों के खातों में डाले जाएंगे। मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना के 2 हजार रुपये भी सभी पात्र किसानों के खातों में जमा होंगे। यह बात मुख्यमंत्री चौहान ने सोमवार को इलेक्ट्रॉनिक और सोशल मीडिया के माध्यम से किसानों से की अपील में कही। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 6 हजार रुपये प्रतिवर्ष किसानों के खातों में जारी करते हैं। राज्य शासन की ओर से भी 4 हजार रुपये 2 किस्त में किसानों के खातों में डाले जाते हैं। मुख्यमंत्री चौहान ने कहा कि किसान-कल्याण महाकुंभ किसानों के कल्याण के लिए हमारी सरकार की प्रतिबद्धता का प्रकटीकरण है। किसान भाई अधिक से अधिक संख्या में राजगढ़ के किसान महाकुंभ में शामिल हों। सभी जिला मुख्यालयों तथा सोसायटी मुख्यालयों पर भी कार्यक्रम होंगे।




**प्रयास** सीएम बघेल ने जल मितान-युवा उद्यमी कौशल विकास का किया शुभारंभ,कहा

# रोजगार के लिए युवाओं को दिया जा रहा प्रशिक्षण

**एजेंसी। रायपुर**

मुख्यमंत्री भूपेश ने सोमवार को अपने निवास कार्यालय में जल-जीवन मिशन और यूनिसेफ के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में जल मितान-युवा उद्यमी उद्यमिता कौशल विकास कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री गुरु रूद्रकुमार ने किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ एस भारती दास जल जीवन मिशन छत्तीसगढ़ के मिशन निदेशक आलोक कटियार, यूनिसेफ की वाश विशेषज्ञ श्वेता पटनायक भी कार्यक्रम में उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और गुरु रुद्रगुरु सहित अतिथियों द्वारा कार्यक्रम में 90 जल मितान एवं युवा उद्यमियों को टूल किट प्रदान किए गए । टूल किट में युवाओं को सुरक्षा जूता, हेलमेट आदि दिए गए। जल जीवन मिशन के अंतर्गत छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्रों में पाइप लाइन द्वारा हर घर में जल आपूर्ति की विकसित की जा रही अधोसंरचना के स्थायी रखरखाव के लिए राज्य के युवाओं को कौशल विकास प्रशिक्षण देकर जल मितान और युवा उद्यमी के रूप में तैयार किया गया है।




जल जीवन मिशन एवं यूनिसेफ की भागीदारी से पेयजल आपूर्ति की निर्मित अधोसंरचना के स्थाई रखरखाव के लिए राज्य के 540 युवाओं तथा 90 युवा उद्यमियों को 21 दिनों की आवासीय ट्रेनिंग दी गई है। युवाओं को प्लंबिंग इलेक्ट्रिकल सोलर पैनल रिपेयरिंग आरओ रिपेयरिंग आदि की ट्रेनिंग दी गई है। जल मितान विभिन्न सेवाएं जल गुणवत्ता परीक्षण सर्विसेज, नल पाइप फिटिंग रिपेयरिंग, आरो फिटिंग, रिपेयरिंग, इलेक्ट्रिकल फिटिंग रिपेयरिंग, सोलर पैनल फिटिंग रिपेयरिंग, पम्प आपरेटर सर्विस प्रदान करेंगे।

मुख्यमंत्री भूपेश ने जल मितान-उद्यमिता विकास कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ देश का पहला राज्य है, जहां जल जीवन मिशन के तहत पेयजल योजनाओं के संचालन और संधारण के लिए बड़ी संख्या में युवाओं को प्रशिक्षण दिया जा रहा है और जल मितान, युवा उद्यमी तथा जल दीदी के रूप में उन्हें योजनाओं के संधारण और संचालन के लिए तैयार किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा युवाओं को स्वरोजगार और रोजगार से जोड़ने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। युवाओं को बेरोजगारी भत्ता के साथ कौशल विकास का प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत 540 युवाओं को उच्च स्तर का प्रशिक्षण दिया गया है और उन्हें आज निःशुल्क टूल किट प्रदान किया गया। इन प्रशिक्षित जल मितान और जल दीदियों को स्वरोजगार के नए अवसर मिले हैं। मुख्यमंत्री ने प्रशिक्षण प्राप्त सभी युवाओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत छत्तीसगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र के 50 लाख घरों में नल जल कनेक्शन देने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जिसके तहत अब तक 24 लाख घरों में नल कनेक्शन दिए जा चुके हैं, जब इतनी बड़ी संख्या में नल कनेक्शन दिए गए हैं तो उनके संचालन और संधारण के लिए बड़ी संख्या में प्रशिक्षित युवाओं की जरूरत भी है, ताकि योजनाओं का सुचारू संचालन हो सके। इन प्रशिक्षित युवाओं को हमेशा रोजगार के अवसर मिलते रहेंगे। काम की कमी नहीं होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हाल में कोंडागांव के प्रवास के दौरान भी वहां कौशल विकास का प्रशिक्षण प्राप्त करीब 550 युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए गए थे। युवाओं को स्वरोजगार से जोड़ने का कार्य निरंतर किया जा रहा है।

### नामांकन दाखिल करने को लेकर कूचबिहार में तनाव

**कूचबिहार।** कूचबिहार -1 नंबर ब्लॉक बीडीओ कार्यालय में पंचायत चुनाव के नामांकन दाखिल करने को लेकर सोमवार को तनाव देखा गया। हालांकि पुलिस के हस्तक्षेप के बाद माहौल शांत हो गया। कूचबिहार भाजपा जिलाध्यक्ष सुकुमार राय ने कहा कि आज रैली के माध्यम से भाजपा उम्मीदवार और समर्थक नामांकन दाखिल करने के लिए बीडीओ कार्यालय जा रहे थे। तभी तृणमूल कांग्रेस के नेता और कार्यकताओं ने घुघुमारी चौपथी इलाके में रोकर विरोध प्रदर्शन किया। घटना पुलिस कि मौजूदगी में हो रहा था। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस की रणनीति थी कि भाजपा के उम्मीदवार नामांकन दाखिल ना कर सके। हालांकि विरोध के बावजूद भाजपा उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। दूसरी तरफ तृणमूल कांग्रेस ने भाजपा द्वारा लगाए गए सभी आरोपों का खंडन किया है।

# भारत-पाक वर्ल्ड कप मैच 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में




**एजेंसी। मुंबई**
क्रिकेट का वन डे वर्ल्ड कप अक्टूबर से नवंबर के बीच भारत में खेला जाएगा। इउउक ने मैचों का शेड्यूल ड्राफ्ट तैयार कर आईसीसी को भेज दिया है। ड्राफ्ट के मुताबिक, टूनामेंट की शुरूआत 5 अक्टूबर को अहमदाबाद से होगी। ओपनिंग मैच इंग्लैंड और न्यूजीलैंड के बीच खेला जाएगा। भारत का पहला मैच 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होगा। टूर्नामेंट का सबसे बड़ा मैच यानी भारत और पाकिस्तान का मुकाबला 15 अक्टूबर को खेला जाएगा। ये मैच अहमदाबाद में एक लाख दर्शक क्षमता वाले नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। वर्ल्ड कप फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद में खेला जाएगा। पाकिस्तान के मैच अहमदाबाद के अलावा हैदराबाद, बेंगलुरु, चेन्नई और कोलकाता में होंगे। क्रिकेट वेबसाइट के मुताबिक, यह शेड्यूल ड्राफ्ट क्ळउ ने वर्ल्ड कप खेलने वाली सभी टीमों को भेज दिया है। उनका फीड बैक लेने के बाद अगले हफ्ते फाइनल शेड्यूल जारी किया जाएगा। 2015 और 2019 में हुए वन डे वर्ल्ड कप का शेड्यूल एक साल पहले जारी कर दिया गया था। 2023 वर्ल्ड कप का शेड्यूल अभी तक फाइनल नहीं हुआ है। टूर्नामेंट शुरू होने में 4 महीने से कम का वक्त बचा है। 27 मई को बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने कहा था कि वर्ल्ड कप का शेड्यूल वर्ल्ड टेस्ट चैम्पियनशिप के दौरान जारी कर दिया जाएगा। शेड्यूल में देरी के चलते ही क्ळउ वर्ल्ड कप मुकाबलों के लिए टिकटों की डिटेल भी जारी नहीं कर पाया है। एशियन क्रिकेट काउंसिल एशिया कप के लिए पाकिस्तान के क्रिकेट बोर्ड का प्रस्ताव मंजूर कर सकती है। न्यूज के मुताबिक, ढउइ ने प्रपोजल दिया है कि भारत के सभी मैच श्रीलंका में कराए जाएं और बाकी मुकाबले पाकिस्तान में हों।

# चीनी खिलाड़ियों ने फ्रेंच ओपन के महिला युगल का खिताब जीता



**एजेंसी। बीजिंग**
विगत रविवार को आयोजित फ्रेंच ओपन टेनिस चैंपियनशिप के महिला युगल के फाइनल में चीनी खिलाड़ी वांग शिनयु और श्ये शुवेइ ने 2-1 से केनेडियन खिलाड़ी लेलाह फर्नेंडिज और अमेरिकी खिलाड़ी टेलर टाउनसेंड की जोड़ी को हरा कर खिताब जीता। वांग शिनयु चीनी टीम की युवा खिलाड़ी हैं ,जबकि श्ये शुवेइ चीनी थाईपेइ की 37 वर्षीय वरिष्ठ खिलाड़ी हैं ।एक महीने से पहले इटली ओपन में दोनों ने जोड़ी बनाकर पहली बार प्रतियोगिता में भाग लिया ।यह इस जोड़ी का दूसरा इवेंट है। पहले सेट में चीनी जोड़ी 1-6 से हार गयी ,पर उन्होंने शानदार प्रदर्शन कर 7-6 ,6-1 से लगातार दो सेट जीते। यह पहली बार है कि वांग शिनयु ने फ्रेंच ओपन की युगल प्रतियोगिता में भाग लिया और यह उन की पहली ग्रैंडस्लेम चैंपिनशिप भी है ।यह श्ये शुवेइ की पांचवीं ग्रैंडस्लेम चैंपिनशिप है।

## अखिलेश ने की शानदार बल्लेबाजी सेंट्रल क्रिकेट क्लब ने जीता मैच

**लखनऊ।** अंडर-19 क्रिकेट टूर्नामेंट में सेंट्रल क्रिकेट क्लब ने लखनऊ क्रिकेट फाउंडेशन को पचास रन से हराकर बढ़त बना ली। इस मैच में सेंट्रल क्रिकेट क्लब के अखिलेश कुमार ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए 51 रन बनाये। सेंट्रल क्रिकेट क्लब की पूरी टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 211 रन बनाकर निर्धारित 40 ओवर से पहले 31वें ओवर में ही पवेलियन वापस लौट गयी। इसमें सर्वाधिक 51 रन का योगदान सलामी बल्लेबाज अखिलेश कुमार ने दिया। वहीं प्रियांशु पांडेय ने 43 रन बनाये, जबकि नवाब अली ने 39 रन का योगदान दिया, जबकि सत्यम दो रन बनाकर ही पवेलियन लौट गये। लखनऊ क्रिकेट फाउंडेशन की पूरी टीम 161 रन बनाकर ही पवेलियन लौट गयी और सेंट्रल क्रिकेट क्लब ने 50 रन से मैच को जीत लिया। लखनऊ क्रिकेट फाउंडेशन के सलामी बल्लेबाज राहुल शून्य पर ही पवेलियन वापस लौट गये, जबकि सबसे अधिक अभिषेक ने 36 रन का योगदान दिया।

## केरल सरकार के कर्मचारी ने अलास्का में माउंट डेनाली को किया फतह



**तिरुवनंतपुरम।** केरल सरकार के कर्मचारी छत्तीस वर्षीय शेख हसन खान ने अलास्का में माउंट डेनाली को सफलतापूर्वक फतह कर लिया है। माउंट एवरेस्ट और किलिमंजारो पर चढ़ाई कर चुके खान पिछले महीने अलास्का पहुंचे और उन्होंने पांच वर्षों में 185 देशों की सबसे ऊंची चोटियों पर चढ़ने का लक्ष्य निर्धारित किया, डेनाली पहला था। 7 जून को उन्होंने अपनी जान जोखिम में डालकर यह उपलब्धि हासिल की। इस पर विजय प्राप्त करने के बाद, उन्होंने देखा कि डेनाली एक सुंदर पर्वत है, लेकिन एवरेस्ट शक्तिशाली है। खान ने डेनवर से फोन पर आईएएनएस से कहा, डेनाली पर चढ़ना माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने से ज्यादा कठिन है। यदि आप डेनाली पर चढ़ते हैं, तो आपको पर्वतारोही कहा जा सकता है। खान ने कहा, अलास्का पर्वतमाला के डेनाली पर्वत में 6 जून की आधी रात थी। उत्तरी ध्रुव से केवल 200 मील की दूरी पर। हमने 6 जून को स्थानीय समयानुसार दोपहर के आसपास शिखर पर अपनी यात्रा शुरू की। इस साल मौसम 10 वर्षों में सबसे खराब था। खान ने कहा, मैं और मेरे साथी सुबीर बख्शी ने कैंप 5 को छोड़ दिया और शिखर की ओर चलना शुरू कर दिया। हम एक साथ बंधे हुए थे। 18 हजार फीट के बाद हवाएं चलने लगीं। जैसे ही हम 19 हजार फीट के करीब पहुंचे, हवा की गति 30 से 45 मील प्रति घंटे के बीच हो गई। हवा ने कई बार हमें लगभग उड़ा दिया था। सभी अन्य समूह कैंप 5 में लौट आए, लेकिन हमने चढ़ाई जारी रखी। तेज हवा से तापमान -60 डिग्री फारेनहाइट (-51 डिग्री सेल्सियस) हो गया।

## स्पेशल ओलंपिक भारत के एक्सक्लूसिव गुडविल एंबेसडर बने अभिराज और नियति

**मुंबई।** डिजिटल कंटेंट क्रिएटर अभिराज और नियति (अभि और नियू) को स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स में हिस्सा ले रहे भारतीय एथलीटों के बारे में जागरूकता पैदा करने के लिए इन्फ्लुएंसर श्रेणी में एक्सक्लूसिव गुडविल एंबेसडर नियुक्त किया गया है। स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स का आयोजन 17 से 25 जून, 2023 तक, बर्लिन जर्मनी में किया जा रहा है। अभि और नियू ने परिवर्तन, सकारात्मकता और प्रेरणा की 100 प्रेरक कहानियों की तलाश में पूरे भारत की यात्रा की है। वे अक्सर अपनी सूचनात्मक सामग्री के साथ तथ्यों को शामिल करते हैं।

### स्पेशल ओलंपिक गेम्स को लेकर भारत के एथलीट नई दिल्ली से बर्लिन के लिए हुआ रवाना

# भारत के एथलीट का रहेगा जलवा : डॉ. मल्लिका



**एजेंसी। नई दिल्ली** स्पेशल ओलंपिक विश्व समर गेम्स 2023 के लिए सोमवार को स्पेशल ओलंपिक भारत के एथलीटों का अंतिम समूह नई दिल्ली से बर्लिन के लिए रवाना हुआ। स्पेशल ओलंपिक विश्व समर गेम्स 2023 का आयोजन 17 जून से 25 जून, 2023 के बीच किया जाएगा। प्रतिष्ठित आयोजन के 16 खेलों में 198 एथलीट, एकीकृत भागीदार और 57 कोचों वाला भारतीय दल हिस्सा ले रहा है। भारतीय दल ने विगत रविवार और सोमवार के बीच पांच समूहों में बर्लिन के लिए उड़ान भरी। स्पेशल ओलंपिक भारत की चेयरपर्सन डॉ. मल्लिका नड्डा ने भी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देने के लिए एयरपोर्ट पर उनसे मुलाकात की। इस बीच, देश के कोने-कोने से बधाई देने वालों का तांता लग गया और कई प्रमुख हस्तियों ने आगामी टूर्नामेंट के लिए भारतीय एथलीटों को शुभकामनाएं भेजीं। बॉलीवुड सुपरस्टार अक्षय कुमार ने एक संदेश में कहा, स्पेशल ओलंपिक बौद्धिक विकलांग लोगों को खेलों में प्रतिस्पर्धा करने का एक बड़ा अवसर देता है। 198 भारतीय एथलीटों की हमारी टीम बर्लिन में स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार है। मैं उन्हें शुभकामनाएं देता हूं। आइए हम प्रार्थना करें कि हमारे भारतीय चैंपियन विश्व मंच पर धूम मचाएं। बॉलीवुड सुपरस्टार सुनील शेट्टी ने कहा, ₹इस साल बर्लिन में भारत के 198 खिलाड़ियों सहित 190 देशों के 7000 एथलीट शामिल होंगे। स्पेशल ओलंपिक वर्ल्ड समर गेम्स समावेश का संदेश देंगे। तो, आइए हम एक साथ इकट्ठा हों और हमारे चैंपियन का हौसला बढ़ाएं जो खेलों से परे और उससे आगे की चुनौतियों को पार करके उस मुकाम तक पहुंचे हैं जहां वे आज हैं। आइए प्रार्थना करें कि हर भारतीय अपना सर्वश्रेष्ठ हासिल करे। आप सभी को बहुत-बहुत शुभकामनाएं। पूर्व भारतीय क्रिकेटर वीरेंद्र सहवाग ने कहा, स्पेशल ओलंपिक विश्व खेल 2023 के लिए, 198 एथलीट बर्लिन की यात्रा करेंगे। हमारे स्पेशल एथलीट राष्ट्र को गौरवान्वित बनाने के लिए अपना 100 प्रतिशत देने के लिए तैयार हैं। हमारा कर्तव्य इन एथलीटों को प्रेरित करना है।

## नीलामी में सबसे मजबूत पक्ष बनाने की कोशिश करेंगे : बाबर



**कोलंबो।** कोलंबो स्ट्राइकर्स बुधवार, 14 जून 2023 को कोलंबो में होने वाली आगामी लंका प्रीमियर लीग (एलपीएल) नीलामी में एक शानदार टीम बनाने के लिए तैयार है। स्ट्राइकर्स पहले ही पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम, प्रतिभाशाली पाकिस्तानी तेज गेंदबाज नसीम शाह और श्रीलंकाई टी20 स्टार मथीशा पथिराना और चमिका करुणारत्ने के साथ करार कर चुका है। नीलामी से पहले बाबर आजम ने कहा, ₹नीलामी किसी भी फ्रेंचाइजी क्रिकेट टूर्नामेंट में सबसे महत्वपूर्ण पहलू है। हमने उस तरह के खिलाड़ियों के बारे में बात की है जिनकी हमें जरूरत है और हम निश्चित रूप से टूर्नामेंट में सबसे मजबूत पक्ष बनाने की कोशिश करेंगे।

# अगले महीने वेस्टइंडीज दौरे पर जाएगी भारतीय टीम, दो टेस्ट, तीन वनडे




**एजेंसी। सेंट जॉन्स (एंटीगुआ)**
भारतीय टीम 12 जुलाई से 13 अगस्त तक कैरेबियाई दौरे पर जाएगी। इस दौरान दोनों देश दो टेस्ट मैच, तीन वनडे और पांच टी20 अंतर्राष्ट्रीय मैच खेलेंगे। क्रिकेट वेस्टइंडीज (सीडब्ल्यूआई) ने सोमवार को कार्यक्रम की घोषणा की। भारत ने आखिरी बार 2019 में सभी प्रारूपों के मैचों के लिए वेस्टइंडीज का दौरा किया था और हर प्रारूप में सीरीज जीती थी। पिछले साल उन्होंने वहां वनडे और टी20 मैचों की सीरीज खेली थी और दोनों में जीत हासिल की थी। भारत का वेस्टइंडीज दौरा दो टेस्ट के साथ शुरू होगा, जो 2023-2025 आईसीसी विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप की शुरूआती होगी। डोमिनिका में विंडसर पार्क 12-16 जुलाई तक पहले टेस्ट की मेजबानी करेगा। दूसरा टेस्ट 20-24 जुलाई तक त्रिनिदाद में क्वींस पार्क ओवल में खेला जाएगा। दूसरा टेस्ट भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेला जाने वाला 100वां टेस्ट मैच भी होगा। सीडब्ल्यूआई के सीईओ जॉनी ग्रेव ने कहा, हम भारत की बहुप्रतीक्षित यात्रा के लिए कार्यक्रम और स्थानों की पुष्टि करने में सक्षम होने से प्रसन्न हैं। मुख्य आकर्षण में से एक क्वींस पार्क ओवल में 100वां टेस्ट होगा और ..हम इस ऐतिहासिक घटना का जश्न मनाते हैं।

## 2023 सत्र से हटे चीन के शीर्ष धावक सू बिंगटियन

**बीजिंग।** चीन के शीर्ष धावक सू बिंगटियन ने सोमवार को अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर 2023 सीजन से हटने की घोषणा की। मौजूदा एशियाई 100 मीटर रिकॉर्ड धारक बिंगटियन ने एक बयान में कहा कि उन्होंने इस साल की विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप और हांग्जो एशियाई खेलों से बाहर होने और स्वास्थ्य कारणों से 2023 सत्र से हटने का फैसला किया है। उन्होंने ट्वीट किया, ₹एक 34 वर्षीय स्प्रिंटर के रूप में चोटों और महामारी के बाद शारीरिक स्थिति में गिरावट ने मेरी तैयारी में मुश्किलें ला दी हैं। मेरी टीम ने मेरे लिए परीक्षाओं और परीक्षणों की एक श्रृंखला आयोजित की है और सक्रिय रूप से विभिन्न स्रोतों से सलाह मांगी है। उन्होंने कहा, अपने करियर को लंबा करने के लिए, मुझे आराम करने और समायोजन करने के लिए इस साल की प्रतियोगिताओं को छोड़ना होगा।

# भारतीय शीर्ष क्रम को बाबर आजम व केन विलियम्सन से सीखने की जरूरत : नासिर हुसैन



**एजेंसी। नई दिल्ली**
विश्व टेस्ट चैंपियनशिप (डब्ल्यूटीसी) के फाइनल में ऑस्ट्रेलिया के हाथों शर्मनाक हार के बाद इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने भारतीय शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों को सलाह दी है कि उन्हें बाबर आजम और केन विलियम्सन जैसे खिलाड़ियों से सीख लेनी चाहिए। रविवार को ओवल में रोमांचक मुकाबले के पांचवें दिन ऑस्ट्रेलिया ने 209 रनों की शानदार जीत दर्ज की। 444 रनों का कठिन लक्ष्य निर्धारित करने के बाद, ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पांचवे दिन लंच से पहले 234 रनों पर आउट कर अपना पहला डब्ल्यूटीसी खिताब जीता। हुसैन ने स्काई स्पोर्ट पर कहा,वास्तव में भारतीय बल्लेबाजों से निराश, उनके प्रशंसक ऐसा कहने के मुझे निशाना बना सकते हैं, लेकिन मुझे लगता है कि भारतीय शीर्ष क्रम को बाबर और केन को देखने की जरूरत है कि जब गेंद घूम रही हो तो तेज गेंदबाजों को कैसे खेलते हैं। चौथे दिन विराट कोहली और अजिंक्य रहाणे के नाबाद रहने से, भारत के लिए कुछ उम्मीद थी कि वे अंतिम दिन रिकॉर्ड रनों का पीछा कर सकते हैं। लेकिन बोलैंड ने पहले घंटे में कोहली और रवींद्र जडेजा को एक ही ओवर में आउट कर दिया। नाथन लियोन और मिचेल स्टार्क ने भी विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 234 रनों पर आउट कर जीत पर मुहर लगा दी। विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भारत की यह लगातार दूसरी हार थी। 2021 में न्यूजीलैंड के खिलाफ भी भारत को हार का सामना करना पड़ा था।

## उरुग्वे ने इटली को हराकर जीता अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप का खिताब



**ला प्लाटा।** फारवर्ड लुसियानो रोड्रिग्ज के अंतिम मिनटों में किये गए गोल की बदौलत उरुग्वे ने यहां इटली को 1-0 से हराकर अपना पहला अंडर-20 फुटबॉल विश्व कप का खिताब जीत लिया है। रोड्रिग्ज ने 86वें मिनट में हेडर के जरिए गोल किया। इस गोल के साथ ही उरुग्वे ने टूर्नामेंट में यूरोपीय टीमों की लगातार चार जीत के क्रम को तोड़ दिया। खिताबी जीत के बाद रोड्रिग्ज ने कहा, यह एक अविश्वसनीय भावना है। हम विश्व चैंपियन हैं।

### सफलता | मुंबई सिटी एफसी ने तीन साल का अनुबंध विस्तार किया

# अद्भुत टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य




**एजेंसी। मुंबई**
इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) क्लब मुंबई सिटी एफसी ने सोमवार को भारतीय फुटबॉलर मेहताब सिंह के साथ तीन साल का अनुबंध विस्तार किया है। मेहताब मई 2026 तक क्लब में बने रहेंगे। 2020 में मुंबई सिटी एफसी में शामिल होने के बाद से, 25 वर्षीय खिलाड़ी लगातार मजबूत होते गए हैं और उन्होंने क्लब के डिफेंस में एक स्तंभ के रूप में अपनी छाप छोड़ी है।

डेस बकिंघम की कोचिंग वाली टीम में मेहताब एक महत्वपूर्ण सदस्य हैं, जिसने 2022-23 सीजन में लीग विनर्स शील्ड उठाई, एएफसी चैंपियंस लीग में वापसी की, साथ ही डूरंड कप में उपविजेता रही। क्लब के साथ करार विस्तार पर मेहताब ने कहा, इस अद्भुत टीम का हिस्सा बनना मेरे लिए सौभाग्य की बात है और मुझे खुशी है कि मुझे यहां तीन और साल रहने का अवसर मिला है। मुंबई शहर में हर किसी के बीच एक अच्छा बंधन है और क्लब ने एक ऐसा माहौल बनाया है जहां हम हमेशा एक-दूसरे का समर्थन और प्रोत्साहन कर रहे हैं। डेस बकिंघम, उनके स्टाफ और क्लब में सभी के समर्थन से, मैं निश्चित रूप से एक खिलाड़ी के ही रूप में नहीं, बल्कि एक व्यक्ति के रूप में भी काफी विकसित हुआ हूं, लेकिन मैं यहीं नहीं रुकना चाहता। मैं अपनी मुंबई की कहानी के अगले अध्याय को जीने के लिए उत्साहित हूं और मुझे उम्मीद है कि मैं क्लब, कोच, अपने साथियों और प्रशंसकों को और अधिक दे सकता हूं। मुख्य कोच डेस बकिंघम ने कहा, मेहताब लीग में सर्वश्रेष्ठ युवा भारतीय डिफेंडरों में से एक के रूप में विकसित हुए हैं और यह उनकी कड़ी मेहनत और सीखने के खुलेपन के कारण है। उसके पास बहुत सारी मजबूत विशेषताएं हैं जो हम अपने रक्षकों में देखते हैं। मुझे खुशी है कि उन्होंने क्लब के साथ अपने अनुबंध का विस्तार किया है।

## भारत ने अर्जेंटीना के खिलाफ जीत के साथ अभियान का किया समापन

**आइंडहोवन।** शनिवार को मेजबान नीदरलैंड से 2-3 की दिल तोड़ने वाली हार के बाद, भारतीय पुरूष हॉकी टीम ने बेहतरीन वापसी करते हुए यहां अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर जीत के साथ एफआईएच हॉकी प्रो लीग 2022-23 अभियान का समापन किया। इस जीत के साथ भारत अंक तालिका में शीर्ष स्थान पर कायम है। मैच में भारत के लिए आकाशदीप सिंह (2') और सुखजीत सिंह (14') ने गोल किया, जबकि लुकास टोस्कानी (58') ने अर्जेंटीना के लिए एकमात्र गोल किया। अनुभवी स्ट्राइकर आकाशदीप सिंह ने मैच के दूसरे मिनट में ही गोल कर भारतीय टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। अगले कुछ मिनटों में भारत ने आक्रमण रूख अख्तियार किया, जिसका फायदा भी भारतीय टीम को मिला, जब सुखजीत ने बेहतरीन मैदानी गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया।



## NEWS इन ब्रीफ

### भारत की जीडीपी 3.75 ट्रिलियन डॉलर पर पहुंची

**नई दिल्ली।** भारत की जीडीपी (सकल घरेलू घरेलू उत्पाद) वर्ष 2023 में 3.75 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच गई है। यह वर्ष 2014 में लगभग 2 ट्रिलियन डॉलर के करीब थी। केंद्रीय वित्त मंत्री कार्यालय ने आज ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। ट्वीट के मुताबिक इस तरह भारत दुनिया की 10वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया। भारत को अब वैश्विक अर्थव्यवस्था में एक उज्ज्वल स्थान के रूप में जाना जाता है। उल्लेखनीय है कि रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आारबीआई) गवर्नर शक्तिकांत दास ने पिछले हफ्ते मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की समीक्षा बैठक के बाद कहा था।

### विजन प्रो के सस्ते वैरिएंट पर काम कर रहा एपल

**नई दिल्ली।** टेक कंपनी एपल अपने पहले मिक्स्ड रियलिटी हेडसेट 'विजन प्रो' के सस्ते वैरिएंट पर काम कर रही है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के मुताबिक, कंपनी क्वालिटी और फीचर्स को ज्यादा कॉम्प्रोमाइज किए बिना कम कीमत वाला विजन प्रो बनाएगी। एपल ने साल 2025 के लास्ट तक विजन प्रो के सस्ते वैरिएंट को लॉन्च करने का टारगेट रखा है। इसके जरिए कंपनी अपने डिवाइस को बड़े यूजर बेस तक पहुंचाना चाहती है। दरअसल, एपल ने 5 जून की रात डब्ल्यूडब्ल्यूडीसी 23 इवेंट में अपना पहला अफ/शफहेडसेट 'विजन प्रो' को 3500 डॉलर (लगभग 2.88 लाख रुपए) में पेश किया है।

# उत्तर प्रदेश होगा इथेनॉल का सबसे बड़ा उत्पादक



**एजेंसी। लखनऊ**

चालू वित्त वर्ष 2023-24 में लगभग 100 ऑपरेशनल डिस्टिलरी के साथ उत्तर प्रदेश देश में सबसे बड़े इथेनॉल उत्पादक के रूप में उभरने के लिए तैयार है। गन्ना और आबकारी के अतिरिक्त मुख्य सचिव संजय भूसरेड्डी ने कहा कि वर्तमान में यूपी में 85 डिस्टिलरी ऑपरेशनल स्टेज पर हैं। अगले कुछ महीनों में अन्य 15 डिस्टिलरीज चालू होने वाली हैं। 100 डिस्टिलरीज गन्ना आधारित और दोहरी मोड (गन्ने के साथ-साथ अनाज पर आधारित) दोनों होंगी। इसके अलावा, राज्य सरकार ने अगले तीन वर्षों के भीतर राज्य में डिस्टिलरी की संख्या बढ़ाकर 140 करने का भी लक्ष्य रखा है। भूसरेड्डी ने कहा कि वृद्धि मुख्य रूप से उस निवेश से प्रेरित होगी जो राज्य को वैश्विक निवेशक शिखर सम्मेलन के दौरान प्राप्त हुआ था, जो इस साल के शुरू में आयोजित किया गया था। इसी समय, राज्य सरकार ने धान और गेहूं के बड़े स्टॉक को देखते हुए अनाज आधारित भट्टियों को बढ़ावा देने की योजना बनाई। रिकॉर्ड बताते हैं कि यूपी में इथेनॉल का उत्पादन 2022-23 में 134 करोड़ लीटर तक पहुंच गया, जो देश में सबसे ज्यादा था। 2023-24 में इसके 160 करोड़ लीटर तक जाने की उम्मीद है। वास्तव में, राज्य सरकार गोरखपुर-बस्ती-आजमगढ़ खंड के बीच और दूसरा मेरठ-मुरादाबाद बेल्ट के बीच दो जगहों पर अतिरिक्त ईंधन भंडारण सुविधाओं की स्थापना के लिए जोर दे रही है। प्रोजेक्ट्स को रेल और पेट्रोलियम मंत्रालय के समन्वय से क्रियान्वित करने का प्रस्ताव है। भूसरेड्डी ने कहा कि राज्य सरकार दो सुविधाओं की स्थापना के प्रस्ताव को आक्रामक तरीके से आगे बढ़ा रही है। वास्तव में, उत्तर प्रदेश लगभग 12 प्रतिशत इथेनॉल सम्मिश्रण सुनिश्चित कर रहा था। उद्योग के सूत्रों ने कहा कि एचपीसीएल जैसी तेल विपणन कंपनियां (ओएमसी) 11.63 प्रतिशत की मिलावट कर रही थीं।

### बेहतरीन कैमरा, डिजाइन के साथ लैस रियलमी

**नई दिल्ली।** स्मार्टफोन की तेजी से विकसित हो रही दुनिया में टेक्नोलॉजी हमारे जीवन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। आज, जैसा कि हम महामारी के बाद के युग में प्रवेश कर चुके हैं, एडवांस टेक्नोलॉजी की प्रासंगिकता पहले से कहीं अधिक हो गई है। एक नए स्मार्टफोन की खरीद को प्रभावित करने वाले असंख्य फैक्टर्स में, कैमरा कैपेबिलिटीज, डिजाइन, डिस्पले क्वालिटी, फास्ट चार्जिंग और पावरफुल प्रोसेसर अक्सर लिस्ट में सबसे ऊपर होते हैं। रियलमी ने अपनी इनोवेटिव नंबर सीरीज के साथ इन सभी पहलुओं में लगातार मानक ऊंचा किया है। रियलमी भारतीय स्मार्टफोन यूजर्स की डिमांड को पूरा करने के लिए कैमरा, डिजाइन, डिस्प्ले, फास्ट चार्जिंग और प्रोसेसर का कैसे लाभ उठा रहा है। इस पर एक नजर डालेंगे। जब एक नया स्मार्टफोन खरीदने की बात आती है।

तो कंज्यूमर ऐसे डिवाइस की तलाश करता है जो सभी चीजों में आगे हो। एक पावरफुल कैमरा यूजर्स को अपने मोमेंट्स को साफ सुथरे तरीके से कैप्चर करने की अनुमति देता है। एक वाइब्रेंट डिस्प्ले एक्सपीरियंस को बढ़ाता है, जिससे कंटेंट अधिक प्रभावशाली हो जाता है।

### केंद्र ने राज्यों को 1,18,280 करोड़ रुपये की कर हस्तांतरण किस्त की जारी




**नई दिल्ली।** केंद्र ने सोमवार को राज्यों को कर हस्तांतरण की तीसरी किस्त 1,18,280 करोड़ रुपये जारी की, जबकि सामान्य मासिक हस्तांतरण 59,140 करोड़ रुपये था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि जून 2023 में देय नियमित किस्त के अलावा एक अग्रिम किस्त राज्यों को जारी की जा रही है ताकि वे पूंजीगत व्यय में तेजी ला सकें, अपने विकास और कल्याण संबंधी व्यय को वित्तपोषित कर सकें और प्राथमिकता वाली परियोजनाओं और योजनाओं के लिए संसाधन उपलब्ध करा सकें। उत्तर प्रदेश और बिहार को क्रमशः 21,218 करोड़ रुपये और 11,897 करोड़ रुपये की अधिकतम किस्त मिली।

### बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार, सेंसेक्स 99 अंक उछला

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार में सकारात्मक रुख के बीच हफ्ते के पहले कारोबारी दिन सोमवार को शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुआ। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज (बीएसई) का सेंसेक्स 99.08 अंक यानी 0.16 फीसदी की उछाल के साथ 62,724.71 के स्तर पर बंद हुआ है। नेशलन स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 38.10 अंक यानी 0.21 फीसदी की तेजी के साथ 18,601.50 के स्तर पर बंद हुआ है। कारोबार के अंत में सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 20 में तेजी और 10 शेयरों में गिरावट रही है। सेंसेक्स के शेयरों में शामिल इंफोसिस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपीसी, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टीसीएस, नेस्ले, टेक महिंद्रा और बजाज फाइनेंस फायदे में रहे।

# भगोड़ों को सुरक्षित रास्ता देने के बाद सुरक्षित सेटलमेंट की तैयारी में केंद्र

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा उधारदाताओं के बीच समझौता निपटान और तकनीकी राइट-ऑफ के लिए एक रूपरेखा की घोषणा करने के कुछ दिनों बाद, कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने सोमवार को योजना को लेकर केंद्र की आलोचना करते हुए कहा, सुरक्षित रास्ता देने के बाद सरकार अब भगोड़े अपराधियों को सुरक्षित सेटलमेंट देने की तैयारी कर रही है। पार्टी के महासचिव और राज्यसभा सांसद



सुरजेवाला ने इस योजना पर चुटकी ली और कहा, मोदी सरकार, जो देश के आर्थिक अपराधियों और भगोड़ों को 'सुरक्षित मार्ग' देती है, और अब 'सुरक्षित समझौता' देने की तैयारी कर रही है। जनता का पैसा लूटने वाले और बैंक फ्रॉड करने वालों को अब अपराधी नहीं माना जाएगा। उनके साथ समझौता करके फ्रॉड को 'सेट' कर दिया जाएगा..'खूब खाओ, औरों को भी खिलाओ। उनकी टिप्पणी आरबीआई द्वारा 9 जून को उधारदाताओं के बीच समझौता निपटान और तकनीकी राइट-ऑफ के लिए एक रूपरेखा की घोषणा के बाद आई है। मौद्रिक नीति वक्तव्य के साथ आने वाली विकासात्मक और विनियामक नीतियों पर अपने बयान में, आरबीआई ने कहा कि 7 जून, 2019 की 'दबावग्रस्त संपत्तियों के समाधान के लिए विवेकपूर्ण ढांचा' एक व्यापक सिद्धांत-आधारित ढांचा प्रदान करता है, ताकि आगे की गति प्रदान की जा सके। साथ ही सभी विनियमित संस्थाओं में निर्देशों का सामंजस्य स्थापित करने के लिए, यह सभी विनियमित संस्थाओं को कवर करने वाले समझौता निपटान और तकनीकी राइट-ऑफ को नियंत्रित करने वाला एक व्यापक नियामक ढांचा जारी करेगा।

## पेज एक के शेष

### कार्ययोजना बनाकर ...

उनके प्लेसमेंट पर ध्यान दिया जाय। राज्यपाल ने कहा कि विश्वविद्यालय को खेलकूद सहित विभिन्न गतिविधियों के अवसर पर उपायुक्त, आरक्षी अधीक्षक को आमंत्रित करना चाहिए। उन्हें जिला प्रशासन के साथ मिलकर कार्य करना चाहिए। साथ ही विश्वविद्यालय ऐसे सफल उद्योगपतियों और प्रख्यात हस्तियों को आमंत्रित करें, जिससे विद्यार्थियों में प्रेरणा का संचार हो। इससे हमारे विद्यार्थियों को लाभ हों। उन्होंने कहा कि हमें विश्वविद्यालय को ऊपर उठाने का प्रयास करना चाहिये। आप सफलता हासिल करते हैं तो विद्यार्थी सफलता हासिल करते हैं। समीक्षा के क्रम में झारखंड प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में बहुत कम कैम्पस सेलेक्शन पर नाराजगी प्रकट की। उन्होंने चिकित्सा महाविद्यालयों के संदर्भ में चर्चा करते हुए इनकी आधारभूत संरचना विकसित करने और अन्य आवश्यताओं की दिशा में ध्यान देने की बात कही। ताकि सीटों की संख्या में वृद्धि हो सकें। बैठक में विश्वविद्यालय में काउंसलिंग सेंटर स्थापना के संदर्भ में चर्चा की गयी, जिससे शिक्षण संस्थानों में पढ़ने वाले विद्यार्थी अपनी भावनाओं से अवगत करा सकें। राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो ई बालागुरुस्वामी ने विश्वविद्यालयों में शोध पर जोर देते के लिए आधारभूत संरचना विकसित करने की बात कही। उन्होंने कहा कि भारत को विकसित देश बनाने में विश्वविद्यालय की अहम भूमिका है। विश्वविद्यालयों में सकल नामांकन अनुपात में वृद्धि लाना होगा तथा विश्वविद्यालय रोजगार सुलभ कराने की कोशिश करें। उन्होंने कहा कि हमारे विश्वविद्यालय को नैक मूल्यांकन में कम से कम ए-ग्रेड हासिल करने के लिए प्रयास करना चाहिए।
इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव डॉ नितिन कुलकर्णी, राज्यपाल के शैक्षणिक सलाहकार प्रो ई बालागुरुस्वामी सहित राज्य में स्थित विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति-कुलसचिव उपस्थित थे।

### सरकार ने हाईकोर्ट ...

मॉडल जेल मैनुअल के लिए थोड़ा रुकना होगा। नया प्रिजन एक्ट एक माह में फाइनलाइज कर दिया जाएगा, उसके बाद मॉडल जेल मैनुअल नोटिफाइड कर दिया जाएगा। कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा समय देने के आग्रह को स्वीकार करते हुए मामले की सुनवाई 24 जुलाई निर्धारित की है। पूर्व की सुनवाई में एमिकस क्यूरी मनोज टंडन की ओर से कोर्ट को बताया गया था कि केंद्र सरकार ने वर्ष 2016 में मॉडल जेल मैनुअल बनाया है। इसे सारे राज्य सरकार को भेजा गया था और उन्हें इसी के आधार पर मॉडल जेल मैनुअल बनाने को कहा गया था। दूसरे राज्यों में मॉडल जेल मैनुअल बन चुका है लेकिन झारखंड में अब तक नहीं बना है। जब-जब भी हाईकोर्ट में इस मामले की सुनवाई होती है तो सरकार की ओर से कहा जाता है कि मॉडल जेल मैन्युअल बनने का काम प्रोसेस में है। इस पर खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा कि वर्ष 2019 में भी शपथ पत्र दाखिल कर राज्य सरकार की ओर से कहा गया था कि मॉडल जेल मैनुअल बनने का काम प्रोसेस में है, आज भी सरकार यही बात कह रही है। सुप्रीम कोर्ट ने एक केस में जेल रिफॉर्म को लेकर दिशा निर्देश दिया था। इसी के आधार पर हाईकोर्ट ने मामले में स्वतः संज्ञान लिया है।

### धोनी के अदालत ...

अधिकारी के लिखित बयान में न्यायपालिका के खिलाफ टिप्पणी को लेकर अदालत की अवमानना का मामला दर्ज कराते हुए संपत कुमार को सजा देने की मांग की है। तमिलनाडु के महाधिवक्ता आर. शनमुगसुंदरम ने क्रिकेटर को अदालत की अवमानना अधिनियम के तहत अपनी याचिका दायर करने की अनुमति दी थी। शनमुगसुंदरम ने यह स्पष्ट होने के बाद अनुमति दी थी कि लिखित बयान में आईपीएस अधिकारी द्वारा की गई टिप्पणी अदालती कार्यवाही को बदनाम करने वाली है।

### लैंड स्कैम : छवि रंजन...

फर्जी कागजात बनाकर व राजस्व विभाग के कर्मचारियों के मिलीभगत से किए। जमीन के रांची व कोलकाता के कागजातों में छेड़छाड़ किया गया। ईडी ने अबतक की जांच में 41 सर्च व पांच सर्वे किए। ईडी ने रजिस्टार आफ एश्योरेंस कोलकाता और रांची के भू राजस्व विभाग के कार्यालयों से जमीन संबंधी ओरिजनल रिकार्ड भी हासिल किए थे। इसके बाद इसकी जांच डायरेक्टरेट आफ फोरेंसिक साइंस गांधीनगर से करायी। एफएसएल की जांच में छेड़छाड़ की पुष्टि हुई। जिसके बाद रजिस्टार आफ एश्योरेंस ने भी कोलकाता के हेयर स्ट्रीट थाने में एफआईआर दर्ज करायी। इस केस को भी ईडी ने टेकओवर कर लिया है।
सेना जमीन का अजब किस्सा- जयंत करनाड के कागजात भी फर्जी निकले, कोई दावेदार सही नहीं सेना की जमीन पर असली मालिकत्व का दावा करने वाले जयंत करनाड ने भी फर्जी कागजात के जरिए सेना की जमीन हासिल करने की कोशिश की थी। ईडी ने जांच में पाया है कि जयंत करनाड के द्वारा भी जो दस्तावेज अपने अधिवक्ता हिमांशू कुमार मेहता के जरिए पेश किए गए थे, उनकी जांच करायी गई। जयंत करनाड के पक्ष में भी कागजातों की हेरफेर पूर्व में हुई थी। इसके बाद उन्होंने जमीन पर अपना दावा ठोंका था। हाईकोर्ट से भी इन्हीं कागजातों के आधार पर अपने पक्ष में आर्डर भी जयंत करनाड ने हासिल कर लिया था। इसके बाद जयंत करनाड ने 14 लोगों को जमीन की रजिस्ट्री कर दी थी। ईडी ने जांच में पाया है कि जयंत करनाड ने भी सेना की जमीन को हासिल करने के लिए 1.29 करोड़ की राशि खर्च की।ईडी ने जयंत करनाड से जब पूछताछ की थी, तब उसने कबूल किया था कि उसके पास जमीन के कोई कागजात नहीं थे। अधिवक्ता हिमांशू के कहने पर अलग अलग खातों में जयंत ने 2 फरवरी 2019 को मंजूश्री पात्रा को चेक के जरिए 2.50 लाख, श्रेष्ठ मेहता को 2.50 लाख, चार फरवरी व सात फरवरी 2019 को हिमांशू कुमार मेहता को 60-60 लाख व सात फरवरी 2019 को महतो पी देव को 4 लाख का भुगतान किया गया था।
**35 फर्जी डीड के जरिए हुआ जमीन कब्जा :** ईडी की जांच में यह बात सामने आयी है कि रांची में सेना, बजरा व बरियातू के चेशायर होम रोड के जमीन के साथ कुल 35 जमीन की डीड से फजीर्वाड़ा कोलकाता के रजिस्ट्रार आफ एश्योरेंस और रांची के भू राजस्व कार्यालयों से किया गया था। इन सभी जमीन के फजीर्वाड़े की जांच ईडी कर रही है। ईडी ने जांच में पाया है कि अधिकांश जगह पर प्रभावशाली लोगों ने जमीन लूट की।

### सेवानिवृत के बाद ...

जस्टिस हेमंत गुप्ता भी इस फेहरिस्त में शामिल हैं। वो 16 अक्टूबर 2022 को रिटायर हुए थे। इसी साल 22 दिसंबर को उन्हें नई दिल्ली इंटरनेशनल आर्बिट्रेशन सेंटर के अध्यक्ष की कुर्सी मिल गई। एस अब्दुल नजीर 4 जनवरी 2023 को सेवानिवृत्त हुए। 12 फरवरी को वो आंध्र प्रदेश के राज्यपाल नियुक्त हो गए। पूर्व सीजेआई रंजन गोगोई 17 नवंबर 2019 को सेवानिवृत हुए थे। 19 मार्च 2020 को वो राज्यसभा सदस्य मनोनीत किए गए।

### पीएम मोदी की ...

कि उन्हें खाना बहुत पसंद है और थाली भारतीय समुदाय के बीच बेहद लोकप्रिय है। हालांकि, थाली की कीमत का जिक्र नहीं किया गया है। इसी तर्ज पर पिछले साल दिल्ली के एक रेस्तरां ने भी पीएम को उनके जन्मदिन के मौके पर थाली लॉन्च की थी। दिल्ली के कनॉट प्लेस में स्थित एक रेस्टोरेंट ने 56 आइटम वाली एक बड़े आकार की थाली लॉन्च की, जिसमें ग्राहक के पास शाकाहारी और मांसाहारी डिश चुनने का ऑप्शन था।
**प्रधानमंत्री मोदी के सम्मान राजकीय रात्रिभोज :** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 21-24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर जा रहे हैं। वाशिंगटन की यह उनकी पहली राजकीय यात्रा होगी। अपनी यात्रा के दौरान पीएम मोदी की मेजबानी अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन और प्रथम महिला जिल बिडेन के तरफ से व्हाइट हाउस में एक राजकीय रात्रिभोज में की जाएगी। इस बात की जानकारी पिछले सप्ताह विदेश मंत्रालय ने दी थी। इस बीच अमेरिका के सरकार ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का यूएस यात्रा अमेरिका और भारत के बीच गहरी और करीबी साझेदारी को दिखाने का एक मौका देगा।

## विदेश

### इटली के पूर्व प्रधानमंत्री बर्लुस्कोनी का निधन

**रोम।** 1994 से 2011 तक इटली के प्राइम मिनिस्टर रहे सिल्वियो बर्लुस्कोनी का सोमवार को निधन हो गया। उन्हें 9 साल से ब्लड कैंसर था। इटली में फिलहाल जो सरकार है, उसमें सिल्वियो की फोर्जा पार्टी भी सहयोगी है। बर्लुस्कोनी को इटली में मीडिया टायकून भी कहा जाता है। 2017 में उन्होंने दावा किया था कि वो एक बार फिर प्रधानमंत्री बनेंगे। हालांकि, उस वक्त उन पर कई सेक्स स्कैंडल्स में शामिल होने के आरोप थे और कुछ गवाह भी सामने आ चुके थे। बर्लुस्कोनी 1986 से 2017 तक इटली के फुटबॉल क्लब एसी मिलान के मालिक भी रहे। बर्लुस्कोनी 1986 से 2017 तक इटली के फुटबॉल क्लब एसी मिलान के मालिक भी रहे। ला इटालिया की एक रिपोर्ट के मुताबिक- 2011 में कुर्सी गंवाने के बाद बर्लुस्कोनी के सितारे गर्दिश में आ गए। उन पर सेक्स स्कैंडल्स, करप्शन और टैक्स फ्रॉड के कई आरोप लगते चले गए।

### जॉर्ज सोरोस के बेटे एलेक्स पांच भाईयों में से दूसरे नंबर पर

# 25 अरब डॉलर का सौंपा साम्राज्य

**एजेंसी। वाशिंगटन**

अमेरिकी अरबपति जॉर्ज सोरोस ने अपने 25 अरब डॉलर के वित्तीय और धर्मार्थ साम्राज्य की बागडोर अपने बेटे एलेक्स को यह कहते हुए सौंप दी है कि एलेक्स ने इसे अर्जित किया है। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, 37 वर्षीय एलेक्स, जिन्होंने न्यूयॉर्क विश्वविद्यालय में इतिहास का अध्ययन किया और कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, बर्कले से पीएचडी की उपाधि प्राप्त की, 92 वर्षीय हंगरी में जन्मे फाइनेंसर के पांच बच्चों में से दूसरे सबसे छोटे हैं। सोरोस फंड मैनेजमेंट के लिए निवेश समिति में बैठने वाला एलेक्स एकमात्र परिवार का सदस्य है, जो द वॉल स्ट्रीट जर्नल के अनुसार परिवार और धर्मार्थ नींव



के लिए 25 बिलियन डॉलर का प्रबंधन कर रहा है। उन्होंने दिसंबर 2022 में ओपन सोसाइटी फाउंडेशन (ओएसएफ) के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला और अपने पिता के राजनीतिक दलों को धन निर्देशित करने के लिए अमेरिकी तंत्र सुपर पीएसी के प्रभारी भी हैं। द वॉल स्ट्रीट जर्नल को दिए एक साक्षात्कार में, जॉर्ज सोरोस, जिनकी निजी दौलत 6.7 बिलियन डॉलर आंकी गई है, ने कहा कि उनके बेटे ने इसे कमाया है। बीबीसी ने बताया, जॉर्ज सोरोस डेमोक्रेटिक पार्टी के सबसे बड़े दानदाताओं में से एक हैं, और एलेक्स ने जर्नल से बात करते हुए कहा कि वह अपने पिता की तुलना में अधिक राजनीतिक हैं और वह अमेरिकी राष्ट्रपति के रूप में दूसरे कार्यकाल के लिए डोनाल्ड ट्रम्प के प्रयास के खिलाफ प्रचार करेंगे। अलेक्जेंडर ने कहा, हम घर में मतदान के अधिकार और व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा करने और विदेशों में लोकतंत्र के कारण का समर्थन करने जा रहे हैं। जितना मैं राजनीति से पैसा निकालना पसंद करूंगा, जब तक दूसरा पक्ष ऐसा कर रहा है, हमें भी ऐसा करना होगा। उन्होंने कहा कि ओपन सोसाइटी फाउंडेशन उसी उद्देश्य को आगे बढ़ाएगा, जो उनके पिता के अधीन था।

## लॉन्च

### रेडियो सिटी ने किया नया वाइब्रेंट जिंगल लॉन्च

# बॉलीवुड की कई हस्तियां हुईं शामिल

मुंबई। रेडियो सिटी ने जेन जेड को आकर्षित करने के लिए एक नया वाइब्रेंट जिंगल 'सिटी की नई वाइब' पेश किया है जो लोकप्रिय ट्रैक 'रग रग में दौड़े सिटी' का आधुनिक नया स्वरूप है। जिंगल को दुबई में रेडियो सिटी के बिजनेस टाइटन्स इवेंट में लॉन्च किया गया, जिसमें बॉलीवुड हस्तियां सुनील शेट्टी, करिश्मा तन्ना, कायनात अरोड़ा और निमरत कौर शामिल हुईं। लगातार बदल रहे श्रोताओं की नब्ज को समझते हुए रेडियो सिटी ने अपने अनुभवों में कूलनेस की चाह रखने वाले जिंदादिल जेन जेड दर्शकों की जरूरतों को पूरा करने के लिए नया स्टेशन म्यूजिक तैयार किया है। नया लॉन्च किया गया जिंगल रेडियो स्टेशन को एक युवा, जीवंत और मस्ती से भरा वाइब देने के लिए डिजाइन किया गया है, जो 39 बाजारों में दर्शकों के साथ सटीक तारतम्य स्थापित करेगा। अद्भुत ऊर्जा, एक कंटेम्प्ररी ध्वनि और एक निर्विवाद फन फैक्टर के साथ, जिंगल में एक आकर्षक और उत्साही



वातावरण बनाने की पूरी क्षमता है। रेडियो सिटी के सीईओ अशित कुकियन ने कहा, हमारा नया जिंगल सर्वश्रेष्ठ संगीत और कंटेंट का अनुभव प्रदान करने की हमारी ब्रांड आइडेंटिटी को और आगे ले जाने के लिए तैयार है, जिससे हम सार्थक मायनों में कर्व से आगे रह सकें। प्रसिद्ध गायिका निखिता गांधी और दिव्या कुमार ने नए जिंगल को अपनी मोहक आवाज दी है। अपने सुपरहिट गानों के लिए जानी जाने वाली निखिता ने रेडियो सिटी के नए स्टेशन साउंड की आवाज बनने पर अपना उत्साह व्यक्त किया। उन्होंने जिंगल की वाइब और युवाओं की आकांक्षाओं और ऊर्जा के साथ इसके सही तालमेल की प्रशंसा की। दिव्या का कहना है कि 'रग-रग में दौड़े सिटी' का संक्रामक नया संस्करण आधुनिकता और युवा जीवंतता के सार को पूरी तरह से बनाए रखता है। दिव्या ने कहा, मैं रेडियो सिटी के साथ सहयोग करने और इस परियोजना को अपनी आवाज देने के लिए बेहद भाग्यशाली महसूस कर रही हूं, क्योंकि वे लगातार उत्कृष्टता के लिए प्रयास करते हैं। अपने दक्षिण भारतीय श्रोताओं के लिए रेडियो सिटी ने तमिल के लिए कृतिका नेल्सन, निकिता गांधी और जितिन राज; कन्नड़ के लिए शशांक शेषगिरि और संगीता राजीव; तथा तेलुगु के लिए लालासा राचपुडी और एल.वी. रेवंत जैसे कई गायकों को जोड़ा है। रेडियो सिटी अपनी पहुंच और प्रभावशीलता को अधिकतम करने के लिए विभिन्न मार्केटिंग चैनलों में नए स्टेशन साउंड को शामिल करेगा। इसके अतिरिक्त, जिंगल को सोशल मीडिया चैनल्स, स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म्स और इसकी वेबसाइट सहित विभिन्न डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर इस्तेमाल किया जाएगा। आशित ने कहा, हम इन चैनलों का लाभ अपने दर्शकों के साथ जुड़ने, चर्चा पैदा करने और प्रतियोगिता, प्रचार और हुक स्टेप चुनौतियों के माध्यम से जिंगल के आसपास उपयोगकर्ता-जनित कंटेंट को प्रोत्साहित करने के लिए करेंगे।

### ट्विटर अब ब्लू यूजर्स को नॉन-फॉलोअर्स को डीएम भेजने की देगा अनुमति

**सैन फ्रांसिस्को।** एलन मस्क ने सोमवार को कहा कि ट्विटर इस सप्ताह एक नया अपडेट जारी करेगा, जो ब्लू यूजर्स को आपका अनुसरण नहीं करने वाले लोगों को डीएम भेजने की क्षमता को सीमित कर देगा। एक ट्विटर यूजर्स ने पोस्ट किया, मेरे डीएम अभी बॉट सेंट्रल बन गए हैं। यह कभी भी खराब नहीं था। इसके लिए ट्विटर समाचार प्रदान करने पर केंद्रित एक अकाउंट ने टिप्पणी की, आने वाले हफ्तों में आपका डीएम स्पैम काफी कम होना चाहिए। मस्क ने जवाब दिया, उम्मीद है कि इस हफ्ते अपडेट जारी किया जाएगा। जैसा कि मैंने कई बार कहा है, एआई बॉट्स के बीच अंतर करना लगातार मुश्किल होता जा रहा है। जल्द ही यह असंभव हो जाएगा। केवल 'सोशल नेटवर्क' जो जीवित रहेंगे वे होंगे जिन्हें सत्यापन की आवश्यकता है। भुगतान प्रणाली सत्यापन का एक साधन है जो बॉट की लागत को 10,000 बढ़ा देती है। मस्क के पोस्ट पर कई यूजर्स ने अपने विचार व्यक्त किए। एक यूजर्स ने कहा, ट्विटर ब्लू को इसे ठीक करना चाहिए था।

# KASHYAP'S DENTAL CLINIC

**Dr. Vaibhav Kashyap**

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist &
Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

**Facilities**

- आरसीटी
- पायरिया का ईलाज
- टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
- स्माईल डिजाइन
- इनविजिवल क्लिप
- दंत रोपण
- फिक्स दाँत लगाना
- अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


जी-20 देशों के विकास मंत्रियों के वर्चुअल संबोधन में बोले पीएम

# दुनिया के विकास में भारत हरसंभव मदद को तैयार

### काशी की आत्मा भारत की कालातीत परंपराओं से ऊजार्वान



**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि दुनिया के विकास में भारत हरसंभव मदद को तैयार है। भारत अपने अनुभव बांटने को तैयार है। दुनिया को बचाने के लिए पर्यावरण पर ध्यान देना बेहद जरूरी है। हम नदियों, पेड़ों का सम्मान करते हैं। वाराणसी में तीन दिवसीय चल रही जी-20 बैठक में सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए जुड़कर प्रतिनिधियों का स्वागत किया। इस दौरान मोदी ने संबोधित करते हुए कहा कि विकास, वैश्विक दक्षिण के लिए एक प्रमुख मुद्दा है। वैश्विक दक्षिण के देश वैश्विक कोविड महामारी से उत्पन्न व्यवधान से गंभीर रूप से प्रभावित थे और भू-राजनीतिक तनाव के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट ने एक और झटका दिया है। ऐसी परिस्थितियों में आप जो निर्णय लेते हैं उसका बहुत महत्व होता है। दुनिया के विकास में भारत हरसंभव मदद को तैयार है।

इसके साथ ही उन्होंने बैठक की सफलता की कामना और अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा -'काशी की आत्मा भारत की कालातीत परंपराओं से ऊजार्वान है। मुझे उम्मीद है कि आप अपना सारा समय मीटिंग रूम में नहीं बिताएंगे। मैं आपको प्रोत्साहित करता हूं कि आप बाहर जाएं। अन्वेषण करें और काशी की भावना का अनुभव करें। और, मैं ऐसा केवल इसलिए नहीं कहता कि काशी मेरा निर्वाचन क्षेत्र है। मुझे विश्वास है कि गंगा आरती और सारनाथ की यात्रा का अनुभव आपको वांछित परिणाम प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा।'

प्रधानमंत्री ने वीडियो सम्बोधन में कहा- 'मैं लोकतंत्र की जननी के सबसे पुराने जीवित शहर (बनारस) में आप सभी का हार्दिक स्वागत करता हूं। काशी सदियों से ज्ञान, चर्चा, संस्कृति और अध्यात्म का केंद्र रही है। इसमें भारत की विविध विरासत का सार है।'

उन्होंने कहा -'वैश्विक दक्षिण के लिए विकास एक मुख्य मुद्दा है। ग्लोबल साउथ के देश वैश्विक कोविड महामारी द्वारा उत्पन्न व्यवधानों से बुरी तरह प्रभावित हुए हैं। भू-राजनीतिक तनावों के कारण खाद्य, ईंधन और उर्वरक संकट ने एक और झटका दिया है। ऐसी परिस्थितियों में, आपके द्वारा लिए गए निर्णय पूरी मानवता के लिए बहुत मायने रखते हैं। मेरा दृढ़ विश्वास है कि यह हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है कि हम सतत विकास लक्ष्यों को पीछे न जाने दें। हमें यह सुनिश्चित करना चाहिए कि कोई भी पीछे न छूटे। इस समूह के लिए दुनिया को एक मजबूत संदेश देना अनिवार्य है कि इसे हासिल करने के लिए हमारे पास एक कार्य योजना है। मैं जी-20 विकास मंत्रियों से विकास के इस मॉडल का अध्ययन करने का आग्रह करता हूं।'

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा- 'यह प्रासंगिक हो सकता है क्योंकि आप एजेंडा 2030 को गति देने की दिशा में काम कर रहे हैं। भारत में डिजिटलीकरण ने क्रांतिकारी परिवर्तन लाया है। हमने 100 से अधिक आकांक्षी जिलों में लोगों के जीवन को बेहतर बनाने के प्रयास किए हैं जो अल्प-विकास वाले पॉकेट थे। प्रौद्योगिकी का उपयोग लोगों को सशक्त बनाने, डेटा को सुलभ बनाने और समावेशिता सुनिश्चित करने के लिए एक उपकरण के रूप में किया जा रहा है। भारत महिला सशक्तिकरण तक ही सीमित नहीं है बल्कि महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास तक फैला हुआ है। मैं आपसे महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास के लिए गेम-चेंजिंग एक्शन प्लान अपनाने का आग्रह करता हूं।'

प्रधानमंत्री ने कहा -'भारत में हम नदियों, पेड़ों, पहाड़ों और प्रकृति के सभी तत्वों का बहुत सम्मान करते हैं। पारंपरिक भारतीय विचार एक ग्रह-समर्थक जीवन शैली को बढ़ावा देता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले साल, संयुक्त राष्ट्र महासचिव के साथ, मैंने मिशन लाइफ- लाइफस्टाइल लॉन्च किया था। मुझे खुशी है कि यह समूह लाइफ पर उच्च स्तरीय सिद्धांतों का एक सेट विकसित करने के लिए काम कर रहा है।



'रथ यात्रा' से पहले भगवान जगन्नाथ की मूर्तियों को अंतिम रूप देता एक कलाकार। *(फोटोः आईएएनएस/अशोक नाथ डे)*

गहलोत-पायलट के झगड़े पर राजे ने कहा

# 'गद्दी के लिए लड़ाई, एक-दूसरे पर चलाए जा रहे तीर'

**एजेंसी। जयपुर**



पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कांग्रेस में गहलोत और पायलट खेमे के बीच चल रहे सत्ता संघर्ष पर तीखा प्रहार करते हुए कहा कि एक समय था जब अपने पिता के आदेश पर भगवान राम राजगद्दी छोड़कर 14 साल के वनवास में चले गए थे। भरत को राजगद्दी पर बिठाने की भी तैयारी की गई, लेकिन उन्होंने त्याग की मिसाल पेश की। राजगद्दी पर बड़े भाई राम की चरण पादुका रखकर उन्होंने राज किया, लेकिन खुद गद्दी से दूर रहे। भाइयों ने कुबार्नी दी और देखिए कि आज दोनों कैसे गद्दी के लिए लड़ रहे हैं। राजे रविवार को ऋषिकेश में संत चिदानंद जी सरस्वती द्वारा आयोजित राम कथा में बोल रही थीं। पूर्व सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रयासों से अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर बन रहा है। उन्होंने कहा कि जब धर्म और राजनीति साथ-साथ चलते हैं तो राम राज्य का सपना साकार होता है। कहा, हृदय में राम बसा लो। मन में राम नाम जप लो। फिर कोई कुछ बिगाड़ नहीं सकता, लेकिन राम जपते हुए किसी को छुरा मत मारो जैसा कि आजकल हो रहा है।

### असमः बीजेपी महिला नेता की हत्या कर शव हाईवे के पास फेंका



**गुवाहाटी।** असम के गोलपारा जिले में भाजपा की एक महिला नेता की कथित तौर पर हत्या कर दी गई और शव को हाईवे के पास फेंक दिया गया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। मृतका की पहचान जोनाली नाथ के रूप में हुई है जो पार्टी की जिला सचिव के पद पर कार्यरत थी। वह ग्वालपाड़ा के मटिया गांव की रहने वाली थी। ग्रामीणों ने रविवार रात शालपारा इलाके के पास नेशनल हाईवे 17 से शव बरामद किया, जिन्होंने पुलिस को सूचित किया। पुलिस मौके पर पहुंची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

## शरद पवार को धमकी देने वाला शख्स हुआ गिरफ्तार

**एजेंसी। पुणे**



राकांपा के अध्यक्ष शरद पवार को सोशल मीडिया पर धमकी देने वाले आईटी इंजीनियर को पुणे से अपराध शाखा ने गिरफ्तार किया गया है। आधिकारिक सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने आज यहां बताया कि आरोपी की पहचान सागर बर्वे (34) के रूप में हुई है। मुंबई अपराध शाखा दल ने पुणे से गिरफ्तार किया है। आरोपी बर्वे को स्थानीय अदालत में पेश किया गया। अदालत ने उसे पुलिस हिरासत में भेज दिया। उन्होंने बताया कि मुंबई अपराध शाखा ने लोकमान्य तिलक मार्ग थाने में यह मामला दर्ज किया और अपराधी को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया गया था। अब पुलिस आरोपी से पवार को धमकी भरा संदेश भेजने के बारे में पूछताछ कर रही है। सूत्रों के अनुसार पवार को धमकी मिलने पर पार्टी कार्यकतार्टों ने राज्यभर में प्रदर्शन किया था। इसी दौरान पवार की पुत्री सुप्रिया सुले के नेतृत्व में राकांपा के एक प्रतिनिधिमंडल ने मुंबई पुलिस आयुक्त से मुलाकात की थी।

## पीएम मोदी 70 हजार लोगों को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मंगलवार को वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से करीब 70 हजार लोगों को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। इस अवसर पर वह नियुक्ति पत्र पाने वालों को संबोधित भी करेंगे। देश भर में 43 स्थानों पर 13 जून को रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। ये नियुक्तियां केंद्र सरकार और राज्य सरकारों के विभिन्न विभागों में की जा रही हैं। इनमें वित्तीय सेवा, पोस्ट, रक्षा, स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा, राजस्व, स्वास्थ्य तथा अन्य विभाग शामिल हैं।

## हरदोई जेल में बंद माफिया खान मुबारक की मौत

अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन का रहा है शॉर्प शूटर

**एजेंसी। हरदोई**



उत्तर प्रदेश जैसे जैसे गुंडे, माफियाओं और अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई चल रही है, वैसे-वैसे अपराधियों के मन में कानून का खौफ बढ़ता जा रहा है। मुख्तार अंसारी, अतीक अहमद, बृजेश सिंह और मुन्ना बजरंगी जैसे नाम खासे चर्चित रहे हैं, इन सबके बीच खान मुबारक भी ऐसा गैंगस्टर रहा जिसने इलाहाबाद और उसके आसपास के इलाकों में खूब दहशत फैलाई। बढ़ती दहशत खान मुबारक को अंडरवर्ल्ड डॉन छोटा राजन तक ले गई। जिला कारागार में बंद खान की हालत बिगड़ गई। जिसके चलते वो कई दिनों बीमार चल रहा था। सोमवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई।




## सेट पर वापस आकर अच्छा महसूस कर रही हूं : मिनिषा लांबा



**2005** में फिल्म 'यहां' से फिल्मी करियर की शुरूआत करने वाली मिनीषा लांबा लंबे अंतराल के बाद अमेजन मिनी टीवी सीरीज 'बदतमीज दिल' के साथ वापसी कर रही हैं। वह कहती हैं कि काम के लिए सेट पर वापस आकर अच्छा लग रहा है। मुंबई में 'बदतमीज दिल' के लिए आयोजित एक विशेष स्क्रीनिंग में अभिनेत्री ने अपनी वापसी और शो के बारे में बात की। 'वेल डन अब्बा' में रहा उनका किरदार दर्शकों के दिलों में बसा हुआ है। यह पूछे जाने पर कि इतने लंबे समय के बाद वापस आकर कैसा लगा, मिनिषा ने कहा, सेट पर वापस आकर मैं अच्छा महसूस करती हूं। इससे अपने मकसद का एहसास होता है। सुबह उठती हूं और कुछ ऐसा होना रहता है, जिसकी प्रतीक्षा करती हूं। शो के बारे में बात करते हुए उन्होंने कहा, यह प्यार के बारे में एक सुलझी हुई कहानी है।

### नवाजुद्दीन अभिनीत फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू' 23 जून को ओटीटी पर होगी रिलीज



**अपकमिंग** फिल्म 'टीकू वेड्स शेरू', जिसमें नवाजुद्दीन सिद्दीकी और अवनीत कौर मुख्य भूमिकाओं में हैं, 23 जून को ओटीटी पर रिलीज होगी। यह फिल्म टीकू और शेरू की प्रेम और जुनून की विचित्र कहानी बताती है, जो विपरीत व्यक्तित्व वाले कपल हैं, जो अपने सपनों की खोज में समय की कसौटी पर खरे उतरते हैं। फिल्म का निर्देशन साईं कबीर श्रीवास्तव ने किया है और इसमें दो सनकी किरदार हैं, जो बॉलीवुड में कुछ बड़ा करना चाहते हैं। फिल्म सांसारिक अराजकता और चुनौतियों के माध्यम से उनकी यात्रा को प्रस्तुत करती है। फिल्म की क्रिएटिव प्रोड्यूसर कंगना रनौत ने एक बयान में कहा, 'मणिकर्णिका फिल्म्स के तहत बनी ये पहली फिल्म मेरे लिए एक बहुत ही खास है।

**कार्यक्रम** लोस अध्यक्ष ने पीवीटीजी समूह के सदस्यों का संसद भवन में किया स्वागत, कहा

# वनवासियों का प्रकृति के साथ सामंजस्य अनुकरणीय

**एजेंसी। नई दिल्ली**



लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में संसदीय लोकतंत्र शोध एवं प्रशिक्षण संस्थान (प्राइड) द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूहों (पीवीटीजी) के सदस्यों को संबोधित किया। इस अवसर पर जनजातीय मामलों के मंत्री, अर्जुन मुंडा और जनजातीय मामलों की राज्य मंत्री, रेणुका सिंह सरुता भी उपस्थित थीं।

संसद भवन के ऐतिहासिक केन्द्रीय कक्ष में प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए बिरला ने देश के सबसे वंचित समूह के सदस्यों को संसद भवन में आमंत्रित करने की अनूठी पहल की सराहना की। उन्होंने भारत की स्वतंत्रता के संघर्ष में भगवान बिरसा मुंडा और अन्य आदिवासी नेताओं द्वारा दिए गए योगदान का उल्लेख किया।

बिरला ने आधुनिक भारत के इतिहास में केन्द्रीय कक्ष के महत्व की बात करते हुए कहा कि केन्द्रीय कक्ष उन सभी लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है, जो संविधान से सभी देशवासियों को प्राप्त हुए हैं। बिरला ने कहा कि केन्द्रीय कक्ष भारत की आजादी का गवाह था और यहीं पर संविधान निमार्ताओं ने सभी भारतीयों को समानता, न्याय और स्वतंत्रता की गारंटी दी थी। पिछड़ेपन को दूर करने की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए उन्होंने इसे संविधान में शामिल किया। इस संदर्भ में बिरला ने इस बात का उल्लेख किया कि सभी वर्गों को समान अधिकार और स्वतंत्रता के साथ-साथ आर्थिक और सामाजिक समानता प्रदान की जानी चाहिए। बिरला ने भेदभाव का सामना करने वाले आदिवासी लोगों को विशेष सुरक्षा प्रदान करने के लिए संविधान सभा की सराहना की। प्रकृति, परंपरा और संस्कृति के ज्ञान की जनजातीय विरासत के संदर्भ में बिरला ने इस बात की ओर ध्यान दिलाया कि प्राचीन काल से ही वनवासियों ने प्रकृति के साथ तालमेल से रहने का अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। उन्होंने कहा कि आदिवासियों और विशेष रूप से पीवीटीजी की जीवन शैली हमेशा प्रकृति के अनुरूप रही है और आधुनिक दुनिया को उनसे बहुत कुछ सीखना है। बिरला ने प्रधानमंत्री पीवीटीजी मिशन की सराहना की, जिसके अंतर्गत इस समूह के सामाजिक-आर्थिक विकास के लिए अगले तीन वर्षों में 15,000 करोड़ रुपये आवंटित किए जाएंगे। उन्होंने वनोपज के साथ-साथ आदिवासी लोगों की कला और शिल्प की भी बात की, जिसके अनूठेपन के कारण इनकी मांग पूरी दुनिया में बढ़ी है। बिरला ने यह भी कहा कि इससे इन परंपराओं को जीवित रखा जा सकेगा और साथ ही ऐसे समूहों के बारे में जानकारी का प्रसार करने में मदद मिलेगी। बिरला ने कहा कि इसके माध्यम से पीवीटीजी अपने पारंपरिक मूल्यों और शिल्प को भी संरक्षित कर सकते हैं। बिरला ने आशा व्यक्त की कि पिछली कई सदियों की समझदारी के साथ पीवीटीजी किसी भी चुनौती का सामना करने और सभी लोगों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर चलने के लिए तैयार रहेंगे।

## अनुप्रिया ने 'असुर 2' की सफलता का श्रेय निर्देशक ओनी सेन को दिया



**क्राइम** थ्रिलर सीरीज 'असुर' और 'असुर 2' में नैना नायर की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री अनुप्रिया गोयनका सीजन 2 को मिल रही प्रतिक्रिया से काफी खुश हैं। अभिनेत्री शानदार प्रतिक्रिया के लिए शो के निर्देशक ओनी सेन को श्रेय देती हैं। अभिनेत्री ने साझा किया कि वह निर्देशक के व्यक्तित्व से प्रभावित थीं। उन्होंने कहा, शो के सीजन 1 के लिए मैंने अपने कैरेक्टर के बजाय शो में शामिल लोग और स्टोरीलाइन पर विश्वास किया। मैं ओनी के व्यक्तित्व से प्रभावित थी। वह बहुत दिलचस्प हैं। दूसरे सीजन के लिए हां कहने पर उन्होंने कहा, दूसरे सीजन के लिए, गौरव शुक्ला ने वास्तव में पहले से अच्छा प्रदर्शन किया है। उन्होंने इतनी सारी परतें बनाई हैं, शो में बहुत कुछ हो रहा है। ओनी बहुत ही बारीकी से चीजों को देखते हैं। मैं शो के सभी कलाकारों की ओर से कह सकता हूं कि हमें उन पर पूरा भरोसा है। 'असुर 2', जिसमें अरशद वारसी, बरुण सोबती, रिद्धि डोगरा, अमेय वाघ, विशेष बंसल भी हैं, जियो सिनेमा पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।